रायपुर, मंगलवार
02 जुलाई 2024
आषाढ़ कृष्ण पक्ष एकादशी-2081
वर्ष : 12 अंक -50, कीमत -₹ 3.00
कुल पृष्ठ संख्या : 12
रायपुर-आरएनआई रजि. CHHHIN/2013/50728
Postal Regn No. C.G./RYP DN/46/2023-25

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.amanpath.in
# अमन पथ
रायपुर एवं जगदलपुर से एक साथ प्रकाशित
इरादा सच का



हिंदू हिंसा करते हैं, झूठ बोलते हैं और नफरत फैलाते हैं, यह बोलकर राहुल गांधी ने करोड़ों हिंदुओं का अपमान किया है। इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए।
- अमित शाह, केन्द्रीय गृहमंत्री

## न्यूज विंडो

### जैन समाज का चातुर्मास 20 जुलाई से प्रारंभ

**रायपुर।** नगर में इस वर्ष भी जैन समाज के अनेक चातुर्मास हो रहे हैं। फलस्वरूप जैन संतों व साध्वियों के आगमन भी प्रारंभ हो चुके हैं। उक्त जानकारी देते हुए सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश बरलोटा ने बताया कि इस वर्ष चातुर्मास 20 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है।

### मेधा पाटकर को 5 महीने की सजा



**नई दिल्ली।** देश की नामी सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को मानहानि केस में दिल्ली की एक अदालत ने 5 महीने की सजा सुनाई है। यह मामला दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना से जुड़ा है। एलजी सक्सेना ने सोशल वर्कर पाटकर के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दायर किया है। दोनों के बीच दिल्ली के साकेत कोर्ट में 2000 से कानूनी लड़ाई चल रही थी।

### नक्सलियों ने की ग्रामीण की हत्या

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा एक ग्रामीण की हत्या कर शव को सड़क पर फेंकने की घटना सामने आई है। नक्सलियों ने ग्रामीण के शव पर एक पर्चा भी रखा है, जिसमें उसे पुलिस का मुखबिर बताया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों ने 30 वर्षीय सन्नू उसेंडी पिता डोगे उसेंडी की पुलिस की मुखबिरी में हत्या कर दी। ग्रामीण का शव 30 जून की रात बटुमपारा चौक ओरछा में पड़ा मिला। सन्नू बांस शिल्प कॉलोनी नारायणपुर का रहने वाला था।

### यह भी पढ़ें

4 मेहनत और संकल्प से जीवन में सफलता पाएं...
6 शराब के नशे में विवाद, छोटे भाई ने की बड़े भाई की हत्या...
8 श्री अमरनाथ यात्रा का चौथा जत्था जम्मू बेस कैंप से...
9 दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना परिसर में वृहद...

### नाटो महासचिव ने चीन पर लगाया आरोप



**टोक्यो।** नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने चीन पर द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप में सबसे बड़े सैन्य संघर्ष को भड़काने का आरोप लगाया है। उन्होंने जापानी अखबार योमिउरी को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि रूस चीन से आयातित उन्नत तकनीक की सहायता से मिसाइलों और ड्रोन का उत्पादन कर रहा है, जो बीजिंग को सबसे बड़े संघर्ष को भड़काने के लिए जिम्मेदार बनाता है।

### सहायक ग्रेड-3 परीक्षा 28 जुलाई को


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के लिए सहायक ग्रेड 03 पद हेतु प्रथम स्तर के लिखित परीक्षा 28 जुलाई को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए सरगुजा, बिलासपुर, जगदलपुर, दुर्ग और रायपुर में केन्द्र बनाया गया। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के वेबसाइट पर आवेदक द्वारा सहायक ग्रेड-3 के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा किए गए थे। सभी आवेदित अभ्यर्थियों को प्रथम स्तर की लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिए छत्तीसगढ़ व्यापम के वेबसाइट में जाकर पंजीयन कराना आवश्यक होगा। तथा परीक्षा जिला का चयन करना अनिवार्य होगा। व्यापम के वेबसाईट पर परीक्षा के लिए पंजीयन व जिला चयन की प्रारंभिक तिथि 2 जुलाई तथा अंतिम तिथि 16 जुलाई निर्धारित की गई है।

# मंत्री के सचिवालय से महत्वपूर्ण सरकारी फाइल गायब, शिकायत दर्ज

## कुछ अधिकारियों की लापरवाही से विष्णु सरकार की छवि को नुकसान हो रहा

अमन पथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रशासनिक कसावट लाने के प्रयास कर रहे हैं, वहीं कुछ अधिकारियों की लापरवाही से सरकार की छवि को नुकसान हो रहा है। हाल ही में, एक महत्वपूर्ण सरकारी फाइल गायब हो जाने की घटना ने प्रशासनिक हलकों में हलचल मचा दी है। प्रदेश के कद्दावर मंत्री रहे बृजमोहन अग्रवाल के सचिवालय से पिछले तीन महीने से एक महत्वपूर्ण सरकारी फाइल गायब हो चुकी है। यह फाइल छत्तीसगढ़ के संस्कृति विभाग द्वारा निगम, मंडल, आयोग में पदाधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में थी। मुख्यमंत्री सचिवालय के आदेशित पत्र पर तत्कालीन विभागीय मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को 18 जनवरी 2024 को विभाग ने यह फाइल प्रस्तुत की थी। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने नोटशीट पर दस्तखत करके फाइल को सचिव को मार्क किया और 13 मार्च 2024 को इसे संस्कृति विभाग को भेजा। लेकिन, तत्कालीन मंत्री के सचिवालय के अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह फाइल संस्कृति विभाग तक नहीं पहुंच पाई।



### इस प्रकार की घटनाएं चिंता का विषय

इस घटना को लेकर आवेदक ने मुख्यमंत्री सचिवालय के सचिव पी दयानंद, मुख्य सचिव अमिताभ जैन और विभागीय सचिव अन्बलगन पी से लिखित शिकायत की है। मुख्यमंत्री सचिवालय इस मामले में सख्त कार्रवाई की उम्मीद कर रहा है। छत्तीसगढ़ के प्रशासनिक ढांचे में इस प्रकार की घटनाएं चिंता का विषय हैं। यह घटना बताती है कि प्रशासनिक कसावट के बावजूद कुछ अधिकारियों की लापरवाही सरकार की छवि को प्रभावित कर सकती है।

### ऐसे हुआ मामले का खुलासा

जब इस मामले पर संबंधित आवेदक ने विभागीय सचिवालय से जानकारी चाही, तो पता चला कि लोकसभा चुनाव के आचार संहिता खत्म होने के बाद भी मंत्री के सचिवालय से फाइल नहीं लौटी है। आवेदक ने महानदी भवन के तीसरी मंजिल पर स्थित सचिवालय में पदस्थ अधिकारियों से जानकारी ली, तो पता चला कि फाइल को जावक क्रमांक 22 पर 13 मार्च 2024 को भेजा जा चुका है, परन्तु इसकी पावती रजिस्टर पर नहीं है। मंत्री सचिवालय के अधिकारियों ने नोटशीट की छायाप्रति आवेदक को उपलब्ध कराई, जिसे संस्कृति विभाग में दिखाने पर वहां के अधिकारियों ने बताया कि यह फाइल अब तक विभाग को नहीं मिली है। इस प्रकार, तत्कालीन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के सचिवालय के अधिकारियों की लापरवाही के कारण महत्वपूर्ण सरकारी फाइल गायब हो गई है।

# राहुल गांधी के भाषण पर संसद में बवाल

■ नीट पेपर लीक को अमीरों की परीक्षा बताया और बीजेपी से जुड़े हिंदुओं को हिंसक कह दिया

नई दिल्ली/एजेंसी।

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा के विशेष सत्र में सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने नीट पेपर लीक को अमीरों की परीक्षा बताया और बीजेपी से जुड़े हिंदुओं को हिंसक कह दिया। अग्निवीर योजना को यूज एंड थ्रो मजदूर कहा। साथ ही किसानों के लिए एमएसपी, अयोध्या और महंगाई जैसे मुद्दे सदम में उठाए। लोकसभा में दिए राहुल के बयानों को लेकर देशभर में बवाल मचा हुआ है। भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी के बयानों की निंदा की और इन्हें गैर-जिम्मेदाराना बताया। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहुल से माफी की मांग की है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि संसद में किसी धर्म को लेकर बयान देना गलत है। लोकसभा अध्यक्ष राहुल गांधी के बयान के खिलाफ उचित कार्रवाई करें। बीजेपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी के भाषण पर हमला बोला। इसमें केंद्रीय मंत्री अश्निनी वैष्णव, किरेन रिजेजू, बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी शामिल हुए।



### हिंदू समाज को हिंसक कहना गंभीर विषय : मोदी



पीएम मोदी ने इस दौरान बीच में ही उठकर राहुल गांधी को रोका और कहा कि यह बात बहुत गंभीर है। पूरे हिंदू समुदाय को हिंसक कहना गंभीर विषय है। पीएम मोदी ने राहुल के बयानों पर बाद में सदन में कहा, ₹इस संविधान ने मुझे सिखाया है कि मुझे विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिए।

### राज्यसभा में खड़गे और धनखड़ की नोकझोंक



राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरएसएस की विचारधारा को देश के लिए खतरनाक बताया। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आरएसएस देश के लिए काम करती है और इसमें अच्छे लोग जुड़े हैं। खड़गे ने आरएसएस की विचारधारा को मनुवादी बताया, जिसे राज्यसभा के नेता जेपी नड्डा ने कार्यवाही से हटाने की मांग की और धनखड़ ने उनकी मांग को स्वीकार किया।

### राहुल पूरे देश से माफी मांगें : विष्णुदेव



राहुल गांधी द्वारा संसद में पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना बेहद निंदनीय और आपत्तिजनक है। उन्होंने देश के करोड़ों हिंदुओं का अपमान किया है। राहुल गांधी को भारत की परंपरा और हिंदुओं की संस्कृति की कोई जानकारी नहीं है। उनके इस बयान से पूरा देश क्षुब्ध है। कांग्रेस की हिंदुओं के प्रति यह नफरत बंद होनी चाहिए। अपनें इस वक्तव्य के लिए राहुल गांधी और कांग्रेस पूरे देश से माफी मांगें।

# शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए तैयार होगी नीति



अमन पथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए। यह सुनिश्चित करें कि स्कूलों में अनुशासन बना रहे। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैदानी स्तर पर जाकर स्कूलों में अध्ययन-अध्यापन की गुणवत्ता की मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर भी हर माह दो से तीन स्कूलों का दौरा कर वहां निरीक्षण करें। मुख्यमंत्री ने स्कूलों के जीर्णोद्धार कार्य की धीमी गति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि जर्जर स्कूलों के जीर्णोद्धार के काम में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों और शालाओं के युक्ति-युक्तकरण के लिए प्रस्ताव अगले कैबिनेट की बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे शालाओं में शिक्षकों की कमी दूर करने में मदद मिलेगी। बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत और डॉ. बसवराजू एस., स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों को रोटेशन के आधार पर प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षण नीति तैयार की जाए, ताकि सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों से बच्चों के पालकों को भी जोड़ा जाए। छत्तीसगढ़ के शासकीय स्कूलों में इस वर्ष पहली बार 6 अगस्त को प्रदेशव्यापी मेगा-पीटीएम आयोजित किया जा रहा है।

### ड्राप आउट रोकने मेंटॉर नियुक्त होंगे

छत्तीसगढ़ में आरटीई के तहत गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के ड्राप आउट पर अंकुश लगाने के लिए जिलेवार अधिकारियों को मेंटॉर के रूप में नियुक्त किया जाएगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा सचिव ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिखा है। मेंटॉर के रूप में नियुक्त अधिकारी आरटीई के तहत चयनित विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करेंगे। बच्चों को यदि कोई समस्या आती है तो उनके पालकों, शाला प्रबंधन और प्रशासन से मिलकर उसका समाधान करेंगे और पढ़ाई जारी रखने के लिए बच्चों और उनके पालकों को प्रोत्साहित करेंगे।

# लोगों का विश्वास जीतना और उसे बनाए रखना जरूरी : मुर्मु



नई दिल्ली/एजेंसी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों से कहा कि किसी प्रशासक के लिए सबसे अहम बात लोगों का विश्वास जीतना और उसे बनाए रखना है। विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिवों के पद पर तैनात 2022 बैच के आईएएस अधिकारियों के एक समूह ने राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों से बातचीत में कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा एक बेहतरीन करियर माना जाता है। उन्होंने कहा कि लाखों महत्वाकांक्षी युवा आईएएस अधिकारी बनने का सपना देखते हैं। उनमें से कई इस सेवा में चयन के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे सभी युवाओं में से कुछ लोगों को इस सेवा के माध्यम से नागरिकों के कल्याण के लिए काम करने का अवसर मिला है। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वे जहां भी काम करें, संवेदनशीलता, ईमानदारी और दक्षता से अपनी छाप छोड़ें।

### बिलासपुर से 25 दिन की मासूम बच्ची की चोरी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के मस्तूरी थाना इलाके में रविवार देर रात 25 दिन की मासूम बच्ची घर से चोरी हो गई है। मामलें में जानकारी देते हुए मस्तूरी थाना प्रभारी ने बताया है कि किरारी गांव में देर रात घर से बच्ची गायब है। करीब रात दो बजे वह अपनी मां के साथ सोई थी। उसके घर के सभी सदस्य भी सोए हुए थे। जिसके बाद उस मासूम बच्ची को उसकी मां ने प्यार से तारा कहकर आवाज लगाई तो बच्ची गायब थी।

### भिलाई स्टील प्लांट में मिला व्यक्ति का शव

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले की भिलाई स्टील प्लांट में सोमवार सुबह शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। मृतक का शव इलेक्ट्रिक केबल के बीच में फंसी हुई मिली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आशंका जताई जा रही है कि युवक दुर्घटना का शिकार हो गया है और पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम को दिया भरोसा

# छत्तीसगढ़ में दलहन, तिलहन और बागवानी को बढ़ावा देगा केन्द्र

अमन पथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए खुशखबरी है। राज्य में केंद्र सरकार की मदद से दलहन, तिलहन और बागवानी सहित अन्य फसलों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि किसानों की आय बढ़ाई जा सके। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी इसके लिए सहयोग का पूरा भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों को केंद्र के स्तर पर कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। केंद्र व राज्य सरकार मिल-जुलकर काम करेंगे। शिवराज सिंह चौहान ने भरोसा दिया है कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण विभाग अपने स्तर पर पूरा सहयोग देगा। उन्होंने दलहन व तिलहन को प्रोत्साहित करने की केंद्र सरकार की नीति का उल्लेख भी किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मक्का और सोयाबीन को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा है कि खरीफ सीजन में खाद-बीज सहित अन्य इनपुट की पर्याप्त उलब्धता रहेगी। इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए है। सोमवार को नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम सहित आए उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ केंद्रीय मंत्री ने बैठक की। इस दौरान छत्तीसगढ़ में दलहन, तिलहन, बागवानी आदि को बढ़ावा देने के साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण से जुड़े अन्य अनेक विषयों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री चौहान ने छत्तीसगढ़ के मंत्री नेताम के साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, दलहन, तिलहन, बागवानी, नमो ड्रोन दीदी, आयल पाम मिशन सहित भारत सरकार की अन्य योजनाओं व कार्यक्रमों पर चर्चा की। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण सचिव संजीव चोपड़ा सहित केंद्र व राज्य के कृषि एवं बागवानी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



### योग को एशियाई खेलों में शामिल करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारत योग को एशियाई खेलों में शामिल करने पर एक कदम और आगे बढ़ गया है और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष ने इसे लेकर अहम जानकारी दी है। पीटी उषा ने बताया कि एशियाई ओलंपिक परिषद के कार्यकारी बोर्ड ने योग को एशियाई खेलों में शामिल करने पर सहमति जताई है और ओसीए की आमसभा से मंजूरी मिलने पर इसे खेलों में स्थान मिल जाएगा। उषा ने कहा कि ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह ने उन्हें ईबी के फैसले के बारे में बताया।

# पचेड़ा हर्षोउल्लास के साथ मनाया शाला प्रवेश उत्सव यूथ एवं इको क्लब करेगा पर्यावरण संरक्षण पर कार्य

अमन पथ न्यूज



**आरंग।** शासकीय प्राथमिक शाला, उच्च माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा में दिनांक 29 जून दिन शनिवार को संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव मनाया। एवं कक्षा पहली, कक्षा छठवीं एवं कक्षा नवमीं प्रवेश लेने वाले बच्चो को पुस्तक, गणवेश वितरण कर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया। एवं एक वृक्ष माँ के नाम थीम के तहत विद्यार्थीयों एवं अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया। यूथ एवं इको क्लब के प्रभारी शिक्षक दीप बंजारे सर ने बताया कि इस शिक्षा सत्र में इको क्लब पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। जिसमें जल संरक्षण,मृदा संरक्षण, प्लासीटिक मुक्त भारत, ई - कचरा प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में ग्राम पचेड़ा के सरपंच नेहरु लाल डांडे जी,प्राचार्या दिव्या सक्सेना, उच्च माध्यमिक शाला के प्रधान पाठिका एन. खान, प्राथमिक शाला पचेड़ा के प्रधान पाठिका बेद बाई बंजारे तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्राणनाथ नवरंगे, पूर्व अध्यक्ष आजु दास मिर्चे जी,अनिल कुमार वर्मा जी, रामदुलार वर्मा जी, पंचगण एवं गणमान्य नागरिक तथा स्कूल स्टॉफ ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# मंदिर हसौद थाना प्रांगण में आयोजित नए भारत का नया कानून जागरूकता शिविर में शामिल हुए विधायक गुरु खुशवंत साहेब

अमन पथ न्यूज



**आरंग।** मंदिर हसौद थाना प्रांगण में आयोजित नए भारत का नया कानून₹ जागरुकता शिविर में शामिल हुए विधायक गुरु खुशवंत साहेब जी कार्यक्रम में उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल निर्देशन एवं गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हो रहा हैं। भारतीय दंड संहिता अब भारतीय न्याय संहिता बन चुकी है। अंग्रेजों के बनाए ₹दंड विधानों₹ से हम न्याय विधानों की ओर उन्मुख हो चुके हैं। जहां भारतीय दंड संहिता, 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, 2023, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 को नये सिरे से नये क्लेवर में प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर तहसीलदार राजकुमार साहू, नायब तहसीलदार श्रुति शर्मा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण कीर्तन राठौर, सचिन सिंह थाना प्रभारी मन्दिर हसौद, उपनिरीक्षक गोकुल साहू जी, रामेंद्र यादव, सहायक निरक्षक छक्कन साहू जी, सहायक उपनिरीक्षक रेखलाल भारती, चंद्रहास वर्मा, प्रधान आरक्षण धर्मेंद्र वर्मा,अशोक वर्मा, आरक्षक निहाली साहू, किशोर कुमार देशमुख, सुरेश भगत, यादराम यादव, राकेश साहू, राकेश हिरवानी, लुकेश्वर वर्मा, प्रदीप चंद्रवंशी, अशोक प्रधान, धर्मेंद्र भरतपहरी, देवेंद्र माधुरी, सुरुति पटेल, मोहन कोसरिया, बंशी साहू, निहाली साहू, मंजीत भट्ट, हरिश्चन्द्र नायक, राजेश यादव, भूपेंद्र खूंटे, नपेंद्र सिंह, खिलेश्वरी साहू, मोहित रावटे, जितेंद्र सलामे, संतोष चंद्राकर, तुलशी नेताम, महिला आरक्षक पावर्ती जांगड़े, रामकुमार वर्मा , निर्मल सुल्तान, सहित पुलिस विभाग के अधिकारी कमर्चारी, जनप्रतिनिधिगण कृष्णा वर्मा, बलवंत यादव, अनुज वर्मा, रामजी वर्मा, उमेश निर्मलकर, बलराम सोनवानी, दिवाकर जांगडे सरपंच छतौना, भुनेश्वर यदु सरपंच नवागांव, गोपी मार्कण्डेय, भागी गहने, बबला चेलक, भाजपा पदाधिकारी ,कार्यकर्ता, गणमान्य, आमजन उपस्थित थे।

### पीजी कॉलेज के विधि विभाग में नए विधान पर व्याख्यान का आयोजन

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय महाविद्यालय धमतरी के प्राचार्य श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में नए न्यायिक अधिनियम 2023 पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अक्षय जैन (AKSHAY JAIN) पिता श्रीमंदर दास जैन, निवासी इ-123, एस. आर. सी.पी. टाऊनशिप, ग्ताम भरुवाडिह, जिला बलौदा बाजार पिनः 493332, यह शपथ करता हूँ कि मैने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम अक्ष्या जैन (AKSHYA JAIN) पिता श्रीमंदररास जैन रख लिया है। अतः आज से मुझे मेरे नये नाम अक्ष्या जैन (AKSHYA JAIN) पिता श्री मंदररास जैन से हो जाना पहचाना जाए।

**अक्षय जैन(AKSHYA JAIN) बी-123, पुत्र. आर.एस. सी.एस. कड़े छिलके वाला फल। बस्ती ग्रामः भरुवाडीह जिला : बलौराबाजार पिन 493332 (छ.ग.)**

## AFFIDAVIT FOR CHANGE IN NAME

By this deed, I the undersigned AKSHYA JAIN S/O SRIMANDARDAS JAIN previously known as AKSHAY JAIN S/O SRIMANDARDAS JAIN and resident of B-123, S.R.C.P. Township, Bharuwadih, distt: Baloda bazar, Pin 493332 solemnly declare and affirm as below: -

1. That for and on behalf of myself and my wife, children and remitter issue, I wholly renounce / relinquish and abandon the use of my former name of AKSHAY JAIN S/o Srimandardas Jainand inplace thereof, I do hereby assume from this date the name AKSHYA JAIN S/O Srimandardas Jain so that I and my wife , children and remitter issue may hereafter be called, kaown and distinguished mot by my former name but the assumed name of AKSHYA JAIN S/O SRIMANDAR DAS JAIN.

2. That I shall at all times hereafter in all records, deeds and writings and inall proceedings, dealings and transactions, private as well as upon all occasions whatsoever, use a»»fd sig»»f the name of AKSHYA JAIN as my name in place and insubstitution of my former name.

3. That I expressly authorize and request all persons ingeneral and relatives and friends inparticular, at all times hereafter to designate and address me, my wife, my children and remitter issue by such assumed name i.e. AKSHYA JAIN S/O SRIMANDARDAS JAIN.

4. In witness whereof I have hereunto subscribed my former and adopted name of AKSHYA JAIN S/O SRIMANDARDAS JAIN affix my signature and seal, if any this 28/06/2024.

# पुलिस द्वारा नवीन कानून स्वागत त्योहार, मनाकर नागरिकों को किया जागरुक

अमन पथ न्यूज



**डोंगरगढ़।** नवीन कानुन स्वागत त्योहार मां बमलेश्वरी छिरपानी शेड के नीचे मनाया गया है। नवीन कानून के क्रियान्वयन की दिशा में आम नागरिकों की सहभागिता एंव जागरूकता के तहत पुलिस विभाग के द्वारा यह आयोजन अयोजित कर नागरिकों बताया गया इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर , मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल प्रकाश चौरडिया हरीश भंडारी संतु राव प्रकाश अग्रवाल पुलिस अनुविभगीय अधिकारी आशीष कुंजाम थाना प्रभारी सी, आर ,चंद्रा तहसीलदार मुकेश ठाकुर नायब तहसीलदार विजय साहू मेघा , सहित गणमान्य नागरिक आमजन, जन प्रतिनिधि गण, पत्रकारगण उपस्थित रहे । नवीन कानून के क्रियान्वयन की दिशा में आम नागरिकों की सहभागिता एंव जागरूकता के तहत हुवे कार्यकर्म में पुलिस विभाग के द्वारा बताया गया की रात 12 बजे से यानी एक जुलाई की तारीख शुरू होने के बाद घटित हुए सभी अपराध नए कानून में दर्ज किए जाएंगे। एक जुलाई से देश में आइपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनिमय लागू हो रहे हैं। एक जुलाई से लागू हो रहे तीन नए आपराधिक कानूनों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए एफआइआर से लेकर फैसले तक को समय सीमा में बांधा गया है। शिकायत मिलने पर एफआइआर दर्ज करने, जांच पूरी करने, अदालत के संज्ञान लेने, दस्तावेज दाखिल करने और ट्रायल पूरा होने के बाद फैसला सुनाने तक की समय सीमा तय है। साथ ही आधुनिक तकनीक का भरपूर इस्तेमाल और इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को कानून का हिस्सा बनाने से मुकदमों के जल्दी निपटारे का रास्ता आसान हुआ है। शिकायत, समन और गवाही की प्रक्रिया में इलेक्ट्रानिक माध्यमों के इस्तेमाल से न्याय की रफ्तार तेज होगी। पुलिस जांच में होगी वीडियो रेकॉर्डिंग।

# अंगना में शिक्षा के तहत पढ़ाई तिहार में सभी जिला स्तरीय अधिकारी होंगे शामिल

अमन पथ न्यूज



**जिले में 9 से 11 जुलाई तक किया जाएगा वृहद् वृक्षारोपण**

**धमतरी।** 01 जुलाई 2024/ कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अंगना में शिक्षा के तहत आयोजित पढ़ाई तिहार में सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने कहा। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग को उक्त अभियान में समन्वय स्थापित करने कहा। इसके साथ ही आरटीई मेंटर्स की नियुक्ति के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि सभी मेंटर्स नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण करेंगे और इसकी जानकारी से अवगत कराएंगे। उन्होंने आमदी में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की जानकारी ली। आगामी 9 से 11 जुलाई तक जिले में आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण की तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लिए खोदे गए गड्ढे और पौधरोपण की जियो टैग अनिवार्य रूप से कर लें। आगामी 12 जुलाई को नगरी विकासखण्ड के ग्राम लिखमा में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के पहले विकासखण्ड स्तर पर उक्त ग्राम में शिविर लगाने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। साथ ही उक्त विकासखण्ड स्तरीय शिविर में ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारियों को उपस्थित होने आवेदनों का निराकरण कहा और इसकी जानकारी जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जी.आर.मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने जल शक्ति अभियान के तहत कैच द रैन एंट्री की जानकारी ली।

## न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा०प्र०क्र०/202406104000032/ब-121/2023-24मौजाः- पोटीया प.ह.न.:- 07

//उद्घोषणा//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक पन्ना लाल पिता परमेश्वर, जाति मडडरी निवासी पोटीया तहसील अहिवारा व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने पुत्र कुलेश्वर पिता पन्ना लाल का जन्म दिनाँक 27/02/2022 स्थान पोटीया को होना लेख करते हुए जन्म का पंजीयन किसी भी जिले या स्थान में दर्ज नहीं होने से संबंधित विभाग में जन्म का पंजीयन कराने स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छत्तीसगढ़ राज्य) नियम 1973 के नियम 10 (3) के अंतर्गत निर्देश/आदेश देने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आदि दस्तावेज की छायाप्रति इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएवं इस आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 09.07.2024 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 20.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अहिवारा**

## न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा०प्र०क्र०/202406104000033/ब-121/2023-24मौजाः- पोटीया प.ह.न.:- 07

//उद्घोषणा//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक पन्ना लाल पिता परमेश्वर, जाति भडडरी निवासी पोटीया तहसील अहिवारा व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने पुत्री कु. ब्रिजेश्वरी पिता पन्ना लाल का जन्म दिनाँक 27/01/2018 स्थान पोटीया को होना लेख करते हुए जन्म का पंजीयन किसी भी जिले या स्थान में दर्ज नही होने से संबंधित विभाग में जन्म का पंजीयन कराने स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छत्तीसगढ़ राज्य) नियम 1973 के नियम 10 (3) के अंतर्गत निर्देश/आदेश देने हेतु आवेदन

अतएवं इस आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 09.07.2024 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 20.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अहिवारा**

## न्यायालय तहसीलदार भिलाई 03, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

-::ईश्तहार ::-

रा.प्र.क्र. बी-121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम- भिलाई 3 प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. भिलाई 3 तह. भिलाई 03. जिला- दुर्ग (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका तेन सिंग यादव पिता/पति कार्तिक राम यादव निवासी- वार्ड 14 भिलाई 3 के द्वारा अपने स्वयं / पुत्र / पुत्री / पिता/ पति / माता / दादा / दादी/ तेन सिंग यादव का जन्म / मृत्यु दिनांक 19/6/1974 को हुआ है, जिसका जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से दावा / आपत्ति नियत दिनांक 10/07/2024 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। नियत तिथि पश्चात आने वाले आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांक 28/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी ।

**तहसीलदार भिलाई 03, जिला- दुर्ग**

## न्यायालय तहसीलदार भिलाई 03, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

-::ईश्तहार ::-

रा.प्र.क्र. बी-121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम- भिलाई 3 प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. भिलाई 3 तह. भिलाई 03. जिला- दुर्ग (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका सुखु पिता/पति घनशु निवासी- वार्ड क्रं 14 नेहरू नगर भिलाई 3 के द्वारा अपने स्वयं / पुत्र / पुत्री / पिता/ पति / माता / दादा / दादी/ घनशु का जन्म / मृत्यु दिनांक 20/09/2002 को हुआ है, जिसका जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से दावा / आपत्ति नियत दिनांक 10/07/2024 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। नियत तिथि पश्चात आने वाले आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांक 28/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी ।

**तहसीलदार भिलाई 03, जिला- दुर्ग**

## न्यायालय तहसीलदार भिलाई 03, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

-::ईश्तहार ::-

रा.प्र.क्र. बी-121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम- भिलाई 3 प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. भिलाई 3 तह. भिलाई 03. जिला- दुर्ग (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका गीता पिता/पति विरेन्द्र सिंह निवासी- वार्ड 8 भिलाई 3 के द्वारा अपने स्वयं / पुत्र / पुत्री / पिता/ पति / माता / दादा / दादी/ घनशु का जन्म / मृत्यु दिनांक 20/09/2002 को हुआ है, जिसका जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से दावा / आपत्ति नियत दिनांक 10/07/2024 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। नियत तिथि पश्चात आने वाले आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांक 28/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी ।

**तहसीलदार भिलाई 03, जिला- दुर्ग**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03, जिला दुर्ग (छ.ग.)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क 202406104300080 अ-2/ वर्ष 2024 ग्राम- दौर, प.ह.नं 04, तहसील अहिवारा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक PRESTIGE BUILTEC INFRA 01 मनोज कुमार मल्ल पिता दिग्विजय मल्ल अन्य 01, निवासी- दिग्विजय प्रोव्हिजन स्टोर्स सिरसा रोड, श्री राम मार्केट राम नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ. ग. द्वारा ग्राम ढौर प.ह.नं. 04 रा. नि.मं. व तहसील अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं. 176/3 रकबा 0.21 हे. भू-राजस्व 0.50 रुपए को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 एवं 172 (क) सहपठित धारा 59 के तहत औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण किये जाने हेतु बी-1, खसरा की नकल, पंजीकृत विकय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 08.07.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 08.07.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई 03,जिला- दुर्ग**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) दुर्ग जिला दुर्ग

रा.प्र.क्रं. /ई.-कोर्ट रजिस्ट्रेशन नम्बर 202406100400331 अ/2, 2023-2024

पक्षकार का नाम -श्री तोशन लाल वर्मा

// उदघोषणा पत्र //

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक / आवेदिका श्री तोशन लाल वर्मा आ. श्री चन्द्रशेखर वर्मा ,निवासी दानी कोकड़ी पोस्ट करेली दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूचि में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजना के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिधारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 /59 (2)( 5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है । जिसके संबध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है ।

**अनुसूची**

ग्राम / प०ह०न० जहां भूमि स्थित है

रिसाली प.ह.न. 15 तहसील व जिला दुर्ग, खसरा न. 183/13 रकबा क्षेत्रफल 0.0223, हें.2400, प्रयोजन (आवसीय )

अतएव इस संबध में आवेदिका भूमि के संबध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उदघोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंम अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थि होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है ।नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उदघोषणा आज दिनांक 27/ 06 / 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा सील, मुहर द्वारा जारी किया गया ।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा०) दुर्ग जिला दुर्ग**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) दुर्ग जिला दुर्ग

रा.प्र.क्रं. /ई.-कोर्ट रजिस्ट्रेशन नम्बर 202406100400330 अ/2, 2023-2024

पक्षकार का नाम -श्री अतुल यादव

// उदघोषणा पत्र //

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक / आवेदिकाश्री अतुल यादव आ. श्री रिखी राम यादव ,निवासी दल्लीराजहरा बालोद द्वारा नीचे अनुसूचि में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजना के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिधारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 /59 (2)( 5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है । जिसके संबध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है ।

**अनुसूची**

ग्राम / प०ह०न० जहां भूमि स्थित है

कसारीडीह प.ह.न. 15 तहसील व जिला दुर्ग, खसरा न. 104/12 रकबा क्षेत्रफल 0.0279, हें.3000, प्रयोजन (आवसीय )

अतएव इस संबध में आवेदिका भूमि के संबध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उदघोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंम अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थि होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है ।नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उदघोषणा आज दिनांक 25/ 06 / 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा सील, मुहर द्वारा जारी किया गया ।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा०) दुर्ग जिला दुर्ग**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) दुर्ग जिला दुर्ग

रा.प्र.क्रं. /ई.-कोर्ट रजिस्ट्रेशन नम्बर 202406100400063 अ/2, 2023-2024

पक्षकार का नाम -श्री दीपक मिश्रा

// उदघोषणा पत्र //

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक / आवेदिका श्री दीपक मिश्रा आ. श्री रामचन्द्र मिश्रा ,निवासी हास्पिटल सेक्टर भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूचि में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजना के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिधारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 /59 (2)( 5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है । जिसके संबध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है ।

**अनुसूची**

ग्राम / प०ह०न० जहां भूमि स्थित है

रिसाली प.ह.न. 49 तहसील व जिला दुर्ग, खसरा न. 233/9 रकबा क्षेत्रफल 0.010, हें.1000, प्रयोजन (आवसीय )

अतएव इस संबध में आवेदिका भूमि के संबध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उदघोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंम अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थि होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है ।नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उदघोषणा आज दिनांक 05/ 06 / 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा सील, मुहर द्वारा जारी किया गया ।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा०) दुर्ग जिला दुर्ग**

## न्यायालय तहसीलदार बेमेतरा तहसील व जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्र//प्र1/तह./2024 रा.प्र.क वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सिधौरी को सूचित किया जाता है, कि ग्राम बेमेतरा तहसील व जिला बेमेतरा श्री राम मंदिर ट्रस्ट बेमेतरा के नाम पर ग्राम सिघोरी स्थित भूमि खसरा नं. 283 रकबा 5.05 एकड (विशाल नगर ) भूगि खरारा नं 380 रकबा 1.04 एकड, खसरा नं 407 रकबा 1.24 एकड, खसरा नं. 440 रकबा 0.57 एकड, (दुर्ग रोड के पिछे, पेट्रोल पम्प के शामन) खसरा न470 रकया 4.48 एकड (आत्मानद स्कूल के सामने) खसरा न 495 रकया 0.48 एकड़, खसरा न. 490 रकबा 2.69 एकड, खसरा नं. 491 रकबा 1.90 एकड कुल खसरा न 08 कुल रकबा 17.45 एकड भूमि पडत है जिसे उपस्थित ट्रस्ट के सदस्या द्वारा उपर वर्णित भूमि को एक वर्ष के लिए कारतकारी हेतु रंग पर नीलाम किये जान का निर्णय लिया गया है।

अत उक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक कृषकगण स्वयं अथवा आम मुख्तियारनामे से नीलामी कार्यवाही दिनाक 06.07.2024 समय सुबह 11 बजे से गांधी भवन बेसिक स्कूल मैदान बेमेतरा जिला बेमेतरा में उपस्थित होकर बोली लगा सकते हं

आज दिनांक 29.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया जाता है।

**तहसीलदार बेमेतरा**

## न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई - 3 के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202406104300060

विषयः- अ-6 अ सनः- 2023 2024

मामले की श्रेणी : राजस्व

अकलोरडीह ( प ह न. 00003),

पक्षकारों का विवरण

आवेदक पक्षकार -खिलेश कुमार यादव,

अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सवर्साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है की आवेदक खिलेश कुमार यादव पिता मनोहर व निवासी अकलोरडीह के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम- अकलोरडीह, प.ह.नं. 03, तहसील भिलाई 03, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि ख.नं. 186 रकबा 0.15 हे. के राजस्व अभिलेख में महेशिया पिता हिरामन के स्थान पर महेशिया पिता लेखराम त्रुटिवश दर्ज हो गया है। जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर दावा / आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर लिखित रूप में नियत दिनांक 18/07/2024 तक इस न्यायालय में दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/06/2024 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार भिलाई-03**

## न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क. ब/ 121 वर्ष 2023 2024

ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शत्रुहन लाल वर्मा पिता रामाधार वर्मा जाति कुर्मी निवासी ग्राम बोरसी तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन किया है कि आवेदक अपने पुत्र जितेन्द्र कुमार वर्मा पिता शत्रुहन लाल वर्मा का मृत्यु दिनांक 28/07/2022 को स्थान चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल बलौदाबाजार में हुआ है । जिसका भूलवश मुख्य नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में मृत्यु पंजीकरण अभिलेख में पंजीयन नहीं कराया था। जिसका मृत्यु पंजीकरण किये जाने का निवेदन किया है। आवेदन के साथ मय दस्तावेज संलग्न किया है जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 09/07/2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार बलौदाबाजार**

## न्यायालय तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ०ग०

// ज्ञापन //

क्रमांक /643/ वाचक / तह0 / 2024

पलारी, दिनांक 06/06/2024

प्रति,

हल्का पटवारी,

प.ह.नं. 29

ग्राम - मल्हिन

विषय :- जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक लकेश ध्रुव पिता धनउ ध्रुव जाति गोड़ निवासी ग्राम मल्हिन तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्र लक्ष्य कुमार ध्रुव का जन्म दिनांक 12/11/2008 को ग्राम मल्हिन में हुआ है। जिसकी मृत्यु दिनांक का पंजीयन नहीं करा पाया है। इसलिए आवेदक द्वारा अपने पुत्र के जन्म दिनांक का पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया गया है। इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आप आवेदक के पुत्र लक्ष्य कुमार ध्रुव के जन्म दिनांक व पंजीयन के संबंध में जांच कर बिन्दुवार पंचनामा प्रतिवेदन पेशी दिनांक 21/06/2024 के पूर्व इस न्यायालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

**तहसीलदार पलारी**

## न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई-3

**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला दुर्ग तहसील - भिलाई-3 प.ह.न. - 00013 परसदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-RD20232443030l300022

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00013 के अंतर्गत ग्राम परसदा के वर्तमान भूमिस्वामी अमितकुमारपितासुरेन्द्र शर्मापिता/पति-पता - रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 777/2(0.1000) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता निमिषाबैदपिता/पति विजय कुमारबैदपता-तात्यापारारायपुर

के नाम पर पंजीयन / फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालयनायबतहसीलदारभिलाई- 3 पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/06/2024 को जारी किया जाता है।

**नायबत हसीलदार : RAVIVISMA भिलाई-3. जि. -दुर्ग**

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- 01 सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)

ई-मेल eocghbzone1@gmail.com

### आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा गुढ़ियारी कॉलोनी रायपुर में निर्मित जनता कॉलोनी भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से भवन क्रमांक janta-344 श्रीमती मेडुरी सुब्बा लक्ष्मी पति स्व. एम. एस. एन. मूर्ति को भाड़ाक्रय/पूर्ण मूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 13.05.1994 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 20.06.24 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री शिव कुमार मालवीय पिता मन मनोहन मालवीय के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा, प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- 01 सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)

ई-मेल eocghbzone1@gmail.com

### आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा टाटीबंध कॉलोनी रायपुर में निर्मित एल.आई.जी. भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से भवन क्रमांक LIG-1/1063 श्री राजिन्देर सिंग लौहिया पिता ज्ञान सिंग लौहिया को भाड़ाक्रय/पूर्ण मूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 06.05.2011 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 20.06.24 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती पुष्पा दास पति श्री नितेश दास मानिकपुरी के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा, प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

## प्रपत्र - V (देखिये नियम - 4 )

**फर्म के गठन में परिवर्तन अथवा फर्म के विघटन की सूचना Ajay Jain द्वारा फाईल करने हेतु पंजीयक को प्रस्तुत अथवा अग्रेषित**

भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 की धारा 63 (1) के अन्तर्गत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि-

(1) फर्म - "M/s-ROCK ORE MINERALS" Regd. no............ dated............ पता - 648 एक्स, सड़क नं. - 39, स्मृति नगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का गठन निम्नानुसार परिवर्तित कर दिया गया है

| आगंतुक भागीदार का नाम और पूर्ण पता तथा फर्म में उसके प्रवेश करने का दिनांक | बहिर्गामी भागीदार का नाम और पूर्ण पता तथा उसकी भागीदारी समाप्ति का दिनांक |
|---|---|
| (1) Smt. Suman Singh W/o Rana Arun Kumar Singh Add.-House no.-40, Motilal Nehru Nagar Old, Bhilai, Tah. & Distt.-Durg (C.G.) dated 20.06.2023 | (1 ) Rana Arun Kumar Singh S/o Late Rana Pratap Singh Add.-Bunglow No.-40, Moti Lal Nehru Nagar (Old), Bhilai, Tah. & Distt.-Durg (C.G.) dated 20.06.2023 |

# सड़कों पर रखी पुरानी गाड़ियों को हटाने की होगी कार्रवाई

### 5 जुलाई को चलाया जाएगा पौधरोपण अभियान



अमन पथ न्यूज

**रायपुर ।** राजीव युवा मितान क्लब खातों में जमा राशि शासन के खजाने में उसको तत्काल शासन के खजाने में हस्तांतरित करवाया जाएं साथ ही पूर्व में उपयोग किए गए राशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करवाएं। सभी एसडीएम इस विषय पर ठोस कदम उठाएं और प्रतिवेदन प्रदान करें।

यह बातें कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कहीं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि आगामी 5 जुलाई को जिले के प्रत्येक शासकीय परिसर, भवन, कार्यालयों में पौधरोपण का अभियान चलाया जाएगा। अस्पताल, स्कूल परिसर में जहां पर जगह हो वहां पर बड़े पौधे रोपित किया जाए ताकि उनकी ग्रोथ जल्दी हो। कलेक्टर ने कहा कि 01 जुलाई से नई भारतीय न्याय संहिता लागू हो चुकी है। ऐसे में सभी अधिकारी-कर्मचारी नई संहिता के बारे में जानकारी हासिल करें और जागरूक करें।

डॉ. सिंह ने कहा कि सड़को पर ट्रांसफॉर्मर या बिजली खम्बे में लगे पैनल बॉक्स के दरवाजे खुले हुए हैं उसको बंद करें और जिसके पैनल नहीं है उसके लिए चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायें। इससे आमजनों को नुकसान पहुंच सकता है।

अतः प्राथमिकता से इस कामों को विद्युत विभाग पूर्ण करें। सड़कों के किनारे पुराने वाहन दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल नगर निगम को और ट्रैफिक पुलिस को दे। कलेक्टर ने कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की जाए। लंबे समय से सड़कों पर रखी गाड़ियों को हटाने की कार्रवाई की जाए।

इससे सड़कों में ट्रैफिक का दबाव कम होगा और दुर्घटना की आशंका भी कम हो जाएगी। समस्त शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्यता सुनिश्चित करें।

जहां पर कोई बोर अनुपयोगी हो, उस ओर छत में आने वाले और अन्य जगह एकत्र होने वाले बारिश के पानी तथा को भी सुरक्षित करते हुए डाईवर्ट करें। हॉस्पिटल, आंगनबाड़ी, स्कूल समेत अन्य शासकीय कार्यालयों में बारिश के पानी को सहेजने के लिए उपाय अपनायें ताकि यह पानी व्यर्थ ना जाए और जल स्तर भी बने रहे।

बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## निजी जमीनों के खसरों में किस मापदण्ड के तहत फिर प्रतिबंध हटाया जा रहा : विकास उपाध्याय



अमन पथ न्यूज

**रायपुर ।** विकास उपाध्याय ने कहा कि लगातार समाचार पत्रों से जानकारी प्राप्त हो रही है कि रायपुर जिले में अवैध प्लाटिंग हो रही है जिस पर शासन द्वारा नोटिस भी जारी हो रहा है एवं एफआईआर भी दर्ज किये जा रहे हैं तथा बुल्डोजर कार्यवाही भी की जा रही है। लेकिन वहीं रसूकदार लोगों के प्रतिबंधित खसरों को पुनः प्रतिबंधित सूची से हटाया जा रहा है। विकास उपाध्याय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही रायपुर में आदेश पारित किया जाता है कि अवैध प्लाटिंग पर लगातार कार्यवाही की जायेगी लेकिन रसूकदार एवं भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के प्लाटिंग पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है और यदि कहीं-कहीं पर की गई है तो उसे पुनः प्रतिबंधित सूची से हटा दिया गया, हम ऐसी दोहरे चरित्र वाली कार्यवाही का विरोध करते हैं और सरकार से मांग भी करते हैं कि छोटे-छोटे भू-स्वामी लोग प्लाटिंग करके जीवन-यापन कर रहे हैं इस पर कार्यवाही न किया जाये। विकास उपाध्याय ने इसी संदर्भ में आज जिलाधीश महोदय को एक पत्र लिखा है जिस पर रायपुर जिले में भू-स्वामियों द्वारा उनके निजी जमीनों के खसरों के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंधित लगाया जा रहा है अवैध प्लाटिंग का रूप देकर फिर उन्हीं खसरों को किस मापदण्ड के आधार पर मुक्त भी किया जा रहा है, इसकी जानकारी मांगी है।

## धुंआ मुक्त होगा आंगनबाड़ी केंद्र, गैस चूल्हे में तैयार होगा पौष्टिक खाना



अमन पथ न्यूज

**रायपुर ।** जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों को धुंआ मुक्त बनाया जाएगा। अब सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गैस-चूल्हे पर ही पौष्टिक युक्त खाना तैयार किया जाएगा। जिन केंद्रों में गैस-चूल्हा एवम सिलेंडर नहीं है, वहां पर इसे उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। साथ ही आंगनबाड़ी भवनों का मरम्मत, पानी की सुविधा और विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने समीक्षा बैठक के दौरान कहा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदो की समय-सीमा में पूर्ति के लिए परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने महिला सशक्तिकरण व बच्चों के संरक्षण सखी वन स्टॉप सेन्टर व चाईल्ड लाईन 1098 के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के साथ ही प्राप्त नये प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा जिले में कुपोषण, बौनापन, दुर्बलता में सुधार करने तथा जिन ग्राम पंचायतों /वार्डो में कुपोषण का प्रतिशत अधिक है, उनका चिन्हांकन करते हुए विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्यक्रम चलाये जाए। साथ ही पोषण ट्रैकर एप की नियमित समीक्षा कर सभी संकेतकों में उच्चतम स्तर बनाये रखने के लिए आवश्यक प्रयास करने और इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिये गये।

कलेक्टर ने पोषण ट्रैकर एप के सभी फिल्ड में सही प्रविष्ठि करने एवं उच्चतम स्तर बनाये रखते हुए नियमित समीक्षा के निर्देश दिये गये है। सुकन्या समृद्धि योजना में अधिक से अधिक संख्या में खाते खुलवाये जाने के लिए कैम्प लगाने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार कर इसमें प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा सुकन्या समृद्धि योजना की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के लंबित प्रकरणों तथा गत वर्षों के लंबित भुगतानों पर आवश्यक समीक्षा कर तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु उच्च कार्यालय को पत्राचार किया जाए। महतारी वंदन योजना अंतर्गत निर्धारित तिथि पश्चात अपलोड हेतु शेष आवेदनो की जानकारी एकत्र कर उच्च कार्यालय को प्रेषित की जाए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती निशा मिश्रा समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## शिवसेना शिंदे गुट ने जलाया गौ तस्करो का पुतला



अमन पथ न्यूज

**रायपुर ।** शिवसेना रायपुर जिला इकाई के द्वारा लगातार बढ़ रही गौ तस्करी के विरोध मे रायपुरा चौक मे गौ तस्करो का पुतला दहन किया गया । कामगार सेना जिलाध्यक्ष संजू साहू ने बताया की प्रदेश मे लगातार गौ तस्करी बढ़ रही है और ये गौ तस्कर सोशल मीडिया मे भी सक्रिय है प्रदेश मे सक्रिय गौ तस्करो का पुतला जला कर उन्हे समझाईस दिया गया कि तस्करी छोड़ दो तथा गौ तस्कर मुदार्बाद के नारे के साथ पुतला जलाया गया । इस पुतला दहन मे मुख्यरूप से संजय सोनकर, किशन साहू, गिरिराज देवांगन, अमर नायक, महावीर यादव, नरेन्द प्रजापति, लीलाधर यदु, सदा साहू, मोनू निर्मलकर, मुकुंदा यादव, खिलेश्वर देवांगन, रितेश साहू एवं अधिक संख्या मे शिवसैनिक उपस्थित हुए ।

## भावनात्मक लगाव न होना परिवार बिखराव का बड़ा कारण



अमन पथ न्यूज

**रायपुर ।** महाराष्ट्र मंडल की परिवार परामर्शदाता समिति की परिचर्चा में बतौर निष्कर्ष यह बात सामने आई कि आजकल बच्चों में इमोनशल अटैचमेंट नहीं होने के कारण परिवार बिखर रहे हैं। उनके सभी काम व योजनाएं आत्मकेंद्रित होते हैं, परिवार के लिए नहीं। सचिव चेतन गोविंद दंडवते ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी परिवार की इच्छा को नजरअंदाज कर सिर्फ अपने कैरियर को प्राथमिकता देती है। साथ ही शादी के तुरंत बाद उन्हें अपने जीवन साथी से वो सब कुछ चाहिए होता है, जिसे जुटाने में उसके माता-पिता ने सारी जिंदगी खपा दी। युवाओं की इन्हीं महत्वाकांक्षाओं के कारण आजकल शादी की उम्र लगातार बढ़ रही है। वर्तमान पीढ़ी के युवक तो 30- 32 साल की उम्र में शादी के बारे में सोचते हैं, जबकि लड़कियां भी 27-28 साल की आयु तक शादी पर चर्चा करना पसंद नहीं करती। देर से हुई शादी में पति-पत्नी में भावनात्मक लगाव नहीं होता। बच्चों को लेकर भी कोई जल्दबाजी नहीं होती। नतीजतन छोटी- छोटी बातों पर अनबन और मतभेद भी तलाक तक पहुंच जाते हैं। महाराष्ट्र नाट्य मंडल के निदेशक प्रा. अनिल श्रीराम कालेले ने कहा कि बड़ी उम्र में हो रही शादियां चिंतनीय हैं। शादी की आदर्श उम्र क्या हो, इस विषय पर समाज के मार्गदर्शकों व वरिष्ठ जनों को बैठकर अनुशासन तय करना चाहिए, मार्गदर्शन देना चाहिए। पहले मराठी समाज में शादी की लड़कियों की आदर्श आयु 21 वर्ष और लड़कों के लिए 27 साल थी, तो क्या वर्तमान स्थितियों- परिस्थितियों, सामाजिक- आर्थिक बदलावों और जरूरतों के बीच यह उम्र अभी भी आदर्श है। और नहीं तो सबसे सही उम्र क्या हो? ताकि युवाओं कैरियर, भावी परिवार की प्लानिंग पर सामंजस्य बिठा सके। महाराष्ट्र मंडल के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन ने कहा कि बाजार में ऐसी- ऐसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे युवा अपनी अपनी शारीरिक जरूरतों को बिना झिझक पूरा कर लेते हैं। ऐसे में शादी के प्रति उनकी जिज्ञ-ासा अथवा इच्छाशक्ति वैसे नहीं होती जैसे आज से दो- तीन दशक पहले होती थी। अगर बच्चे घर-परिवार छोड़कर करियर के लिए महानगरों में जा रहे हैं, तो उन्हें कैसी और कितनी स्वतंत्रता दी जानी चाहिए, इस पर कहीं ना कहीं युवाओं के माता-पिता को विचार करना होगा। सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी ने कहा कि सचिव चेतन दंडवते के नेतृत्व में 30 जून को महाराष्ट्र मंडल में मराठी वर- वधू परिचय सम्मेलन होना था, जिसे स्थगित करना पड़ा। इसकी बड़ी वजह परिचय सम्मेलन में युवाओं के 57 रजिस्ट्रेशन के मुकाबले लड़कियों की ओर से मात्र 6- 7 पंजीयन ही हुए। ऐसे में परिचय सम्मेलन ही असंभव हो गया और स्थगित करना पड़ा। ठेंगड़ी ने कहा कि यह एक उदाहरण है कि लड़कियों और उनके माता-पिता को वर के बायोडाटा व फोटो तो चाहिए लेकिन अपनी बेटी का बायोडाटा प्रसारित करने के लिए उन्हें किसी मध्यस्थता, मैरिज ब्यूरो अथवा शादी डॉट कॉम जैसी सुविधाओं की जरूरत नहीं है।

## श्रीगुरु भागवत छत्तीसगढ़ी और कोसली का हुआ विमोचन




अमन पथ न्यूज

**रायपुर ।** हरियाणा के गुरुग्राम स्थित साई का आंगन परिसर में गुरुवार शाम को गुरु जी डा. चन्द्रभानु सतपथी द्वारा गुरुभागवत छत्तीसगढ़ी ₹ एवं श्रीगुरु भागवत कोसली₹ नामक दो डिजिटल एलबम का विमोचन किया गया। साथ में गुरु भागवत ₹छत्तीसगढ़ी प्रार्थना किताब₹ का विमोचन भी किया गया।

गुरु भागवत छत्तीसगढ़ी प्रार्थना , गुरु जी चन्द्र भानू सतपथी जी के द्वारा लिखित गुरु भागवत उड़िया से ली गयी 34 पंक्तियां हैं जिसे उड़ीसा के मंदिरों में प्रार्थना के रूप में गाई जाती हैं। दोनों एल्बम में गीत व संगीत डा. चन्द्र भानू सतपथी द्वारा प्रदान किया गया है। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करने के उपरांत डा. सतपथी जी ने इनका विमोचन किया । इस अवसर पर अखिलेश चौबे ने श्रीगुरु भागवत छत्तीसगढ़ी की व चारुदत्त मिश्रा ने श्रीगुरु भागवत कोसली की आवश्यकता और उपादेयता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अन्त में साई के आंगन के बच्चों ने श्रीगुरु भागवत की कुछ पंक्तियों का गायन और संबलपुरी नृत्य का प्रदर्शन किया गया ।इस कार्यक्रम में गुरु ग्राम के अलावा छत्तीसगढ़ और पश्चिम ओडिशा के अनेक बुद्धि जीविओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

डा. सतपथी द्वारा गुरु शिष्य परंपरा की महानता को ध्यान में रखते हुए गुरु भागवत की ओडिया भाषा में रचना की है, मूल रूप से ओड़िया में लिखी गयी गुरु भागवत का अब तक देश की 19 भाषाओं अनुवाद किया गया है।

## स्टेट इंस्पायर मानक साइंस कंपिटिशन में संत ज्ञानेश्वर की वर्षा हुई शामिल




अमन पथ न्यूज

**रायपुर ।** स्कूली बच्चों में रचनात्मकता और नवीन सोच की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार सतत प्रयत्नशील है। ऐसे ही प्रयत्न के अंतर्गत विज्ञान और सामाजिक अनुप्रयोगों में निहित 10 लाख नवाचारों को लक्षित करते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के इंस्पायर मानक साइंस काम्पीटिशन के राज्य स्तरीय स्पर्धा में संत ज्ञानेश्वर स्कूल की छात्रा ने अपने मॉडल का प्रदर्शन किया। बताते चलें कि वर्षा के साइंस मॉडल का चयन 236 छात्रों के बनाए मॉडल में से किया गया है। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा चलाए जा रहे इंस्पायर मानक साइंस ऑनलाइन काम्पीटिशन में शिक्षिका रीता सांभरकर के मार्गदर्शन में संत ज्ञानेश्वर स्कूल से दो बच्चों द्वारा बनाए माडल को सबमिट किया था। प्यूफिकेशन ऑफ द एयर का मॉडल छात्रा नुपूर जैन ने बनाया। नुपूर के मॉडल को सभी ने सराहा। वहीं दूसरा मॉडल 10वीं की छात्रा वर्षा प्रियदर्शनी परिडा ने ह्यआटोमैटिक टेक वॉर फ्राम वेलह्न बनाया।

राजधानी के विभिन्न स्कूलों से 236 प्रतिभागियों ने जिला स्तरीय ऑनलाइन स्पर्धा में शिरकत की। इसमें 14 बच्चों को चयन राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए किया गया।

बता दें कि 14 माडल में 13 सरकारी स्कूल के बच्चों के मॉडल है, और एक मॉडल महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित संत ज्ञानेश्वर स्कूल की छात्रा की ओर से बनाया गया है। प्राचार्य गोवर्धन ने बताया कि 1 जुलाई को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन लाइव किया जा रहा है। इसमें भाग लेने के लिए छात्रा वर्षा प्रियदर्शनी परिडा गई हुई हैं।

इस उपलब्धि पर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, सचिव चेतन दंडवते, शाला प्रभारी परितोष डोगनांवकर और सह प्रभारी नवीन देशमुख सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने वर्षा को शुभकामनाएं दी है।

## नारायणा हॉस्पिटल एवं महिला चेम्बर के संयुक्त तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया



अमन पथ न्यूज

**रायपुर ।** महिला चेम्बर अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा बताया कि आज 1 जुलाई 2024 को चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में श्री नारायणा हॉस्पिटल एवं महिला चेंबर के संयुक्त तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन श्री नारायणा हास्पीटल, देवेन्द्रनगर, रायपुर में किया गया जहां महिला चेम्बर के सदस्यों एवं आमजनों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में डॉ. प्रीतम अग्रवाल-चिकित्सा अधीक्षक, हड्डी रोग विशेषज्ञ, कंधे एवं घुटने के विशेषज्ञ, डॉ. ए. चंद्रा राव-वरिष्ठ गहन विशेषज्ञ, डॉ. धनंजय प्रसाद- पैथोलॉजी एवं ब्लड बैंक प्रमुख, डॉ. अंकिता पटेल-बच्चों का चिकित्सक, डॉ.नयन सिंह-आपातकालीन प्रभारी, श्री अतुल सिंघानिया-प्रबंध निदेशक, डॉ. मेघा खेमका प्रशासनिक अधिकारी श्री नारायणा हास्पीटल, रायपुर ने अपना भरपूर सहयोग दिया। श्रीमती अरोरा ने बताया कि चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में स्वैच्छिक रक्तदान हेतु लोगों में जागरूकता लाने तथा रक्तदान करने से होने वाले लाभ की जानकारी देने श्री नारायणा हॉस्पिटल एवं महिला चेम्बर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहां रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु रक्तवीरों एवं चिकित्सकों का महिला चेम्बर द्वारा सम्मान किया गया।

## एनएसयूआई ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर राजधानी में किया प्रदर्शन



अमन पथ न्यूज

**रायपुर ।** लगातर एनएसयूआई द्वारा रायपुर में गैर मान्यता स्कूलों के खिलाफ डीईओ कार्यालय का घेराव किया जा रहा है आज है एनएसयूआई ने ठरवक प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल के नेतृत्व में रायपुर जिला शिक्षा व्यवस्था का शव यात्रा निकाल कर श्रद्धांजलि दिया गया। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने डीईओ कार्यालय के सामने बैठकर जमकर नारेबाजी किया । एनएसयूआई लगातार जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते आ रहे है पर ज्ञापन पर किसी भी प्रकार का जगाबनाही देने पर एनएसयूआई के डीईओ कार्यालय पहुंच आंदोलन किया है ।शवयात्रा प्रदर्शन में प्रदेश सचित कुणाल दुबे, मोनू तिवारी, केशव सिन्हा, भक्तेश्वर वैष्णव , वाइस चेयरमैन पुनेश्वर लहरे, विधानसभा अध्यक्ष अनुज शुक्ला, विशाल मानिकपुरी, जिला महासचिव रजत ठाकुए , शुभम शर्मा , मनीष बांधे, तनिष्क मिश्रा ,अंकित बंजारे , सुजीत सुमेर , अभिनव बांधे, आदि मौजूद थे एनएसयूआई का कहना है लगातार राजधानी में गैर मान्यता स्कूल चल रहे है ङ्ढर के ज्यादातर स्कूलों के पास मान्यता नहीं है। रायपुर में बड़ी संख्या में ऐसे प्ले स्कूल भी चलाए जा रहे हैं, जिनकी न तो मान्यता है और न ही दिशा निर्देशों के अनुसार उन स्कूलों का संचालन हो रहा है। ठरवक का आरोप है कि, स्कूलों में चल रही इस धांधली को रायपुर के जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल संरक्षण दे रहे हैं। उनके ही इशारे पर इन स्कूलों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं हो रहा है। ये बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

### ये है पूरा मामला

राजधानी रायपुर के गली-मोहल्लों में चल रहे निजी स्कूलों की मान्यता को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत मिली थी। जांच के बाद पता चला कि 16 में से सिर्फ 2 स्कूलों को ही मान्यता मिली हुई है। बाकी अन्य के पास मान्यता नहीं है। जिसके बाद से ही ठरवक ने प्रदर्शन कर गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। लगभग महीने भर पहले बिना मान्यता के संचालित होने वाले चैतन्य टेक्नो स्कूल की अमलीडीह ब्रांच को जिला शिक्षा अधिकारी ने सील किया था। मान्यता के बिना छात्रों को एडमिशन देने के कारण स्कूल की दो ब्रांच पर 1-1 लाख रुपए का जुमार्ना किया गया है। लेकिन निजी प्रबंधन के स्कूलों पर कार्रवाई नहीं होने पर ठरवक लगातार जिला शिक्षा अधिकारी से कार्रवाई की मांग कर रहा है।

[संपादकीय]

# संवाद की आवश्यकता

**संसद में 1 जुलाई 2024 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा दिया गया बयान, जिसमें उन्होंने नेता प्रतिपक्ष से संसद को गुमराह न करने का अनुरोध किया, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य और नीतिगत विमर्श के संदर्भ में महत्वपूर्ण है।**

उन्होंने स्पष्ट किया कि अग्निवीर योजना को लागू करने से पहले 158 संगठनों से परामर्श किया गया था और उनके सुझावों को ध्यान में रखा गया था। यह बयान दर्शाता है कि सरकार ने योजना को लागू करने से पहले पर्याप्त विचार-विमर्श और संवाद किया है। अग्निवीर योजना, जो भारतीय सेना में युवाओं को शामिल करने का एक महत्वपूर्ण कदम है, को लेकर विभिन्न दृष्टिकोण और चिंताएं हैं। जहां एक ओर यह योजना युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने का वादा करती है, वहीं दूसरी ओर इसके कार्यान्वयन और संभावित प्रभावों पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। योजना के समर्थकों का तर्क है कि यह युवाओं को राष्ट्रीय सेवा का अवसर प्रदान करती है और सेना में नए उत्साह और ऊर्जा का संचार करेगी। दूसरी तरफ, विरोधी इस योजना के दीर्घकालिक प्रभावों और उसके कार्यान्वयन की प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं। रक्षा मंत्री ने अपने बयान में इस बात पर जोर दिया कि योजना को बहुत सोच-समझकर और परामर्श के बाद लागू किया गया है। यह महत्वपूर्ण है कि नीतिगत मामलों में पारदर्शिता और संवाद बना रहे। किसी भी योजना का सफल कार्यान्वयन तभी संभव है जब उसे व्यापक जनसमर्थन और सहमति मिले। सरकार का यह कदम, जिसमें विभिन्न संगठनों के सुझावों को शामिल किया गया, सराहनीय है, लेकिन इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए निरंतर संवाद और पारदर्शिता बनाए रखना आवश्यक है। नेता प्रतिपक्ष और अन्य विरोधी दलों का कर्तव्य है कि वे सरकार की नीतियों की समीक्षा करें और यदि कोई खामियां हैं, तो उन्हें सामने लाएं। यह लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हालांकि, संवाद और चर्चा में सकारात्मकता और रचनात्मकता बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। संसद को गुमराह करने के आरोप से बचने के लिए तथ्यों पर आधारित तर्क-वितर्क करना आवश्यक है। अंत में, अग्निवीर योजना एक महत्वपूर्ण नीतिगत कदम है, जो देश के युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में उठाया गया है। इस योजना की सफलता के लिए सरकार, विपक्ष और समाज के सभी हिस्सों को मिलकर काम करना होगा। संवाद और सहयोग की भावना से ही हम इस योजना के उद्देश्य को पूर्ण कर सकते हैं।




# अग्निवीर योजना की तथ्यात्मक और सटीक जानकारी सार्वजनिक हो



**रमेश पाण्डेय**
**वरिष्ठ पत्रकार**

अग्निवीर योजना के कार्यान्वयन से पहले, सरकार ने 158 संगठनों से परामर्श किया और उनके सुझावों को ध्यान में रखा। इस प्रक्रिया में शामिल संगठनों में सैनिक संगठन, युवा संगठन, शिक्षा संस्थान, और अन्य सामाजिक संगठन शामिल थे। परामर्श प्रक्रिया के दौरान प्राप्त सुझावों का विश्लेषण किया गया और उन्हें योजना में शामिल किया गया। यह प्रक्रिया योजना की प्रभावशीलता और सफलता को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण थी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का वक्तव्य अग्निवीर योजना के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और पारदर्शिता को दर्शाता है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि योजना को लागू करने से पहले पर्याप्त विचार-विमर्श और परामर्श किया गया था। यह महत्वपूर्ण है कि किसी भी योजना का सफल कार्यान्वयन तभी संभव है जब उसे व्यापक जनसमर्थन और सहमति मिले। लोकतंत्र में विपक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उसका कर्तव्य होता है कि वह सरकार की नीतियों की समीक्षा करे और यदि कोई खामियां हैं, तो उन्हें सामने लाए। हालांकि, यह आवश्यक है कि विपक्ष तथ्यों पर आधारित तर्क-वितर्क करे और संसद में सकारात्मक और रचनात्मक संवाद बनाए रखे।



1 जुलाई 2024 को संसद में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा दिया गया वक्तव्य एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम था। उन्होंने अग्निवीर योजना के संबंध में नेता प्रतिपक्ष को संबोधित करते हुए कहा कि मैं नेता प्रतिपक्ष से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करना चाहता हूं कि कृपया वो संसद को गुमराह करने की कोशिश न करें। अग्निवीर योजना के संबंध में बहुत सारे लोगों से, 158 संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया गया, उनके सुझाव लिये गए, तब यह अग्निवीर योजना लाई गई है। बहुत सोच-समझकर यह योजना लाई गई है। इस बयान ने न केवल संसद में बल्कि पूरे देश में एक महत्वपूर्ण चर्चा को जन्म दिया है। अग्निवीर योजना भारतीय सेना में युवाओं को शामिल करने की एक महत्वाकांक्षी पहल है। इसका उद्देश्य युवाओं को सैन्य सेवा का अवसर प्रदान करना है, जिससे न केवल उनकी व्यक्तिगत विकास में मदद मिलेगी, बल्कि देश की सुरक्षा भी मजबूत होगी। योजना के तहत, चयनित युवाओं को एक निश्चित अवधि के लिए सेना में सेवा करने का अवसर मिलेगा, जिसके बाद वे विभिन्न प्रकार के लाभों के साथ सामान्य नागरिक जीवन में वापस लौट सकेंगे। अग्निवीर योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इससे वे न केवल आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकेंगे, बल्कि अपने देश की सेवा भी कर सकेंगे। योजना का उद्देश्य सेना में नए उत्साह और ऊर्जा का संचार करना है। इससे सेना की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और देश की सुरक्षा को मजबूत किया जा सकेगा। अग्निवीर योजना युवाओं को व्यापक राष्ट्रीय सेवा का अवसर प्रदान करती है। इससे उनमें देशभक्ति की भावना का विकास होगा और वे देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझ सकेंगे। अग्निवीर योजना के कार्यान्वयन से पहले, सरकार ने 158 संगठनों से परामर्श किया और उनके सुझावों को ध्यान में रखा। इस प्रक्रिया में शामिल संगठनों में सैनिक संगठन, युवा संगठन, शिक्षा संस्थान, और अन्य सामाजिक संगठन शामिल थे। परामर्श प्रक्रिया के दौरान प्राप्त सुझावों का विश्लेषण किया गया और उन्हें योजना में शामिल किया गया। यह प्रक्रिया योजना की प्रभावशीलता और सफलता को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण थी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का वक्तव्य अग्निवीर योजना के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और पारदर्शिता को दर्शाता है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि योजना को लागू करने से पहले पर्याप्त विचार-विमर्श और परामर्श किया गया था। यह महत्वपूर्ण है कि किसी भी योजना का सफल कार्यान्वयन तभी संभव है जब उसे व्यापक जनसमर्थन और सहमति मिले। लोकतंत्र में विपक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उसका कर्तव्य होता है कि वह सरकार की नीतियों की समीक्षा करे और यदि कोई खामियां हैं, तो उन्हें सामने लाए। हालांकि, यह आवश्यक है कि विपक्ष तथ्यों पर आधारित तर्क-वितर्क करे और संसद में सकारात्मक और रचनात्मक संवाद बनाए रखे। रक्षामंत्री का अनुरोध विपक्ष से था कि वे संसद को गुमराह करने से बचें और तथ्यात्मक और सटीक जानकारी पर आधारित बहस करें। अग्निवीर योजना से युवाओं को नए अवसर मिलेंगे और वे अपने कौशल और क्षमता को बढ़ा सकेंगे। इससे उनकी योग्यता में वृद्धि होगी और वे समाज में सकारात्मक योगदान दे सकेंगे। नए और ऊर्जावान युवाओं के शामिल होने से सेना की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। इससे देश की सुरक्षा को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। योजना से युवाओं में राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना का विकास होगा। इससे समाज में एकता और सद्भाव को बढ़ावा मिलेगा। योजना का सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है। इसके लिए सभी संबंधित पक्षों का सहयोग और समन्वय आवश्यक है। योजना के तहत चयनित युवाओं की आकांक्षाओं और उम्मीदों का प्रबंधन करना महत्वपूर्ण है। उन्हें उचित प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान करना आवश्यक है। योजना के दीर्घकालिक प्रभावों का मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण है। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि योजना अपने उद्देश्य को प्राप्त कर रही है और उससे सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। अग्निवीर योजना भारतीय सेना और युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का वक्तव्य इस योजना के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और पारदर्शिता को दर्शाता है। यह महत्वपूर्ण है कि सभी संबंधित पक्ष मिलकर योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए काम करें। विपक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन उसे तथ्यात्मक और सटीक जानकारी पर आधारित बहस करनी चाहिए। योजना के सफल कार्यान्वयन से युवाओं का सशक्तिकरण होगा, सेना की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, और समाज में राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना का विकास होगा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का राशि फल

**मेष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा।

**वृषभ** – प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**मिथुन** – परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा।

**कर्क** – किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है।

**सिंह** – नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा।

**कन्या** – बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है।

**तुला** – स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें।

**वृश्चिक** – यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा।

**धनु** – घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी।

**मकर** – भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा।

**कुंभ** – पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे।

**मीन** – स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे।

**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

## आज का विचार

आपका हुनर आपसे कोई नहीं छीन सकता, और आप अगर वो काम करोगे, जिसका हुनर आपके पास है, तो आपको सफल होने से कोई नहीं रोक पाएगा।

## प्रेरक कहानी

### आपका हुनर आपसे कोई नहीं छीन सकता

गांव के एक छोटे से कोने में, अर्जुन नाम का एक लड़का रहता था। अर्जुन की एक खासियत थी - वह मिट्टी के बर्तन बनाने में माहिर था। बचपन से ही उसने अपने दादा से यह कला सीखी थी और अब वह गाँव में सबसे अच्छे बर्तन बनाने वाला बन गया था। एक दिन गांव में एक बड़े व्यापारी का आगमन हुआ। वह व्यापारी बहुत लालची और चालाक था। उसने अर्जुन के बर्तनों की तारीफ की और उससे कहा, 'तुम्हारे बर्तन बहुत सुंदर हैं। अगर तुम मेरे साथ शहर चलो तो मैं तुम्हें बहुत पैसा दूंगा।' अर्जुन को लगा कि यह एक अच्छा अवसर है और उसने व्यापारी के साथ जाने का फैसला किया। शहर पहुंचने पर व्यापारी ने अर्जुन को अपने घर में एक कमरे में बंद कर दिया और उसे बर्तन बनाने का आदेश दिया। व्यापारी ने सोचा कि वह अर्जुन की मेहनत का फायदा उठाकर बहुत सारा पैसा कमा सकता है। अर्जुन को अपने हुनर पर भरोसा था और उसने सोचा कि वह किसी भी हालत में अपने हुनर को बनाए रखेगा। दिन बीतते गए और अर्जुन ने अपनी मेहनत से बहुत सुंदर बर्तन बनाए। व्यापारी ने उन्हें ऊंचे दामों पर बेचा और खुद को अमीर बना लिया। लेकिन अर्जुन को इसका कोई लाभ नहीं मिला। वह दुखी था लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी। एक रात, अर्जुन ने तय किया कि वह इस कैद से भाग निकलेगा और फिर से अपने गांव लौटेगा। उसने चुपके से व्यापारी के घर से भागने की योजना बनाई और एक दिन रात के अंधेरे में वह वहां से निकल पड़ा। अपने गांव लौटने पर अर्जुन ने अपने हुनर को फिर से इस्तेमाल किया और लोगों के लिए सुंदर बर्तन बनाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे उसकी मेहनत रंग लाई और उसके बर्तन की मांग बढ़ने लगी। इस घटना ने अर्जुन को यह सिखाया कि आपका हुनर आपसे कोई नहीं छीन सकता। चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, अगर आपके पास सच्ची लगन और हुनर है, तो आप हर मुश्किल का सामना कर सकते हैं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। अर्जुन ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और हुनर के साथ सब कुछ संभव है।



## वास्तु टिप्स



अच्छी कमाई या व्यापार के बावजूद भी पैसा जमा नहीं हो पा रहा हो और खर्चे ज्यादा हो रहे हों, तो यह वास्तु दोष का संकेत हो सकता है।

# मेहनत और संकल्प से जीवन में सफलता पाएं



**अमन पथ विशेष**

जहां सफलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता है। वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य जैसी कोई चीज नहीं होती है पर सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उसके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैं। इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं। असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैं। वस्तुतः भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता, चुनौतियां स्वीकार करता है और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था, जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता, मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं। उन्हें ही समाज सफल व्यक्ति एवं भाग्यवान होने की श्रेणी में रखता है। साहसी व्यक्ति के मन में हिचक नहीं होती वह किसी भी निर्णय लेने में कभी किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता, अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए वह अपने साहस और श्रम पर विश्वास रख आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहता है। नेपोलियन बोनापार्ट के अनुसार भाग्य केवल सक्रिय मस्तिष्क का साथ देता है, इसीलिए मनुष्य को अपना मस्तिक सदैव क्रियाशील व सक्रिय रखना चाहिए, वास्तव में हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, हम वैसे ही बन जाते हैं, जिसने विचारों की ऊर्जा को पहचाना, उसका जीवन सकारात्मक तथा सफलता के कदम चूमता है। अपने लक्ष्य के बारे में सदैव विचार करते रहें एवं उपलब्ध संसाधनों का रोना रोने के बजाय यह सोचना आवश्यक होगा कि हम अपना सर्वोत्तम कैसे दे सकते हैं। ऐसे विचारों और साहस के बहुत बड़े उदाहरण मीराबाई चानू, बजरंग पूनिया और गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा हैं, जो देश के लिए बहुत बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा अन्य भी जिन्होंने ओलंपिक 2020 जापान में देश के लिए खेल में चार और मेडल प्राप्त किया और देश का गौरव बढ़ाया। इन सब को बधाइयों के साथ शुभकामनाएं भी हैं, इनकी मेहनत लगन और साहस को देश के 135 करोड़ आवाम का अभिनंदन तथा वंदन है। थॉमस कूलर के अनुसार बुद्धिमान व्यक्ति अवसर को एक अच्छे भाग्य में बदल देता है। और वही व्यक्ति जो अवसर की तलाश में रहता है, उसे परिवर्तित कर अच्छे परिणाम देकर, अपने परिवार, समाज देश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करवाता है।

स्वयं को मिले अवसरों को सफलता में बदल डालिए, आपका हर पल बहुत कीमती है, उसे नष्ट ना करें, सफलता को अपनी आदत में शुमार कर लीजिए फिर देखिए दुनिया आपकी, संसार आपका, सफलता आपके द्वार पर होगी। क्या आपने कभी विचार किया की ओलंपिक में गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा और नीरज चोपड़ा की सफलता का राज क्या है, निसंदेह उनके मन में केवल मेहनत परिश्रम और साहस था, उनके दिमाग में डर नाम की कोई चीज नहीं थी। यही उनकी सफलता का बड़ा फलसफा है।



**संजीव ठाकुर,**
**रायपुर, छत्तीसगढ़**

# राहुल के भाषण के दौरान लोकसभा में पक्ष-विपक्ष में तीखी नोकझोंक

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सदस्य खुद के हिन्दू होने का दावा करते हैं, लेकिन हिन्दू हिंसक नहीं होता जबकि ये नफरत फैलाते हैं और हिंसा को बढ़ावा देते हैं। भाजपा ने हिन्दू धर्म पर हमले का मुद्दा उठाया और कहा कि श्री गांधी पूरे हिन्दू समाज को हिंसक कह रहे हैं जो गलत है और उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। इस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हस्तक्षेप किया तो सत्ता पक्ष के लोगों ने नियमों का हवाला देते हुए श्री गांधी से कहा कि उन्होंने पूरे हिन्दू समाज को हिंसक कहा है इसलिए उन्हें पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। श्री गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि संविधान पर तथा देश के सिस्टम पर भाजपा ने रणनीति के तहत हमला शुरू किया है। सत्ता की शक्ति का इस्तेमाल कर अल्पसंख्यकों तथा विपक्ष के सदस्यों पर हमले हो रहे हैं और उन्हें जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के इस हमले का शिकार खुद मैं भी रहा हूं। मुझे दो साल के लिए जेल भेजने का आदेश मिला, मुझे संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित किया गया, मेरा घर छीना गया और जब इस तरह के आक्रमण होते हैं तो पूरा विपक्ष संविधान विरोधी आइडिया के खिलाफ एकजुट हो जाता है।

## ट्वीटर ट्रेंडिंग



राहुल गांधी पहली बार नेता प्रतिपक्ष बने हैं, उन्हें सम्मान से बात करनी चाहिए लेकिन वे क्या-क्या बोल गए। क्या किसी और धर्म की आस्था के बारे में वे सदन में इस तरह की हल्की बात कर सकते हैं?
**- रवि शंकर प्रसाद, भाजपा सांसद**



राहुल गांधी ने सभी धर्मों के बारे में कहा, उन्होंने इस्लाम पर बोला, बौद्ध पर बोला लेकिन भाजपा इसे ऐसे दिखा रही है कि जैसे राहुल गांधी ने सिर्फ हिंदुओं पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग नफरत फैलाते हैं। उनका कहना है कि कोई भी धर्म ये नहीं सिखाता की हम किसी को डराएं या नफरत फैलाएं।
**- मीसा भारती, राजद सांसद**



कोई भी शिव भक्त इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता। आप लोगों की भावना के साथ खिलवाड़ कर रहे थे। विपक्ष के नेता के तौर पर अगर आपको बात रखनी है तो आप तथ्यों के साथ कीजिए। आपने सिर्फ सदन को भ्रमित करने का काम किया। सिर्फ गलत बयानबाजी करके सदन को भ्रमित किया। मैं गृह मंत्री और स्पीकर का धन्यवाद करूंगा जिन्होंने उनको सत्यापन के लिए बाध्य किया।
**-चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री**



मुझे नहीं पता कि भाजपा को क्या हुआ। राहुल गांधी ने बताया कि असली हिंदू कौन है। भाजपा हिंदुओं का इस्तेमाल सिर्फ चुनाव जीतने के लिए करते हैं। राहुल गांधी का भाषण बहुत स्पष्ट था। लोग भी टीवी की तरफ देख रहे हैं। उन्हें पता है कि राहुल गांधी कैसे बोल रहे हैं।
**- के.सी. वेणुगोपाल, कांग्रेस सांसद**

# राजधानी में भी आदिवासी असुरक्षित : दीपक बैज

अमन पथ न्यूज



रायपुर । राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य में एसपी कलेक्टर कार्यालय जलाये जा रहे, मॉब लीचिंग हो रही, थाने में चाकूबाजी हो रही सरकार सुशासन का राग अलाप रही। बेहद दुर्भाग्यजनक है कि आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में आदिवासी सुरक्षित नहीं है। बस्तर का आदिवासी अब रायपुर में भी सुरक्षित नहीं है। आदिवासी बच्चे को पीट-पीट कर मार डाला जा रहा है। बस्तर के लोहंडीगुड़ा में रहने वाला 21 साल का मासूम बच्चा मंगल मुराया का कसूर क्या था? उसने पढ़ाई करने नया रायपुर के एक निजी कॉलेज में एडमिशन लिया था। उसका सिर्फ इतना ही कसूर था कि वह मासूम आदिवासी था। उसने बड़ी मासूमियत से रास्ता पूछा था, लिफ्ट मांगा था उसको सरेआम गाड़ी में बैठा कर ले जाया गया पीट-पीट कर मार डाला गया। हत्यारों ने उसका एटीएम कार्ड छिन लिया पिन मांग रहे थे वह गरीब का बच्चा पिन नहीं बताया तो मार डाला। क्या यही है कानून का राज जहां पर रास्ता पूछने पर एक कॉलेज के छात्र को मार डाला गया। उस बच्चे के आदिवासी मां-बाप ने अपने बच्चे को पढ़ाने का सपना देखा था। उन्हें क्या पता था छत्तीसगढ़ में कानून का नहीं जंगल राज चल रहा है। उसका बच्चा पढ़ लिख कर अपना कैरियर नहीं बना पायेगा, भाजपा के राज में उसकी लाश घर वापस आयेगी। पुलिस निष्क्रिय और निकम्मी बन गयी है। उन्होंने कहा कि अनुभवहीन गृहमंत्री दिग्भ्रमित है। कानून का राज कौन स्थापित करेगा? 6 माह में ही प्रदेश की जनता को यह लगने लगा है कि राज्य में कोई सरकार है ही नहीं है? जबसे राज्य में भाजपा की सरकार बनी है। नागरिको को भय के माहौल जीवन जीना पड़ रहा है। अपराधी बेलगाम हो गये है। साय सरकार के राज में महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गयी है। 6 माह में राज्य में 300 से अधिक बलात्कार, 80 सामूहिक बलात्कार, 200 से अधिक हत्यायें। चाकूबाजी, लूट, डकैती, चेन स्नेचिंग की अनगिनत घटनाएं हो चुकी है। राजधानी में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके है कि अपराधी बिना किसी वाहन के पैदल चल कर चैन खींच कर भाग जाते है। राजधानी में थाने में चाकू मार दिया जाता है पुलिस असहाय हो गयी है। नक्सलवादी घटनायें 6 माह में बढ़ गयी। रोज समाचारों में प्रदेश भर में तीन से चार मासूम अबोध बच्चियों के साथ तथा सामूहिक दुराचार की घटनाओं की खबरें सामने आ रही। राजधानी से लगे आरंग में मॉब लीचिंग में तीन लोगों की पीट-पीटकर हत्या कर दी जाती है। सरकार अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करने के बजाये उनको संरक्षण देने में लगी है। हत्यारों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने के बजाय सरकार सदोष मानव वध का मुकदमा दर्ज करवाया है ताकि अपराधियों को बचाया जा सके। बैगा जनजाति के पूरे परिवार को जला कर मार डाला गया। महिलाओं बच्चियों को बहला फुसला कर प्रदेश के बाहर ले जाया जाता है राजनांदगांव के स्टेशन में 21 महिलाओं बच्चियों को तस्कर ले जा रहे थे जिन्हें रोका गया लेकिन अपराधियों के सत्तारूढ़ दल के लोगों से संबंध थे, वे थाने से छोड़ दिये गये। गृहमंत्री का गृह जिला तो हत्या, लूट, मानव तस्करी का केंद्र बन गया है। 6 माह में एक दर्जन से अधिक दुर्दांत हत्या में कवर्धा में हुई है। हर दिन बलात्कार की घटनाएं हो रही है। गृहमंत्री अपना गृह जिला नहीं संभाल पा रहे है। हाई कोर्ट ने भी राज्य की कानून व्यवस्था पर दो बार सवाल खड़ा किया है। 6 माह में छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है। गुंडे, अपराधी, लूटेंरे, चोर बेलगाम हो गये है, बलात्कार और हत्यायें आम हो गयी है। इन घटनाओं को रोकने की दिशा में सरकार की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। सत्तारूढ़ दल के लोग अपराधियों के पैरोकार बन गये है। पुलिस की पीसीआर वैन तो वसूली वैन बन चुकी है जो नशाखोरों, अपराधियों को चंद रुपयों के बदले संरक्षण देती है। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गयी, पोटाकेबिन में बच्ची की जलकर मौत, अबोध बच्ची मां बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनायें बढ़ गयी।

# दीप्ति माहेश्वरी ने केन्द्रीय मंत्रियों से की शिष्टाचार भेंट



अमन पथ न्यूज

**जयपुर**। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने सोमवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री एवं पार्टी पदाधिकारियों से शिष्टाचार भेंट कर लोकसभा चुनावों में ऐतिहासिक विजय पर बधाई दी। विधायक दीप्ति ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री जगत प्रसाद नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी, विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं अन्य पदाधिकारियों से भेंट कर केन्द्र में भाजपा की लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए सरकार बनने पर बधाई दी। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने दिल्ली प्रवास में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से शिष्टाचार भेंट कर लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बन कर राजस्थान का गौरव बढ़ाया है। विधायक दीप्ति ने उन्हें राजसमन्द आने के लिए निमंत्रण दिया। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे ने हिन्दू धर्म को हिंसक बता कर अपने असली इरादों को प्रकट किया है। कांग्रेस के शहजादे ने हिन्दू धर्म का अपमान करने के लिए लोकसभा मंच का दुरुपयोग किया है। कांग्रेस का एक सूत्री कार्यक्रम सनातन धर्म को नष्ट करना है।

# न्याय दिलाने में नए कानून होंगे ज्यादा कारगर : मंत्री नितिन नवीन



अमन पथ न्यूज

**पटना**। क्राइम से जुड़े देश में तीन नए कानून लागू कर दिए गए हैं। नए कानून लागू होने के बाद प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। बिहार सरकार के विधि मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि नए कानून न्याय दिलाने में ज्यादा कारगर होंगे।

नितिन नवीन ने कहा कि केंद्र सरकार ने जो तीन नए कानून लागू किये हैं, वह लोगों को न्याय दिलाने में पहले के कानून से ज्यादा कारगर होंगे। इस कानून के माध्यम से समय सीमा के भीतर लोगों को न्याय मिलेगा। न्याय मिलने में देरी की शिकायत खत्म होगी। इन कानूनों के लागू होने के बाद न्याय प्रक्रिया में और पारदर्शिता आएगी।

पटना मेट्रो को लेकर उन्होंने कहा कि मेट्रो का पहला फेज 2026 में शुरू हो, इसका लक्ष्य रखकर काम किया जा रहा है। लक्ष्य को 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा।

पहले और दूसरे फेज के मेट्रो निर्माण कार्य पूरा होने के साथ ही मेट्रो विस्तार पर राज्य सरकार से विभाग की सहमति बन चुकी है।

उन्होंने कहा कि बरसात में जलजमाव की स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम नगर निकाय के पदाधिकारी 1 से 2 घंटे फील्ड में रोजाना निरीक्षण करें। सिस्टम को सुधारने के लिए पदाधिकारियों और अधिकारियों को खुद फील्ड में रहना बेहद जरूरी है। पूरे बरसात फील्ड में रखकर पदाधिकारी को निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है।

# पीएम के आगे झुकते हैं, मेरे आगे तनते हैं , राहुल ने स्पीकर पर साधा निशाना

अमन पथ न्यूज



**नई दिल्ली** । संसद सत्र के दौरान सोमवार का दिन हंगामे भरा रहा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने भाजपा पर हिंसा और नफरत फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि बीते 10 वर्षों से संविधान और भारत की अवधारणा (आइडिया ऑफ इंडिया) पर सुनियोजित तरीके से हमला किया जा रहा है। कांग्रेस सांसद ने कहा, ₹आज सुबह मैं आया। (रक्षामंत्री) राजनाथ सिंह ने मुस्कराकर मुझे नमस्ते किया। पीएम (नरेंद्र) मोदी बैठे रहे, कोई मुस्कराहट नहीं..सीरियस। नमस्ते भी नहीं करते कि कहीं मोदी जी न देख लें, नहीं समस्या हो जाएगी। यह कहानी (केंद्रीय मंत्री) नितिन गडकरी की भी है।₹ इस बीच विपक्ष की ओर से शोर हुआ तो राहुल ने कहा कि अयोध्या को छोड़िए ये तो भाजपा वालों को भी डराते हैं। इसी दौरान प्रधानमंत्री ने खड़े होकर कहा, लोकतंत्र ने यह सिखाया है कि मुझे विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिए। यह सुनकर सत्ता पक्ष के सदस्य हंसने लगे। इसके बाद राहुल गांधी उठे और उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने भाजपा पर डर का माहौल पैदा करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा, यात्रा के दौरान एक महिला मेरे पास आई। उन्होंने कहा, मुझे मार रहा है। मैंने पूछा-कौन मार रहा है? इस पर उन्होंने मुझे से कहा- मेरा पति मार रहा है, क्योंकि महंगाई की वजह से मैं खाना नहीं खरीद पाई। उन्होंने कहा कि महंगाई की वजह से हजारों महिलाओं को पीटा जा रहा है। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा, मुझ पर हमला किया गया। प्रधानमंत्री के आदेश पर मेरे खिलाफ 20 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए। दो साल की सजा दई गई। मुझसे 55 घंटे तक पूछताछ की गई।

मैं भाजपा और आरएसएस को बताना चाहता हूं कि हमने किन विचारों का उपयोग भारत की अवधारणा की रक्षा करने के लिए किया है। राहुल गांधी ने सदन में भगवान शिवशंकर का चित्र दिखाया और कहा, शिवजी कहते हैं कि डरो मतो-डराओ मत। उन्होंने कहा कि संविधान और भाजपा के विचारों का विरोध करने वाले करोड़ों लोगों पर हमला किया गया है। कई लोगों पर निजी तौर पर हमला किया गया। कई नेताओं को जेल में डाला गया।

### स्पीकर ओम बिरला पर किया निजी हमला

इस दौरान उन्होंने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला पर भी निजी हमला बोला। उन्होंने कहा, आप जब पीएम मोदी से हाथ मिलाते हैं तो झुक जाते हैं, लेकिन मुझसे मिलने के दौरान सीना तानकर खड़े होते हैं। लोकसभा स्पीकर को निष्पक्ष होना चाहिए। इस पर स्पीकर ने जवाब दिया, मेरे संस्कार सिखाते हैं कि बड़ों के आगे झुककर बात करनी चाहिए।

समान उम्र के लोगों के साथ बराबर का व्यवहार रखना चाहिए। प्रधानमंत्री सदन के नेता हैं। मेरे संस्कार सिखाते हैं कि बड़ों के आगे झुककर नमस्कार करो। जरूरी हो तो पैर छूकर सम्मान करो। वहीं, अपने बराबर के और छोटे लोगों से बराबरी का व्यवहार करो।

# उपराष्ट्रपति ने राज्यपाल को फोन कर जन्म दिन की बधाई और शुभकामनाएं दी



**जयपुर**। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को राज्यपाल कलराज मिश्र को फोन कर जन्म दिन की बधाई और शुभकामनाएं दी। उपराष्ट्रपति ने उनके स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना की।

### विभिन्न प्रदेश के राज्यपालो ने भी बधाई दी

जन्मदिन के अवसर पर राज्यपाल मिश्र को असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मेघालय के राज्यपाल फागू चौहान एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित विभिन्न राज्यपालो एवं गणमान्यजनों ने जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनायें दी।

# हिंदुओं के देश में इस तरह की टिप्पणी अस्वीकार्य, राहुल गांधी मांगें माफी : महंत

अमन पथ न्यूज



**नई दिल्ली** । लोकसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से 'हिंदू' को लेकर दिये गए बयान के बाद संत समाज ने बड़ा हमला बोला है। अयोध्या हनुमान गढ़ी के पुजारी महंत राजू दास ने कहा कि जिस प्रकार से राहुल गांधी ने हिंदू समाज को हिंसक कहा, हम उसकी निंदा और घोर विरोध करते हैं। उनका बयान दुखद और हिंदू समाज को आहत करने वाला है। राहुल गांधी अगर हिंदू समाज के लोगों के साथ उठते, बैठते और संवाद करते तो वो सनातन धर्म के बारे में जानते। लेकिन वो तो उनके साथ नहीं बैठते, तभी तो वो हिंदू समाज को हिंसक कह रहे हैं। राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, हिंदू नेताओं से निवेदन करता हूं कि अगर वो अपने आप को हिंदू मानते हैं तो राहुल गांधी के इस बयान की निंदा करें। विपक्ष के हिंदू सांसद सदन से मांग करें कि जब तक राहुल गांधी माफी नहीं मांग लेते, तब तक उन्हें बोलने की अनुमति न दी जाए। लोकतंत्र के मंदिर में हिंदुओं और बहुसंख्यकों के देश में इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है। वहीं काशी के संतों ने राहुल गांधी के हिंदू वाले बयान का विरोध किया है। अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का विचार हिंदू विरोधी है। हिंदू शांत रहता है लेकिन समय आने पर उसको जवाब देना आता है। सनातन धर्मावलंबियों को हिंसक कहना घोर निंदनीय है। राहुल गांधी के हिंदू विरोधी रुख से पूरा देश परिचित है। जम्मू कश्मीर में हिंदुओं की हत्या, मां बहनों के साथ अत्याचार, केरल और बंगाल में हिंदुओं की हत्या पर चुप रहने वाली कांग्रेस पार्टी से हम अपेक्षा नहीं करते कि वो हिंदू हितों की बात रे। दरअसल, राहुल गांधी ने कहा कि जो लोग अपने आप को हिंदू कहते हैं, वह 24 घंटे हिंसा, हिंसा, हिंसा; नफरत, नफरत, नफरत, असत्य, असत्य, असत्य करते रहते हैं। ये हिंदू हैं ही नहीं। आप हिंदू हो ही नहीं सकते। हिंदू धर्म में साफ लिखा है कि सत्य के साथ खड़ा होना चाहिए। सत्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। पीएम मोदी ने राहुल के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि इस संविधान ने मुझे सिखाया है कि मुझे विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिए। पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना गंभीर बात है। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी और बीजेपी पूरा हिंदू समाज नहीं है।

# लिख के ले लीजिए, गुजरात में हम आपको हराएंगे लोकसभा में राहुल की BJP को चुनौती

अमन पथ न्यूज

**नई दिल्ली** । राज्यसभा का सत्र शुरू हुआ। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, नीट और अग्निपथ जैसे मुद्दों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। इस दौरान दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ।

### महुआ मोइत्रा ने भाजपा पर साधा निशाना

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा, "पिछली बार जब मैं यहां खड़ी थी तो मुझे बोलने नहीं दिया गया। लेकिन सत्ताधारी दल ने एक सांसद की आवाज दबाने की बहुत भारी कीमत चुकाई है।

मुझे बैठाने के चक्कर में जनता ने आपके 63 सदस्यों को स्थायी रूप से बैठा दिया।₹ राहुल गांधी ने सरकार पर रोजगार को खत्म करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आप सरकारी क्षेत्र का निजीकरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां कांग्रेस पार्टी नहीं, विपक्ष के नेता के तौर पर हर छोटी पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। जब हेमंत सोरेन और केजरीवाल जेल में हैं। ये मुझे परेशान करता है।



राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि आयकर विभाग, ईडी सब छोटे व्यापारियों के पीछे पड़े रहते हैं, जिससे अरबपतियों का रास्ता साफ हो। मैं गुजरात गया था। टेक्सटाइल इंडस्ट्री वालों ने बताया कि अरबपतियों का रास्ता साफ करने के लिए जीएसटी लाया गया। इस पर किसी ने कहा कि गुजरात भी जाते हैं क्या।

राहुल गांधी ने कहा कि जाता रहता हूं. उन्होंने ये भी कहा कि इस बार गुजरात में आपको हराएंगे।

### लोकसभा में मचा हंगामा

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि संविधान पर संगठित हमले हो रहे हैं। राहुल ने आगे कहा, खुद को हिंदू कहने वाले हिंसा-हिंसा कहते हैं।

इस पर सदन में हंगामा होने लगा। तो गांधी ने आगे कहा कि यह इसलिए शोर कर रहे है क्योंकि तीर सही जगह पर लगा है।

# महायुति के सांसदों ने की पीएम मोदी से मुलाकात विकास कार्यों पर हुई बात

अमन पथ न्यूज



**मुंबई** । केंद्र में एनडीए की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देने का सिलसिला जारी है। शिवसेना और एनसीपी के नवनिर्वाचित सांसदों ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर उन्हें बधाई दी। साथ ही सभी सांसदों ने पीएम मोदी को विट्ठल रखुमाई की एक प्रतिमा उपहार के तौर पर दी। मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने महाराष्ट्र में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने करीब आधे घंटे तक इस विषय पर सांसदों से चर्चा की। पीएम ने बैठक में आशा जताई कि सभी सांसद प्रदेश के विकास के लिए सकारात्मक और सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाएंगे। गौरतलब है कि 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा। 48 सीटों वाले महाराष्ट्र में भाजपा की 9 सीटों के साथ एनडीए के खाते में महज 17 सीटें आईं। इनमें से एकनाथ शिंदे की शिवसेना की 7, और अजीत पवार की 1 सीट शामिल है। जबकि इंडी गठबंधन ने 30 सीटों पर जीत हासिल की, जिनमें कांग्रेस के खाते में 13, उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) 9 और शरद पवार की एनसीपी को 8 सीटों पर जीत मिली। वहीं 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा और शिवसेना साथ मिलकर चुनाव लड़े थे।

# युवाओं से किया गया वादा किया जा रहा है पूराः मुख्यमंत्री भजनलाल

अमन पथ न्यूज

**श्रीगंगानगर** । युवाओं के सपनों को साकार कर विकसित राजस्थान की राह प्रशस्त करने के संकल्प के साथ प्रदेश की बागडोर संभालने वाले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। सरकार ने युवाओं से जो वादे किए उन्हें त्वरित गति से पूरा किया जा रहा है। सरकार गठन के तत्काल बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने स्वयं रूचि लेते हुए भर्तियां प्रक्रिया तेजी से पूर्ण कराई। इसके परिणाम स्वरूप महज 3-4 माह के अल्प कार्यकाल में ही राज्य सरकार ने 20 हजार से अधिक युवाओं को राजकीय सेवाओं में नियुक्तियां प्रदान कर सौगात दी। इन नवनियुक्त कार्मिकों की राजकीय सेवाओं की शुरूआत उत्सवी अंदाज में करते हुए उनका उत्साह बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अनूठा नवाचार किया है। इसके तहत 29 जून 2024 को प्रदेश में पहली बार मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित किया गया। राज्य एवं जिला स्तर पर होने वाले इस कार्यक्रम में प्रदेश भर में नवनियुक्त सभी कार्मिकों का अभिनंदन किया गया। वहीं 5000 से अधिक कार्मिकों को समारोहपूर्वक नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गये। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री स्वयं चिन्हित कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। मुख्यमंत्री लोक सेवकों को कर्मयोगी की संज्ञा देते आए हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव भी कार्मिकों को कर्मयोगी की दीक्षा देने का महायज्ञ सिद्ध होगा।



### यह है उद्देश्य

राजकीय सेवा में नियुक्ति का क्षण किसी भी व्यक्ति के लिए उत्सव से कम नहीं है। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का मूल उद्देश्य नवनियुक्त कार्मिकों की खुशी को उत्सव के रूप में मनाकर उसके उत्साह को बढ़ाना है। इसके साथ ही कार्मिकों को यह अहसास कराना है कि वह बहुत बड़े परिवार का हिस्सा बनने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कार्मिकों को कर्मयोगी के रूप में संबोधित करते हैं। नवनियुक्त कार्मिकों को प्रदान किए जाने वाले शुभकामनाएं संदेश में भी मुख्यमंत्री ने कार्मिकों के लिए कर्मयोगी शब्द का ही इस्तेमाल किया है। इस आयोजन के माध्यम से कार्मिकों को कर्मयोगी की भांति अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करने की सीख देने का प्रयास किया है।

### यह है मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर तत्परता से कार्य कर रही है। सरकार गठन के अल्प काल में ही प्रदेश में तकरीबन 20 हजार युवाओं को राजकीय सेवा में नियुक्त प्रदान की जा चुकी है। इन नवनियुक्त कार्मिकों को राजकीय सेवाओं में उत्सवी शुरूआत देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अनूठा नवाचार करते हुए मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव की परिकल्पना की। कार्यक्रम में कार्मिकों को वेलकम किट भेंट किए गये। इसमें मुख्यमंत्री का संदेश, लोक सेवक के दायित्व पुस्तिका, पेन-स्लिप पेड आदि शामिल थे।

# अघरिया समाज एक मेहनतकश समाज: श्रीमती चातुरी नंद

- अखिल भारतीय अघरिया समाज के वार्षिक सम्मेलन, प्रतिभा सम्मान, एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर में शामिल हुई विधायक चातुरी नंद
- सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की



अमन पथ न्यूज

महासमुंद। अखिल भारतीय अघरिया समाज के वार्षिक सम्मेलन, प्रतिभा सम्मान, एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्रीमती चातुरी नंद शामिल हुईं।कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के आराध्य देव भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती चातुरी नंद ने कहा कि अघरिया समाज एक मेहनतकश समाज है। समाज आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। समाज के लोगों का स्नेह और दुलार मुझे सदैव मिला है।

उन्होंने आत्मीय स्वागत के लिए अघरिया समाज का आभार जताया। विधायक नंद ने अघरिया समाज के भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की।

कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल अखिल भारतीय अघरिया समाज के केंद्रीय अध्यक्ष भुनेश्वर पटेल, उपाध्यक्ष गेसमोती पटेल, कोषाध्यक्ष द्वारिका पटेल, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, दीनदयाल पटेल, लक्ष्मण पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, प्रेमशीला नायक, खेमराज पटेल,नेहरू पटेल, दुष्यंत पटेल, गोपाल नायक, विश्वनाथ नायक, अमृत पटेल और तोश कुमार पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कमल पटेल, भेष कुमार पटेल, डंका धर चौधरी, रघु राम पटेल, कन्हैया पटेल, गंगा मनोज पटेल, सरपंच हेमंत कुमारी पटेल, ओमप्रकाश पटेल, गोपाल पटेल, तोष कुमार पटेल, विजय पटेल, सुशील नायक, कुमार सिंह चौधरी, रविलाल पटेल, श्रवण पटेल, लीला कांत पटेल, पद्मलोचन पटेल, उग्रसेन पटेल, सुशीला नायक, राधिका नायक, हीरा चौधरी, निर्मला पटेल, डिग्री नायक, युधिष्ठिर चौधरी समेत अघरिया समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अघरिया समाज ने किया मांसाहार का त्याग

कार्यक्रम में अघरिया समाज ने प्री वेडिंग बंद करने, मांसाहार का त्याग और 8 बजे के पहले बारात आगमन का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों ने लोगों ने उपरोक्त प्रस्ताव पर अपनी सहमति देते हुए निर्णय को स्वागतयोग्य बताया।

### मेघावी छात्रों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में मेघावी छात्रों को सम्मानित कर उनको प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में कु माधुरी पटेल गायत्री पटेल, देवकी चौधरी, गीतेश पटेल, धर्मेंद्र चौधरी, सौरभ चौधरी, दिव्या पटेल, यामिनी चौधरी,बृजेश कुमार चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, चंचला चौधरी,आंचल पटेल समेत उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया।

# ग्रामीणों ने सुनीं प्रधान-मंत्री के मन की बात



अमन पथ न्यूज

महासमुंद। भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी की सदस्य व ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को सुनाने विवेकानंद भवन में ग्रामीणों के लिए प्रोजेक्टर की व्यवस्था की थी, ताकि, अधिक से अधिक लोग मोदी की मन की बात कार्यक्रम का लाभ ले सकें। श्रीमती चंद्राकर ने इसके लिए बाकायदा एक दिन पहले ही गांव में मुनादी कराई थी।

इस अवसर पर सरपंच श्रीमती चंद्राकर के साथ पंचगण प्रकाश साहू, हेमा साहू, ईशा धीवर के साथ त्रिवेणी चंद्राकर, सावित्री मीनू चंद्राकर, सरस्वती साहू तथा ग्रामीणों में विवेकानंद सेवा संस्थान के अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, उदेराम साहू, रामसहाय साहू, तेजराम धीवर, तुलसीराम सेन, तुकेश साहू, दिनेश साहू आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज विंडों

### अस्पताल और बैंक परिसर से बाइक चोरी

महासमुंद। बसना थाना अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर और सरायपाली थाना अंतर्गत एक बैंक परिसर से अज्ञात ने बाइक पार कर दी। पुलिस दोनों ही मामलों में धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। बसना के ग्राम डूमरभांठा निवासी ओंकारनाथ यादव ने पुलिस में शिकायत की है कि उनकी हीरो होण्डा सीडी डिलक्स बाइक क्रमांक सीजी 13 एच 8746 से भाई विनय कुमार यादव 24 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बसना ड्यूटी में गया था। शाम करीब सात बजे वापस आया तो बाइक नहीं थी। अज्ञात ने पार कर दी थी। एक अन्य मामले में सरसींवां थाना क्षेत्र के ग्राम गगोरी निवासी रामप्रसाद साहू ने सरायपाली थाने में शिकायत की है कि 13 मई को 11 बजे बैंक ऑफ बड़ौदा सरायपाली परिसर में उन्होंने बाइक क्रमांक सीजी 04 एमए 6160 को खड़ी कर अंदर गया, बैंकिंग कार्य निपटाकर करीब 12:20 बजे वापस लौटा तो बाइक नहीं थी।

### बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

महासमुंद। तुमगांव थाना अंतर्गत बीते 23 मार्च को सड़क दुर्घटना में हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले में जांच के बाद आरोपी बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बाइक क्रमांक सीजी 04 एमडब्लू 6896 के चालक ने परसराम साहू को ठोकर मार दिया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी।

### युवक के साथ मारपीट

महासमुंद। ग्राम फुलवारी में एक युवक के साथ चार लोगों ने मारपीट की। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि बागबाहिरा कला निवासी कृष्णा वर्मा (33) के साथ मौलीमुड़ा बागबाहरा निवासी धर्मेंद्र, मनोज, लक्की, रिंकी पाठक ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इसी तरह एक अन्य मामले में खुसरूपाली निवासी युवराज ठाकुर (30) के साथ चेतन ठाकुर ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने धारा 294, 323 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### तीसरी बार नियम विरुद्ध परिसीमन : पंकज

महासमुंद। पूर्व पार्षद पंकज साहू ने कहा कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 29 तथा नगर पालिका (वार्डों का विस्तार) नियम 1994 के नियम 6 के तहत वार्डो के सीमा निर्धारण संबंधी नियम है। जिसमें प्रत्येक 10 वर्षों में नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत 3 से 5 किमी के दायरे में पड़ने वाले ग्राम क्षेत्र को नगर पालिका क्षेत्र में जोड़ने के लिए परिसीमन किया जाना है।

### बाइक फिसली, गिरने से मौत

महासमुंद। खल्लारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोंडपाली निवासी वेदप्रकाश साहू की बाइक फिसलने से गिरकर मौत हो गई। वह बागबाहरा जाने के लिए निकला था तभी खुसरूपाली मोड़ मंदिर के पास फिसलकर गिर गया। उपचार के लिए उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

### भ्रूण मामले में एफआईआर दर्ज

महासमुंद। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मुढ़ैना के फर्शी खदान में इंसानी भ्रूण मिलने पर पुलिस ने छह माह बाद अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार छह माह पहले बाबा फैक्ट्री फर्शी में नवजात का भ्रूण मिला था। जिस पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था। पीएम रिपोर्ट आने के बाद अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### परीक्षा देने गए युवक की बाइक चोरी

महासमुंद। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्कूल के पास रखी बाइक चोरी हो गई। पुलिस के अनुसार ग्राम मामा-भांचा खल्लारी निवासी टेट का पेपर देने महासमुंद के नयापारा स्थित आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल आया था। परीक्षा देकर लौटा तो उसकी बाइक गायब थी। खोजबीन के बाद भी जब बाइक नहीं मिली तो पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।

### मवेशी से टकराकर बाइक सवार की मौत

महासमुंद। जिले के छिंदौली झलप के पास रविवार शाम आवारा मवेशियों से टकराने से बाइक सवार की मौत हो गई। वहीं बाइक में सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को स्थानीय लोगों ने 112 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे में एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हालांकि हादसे में मृतक और घायलों का नाम-पता मालूम नहीं चला है। वे जिस बाइक पर सवार थे, उसमें रायपुर पासिंग का नंबर है। पटेवा थाना प्रभारी ने बताया कि नेशनल हाईवे-53 के समीप छिंदौली झलप के पास बाइक में सवार दो युवक मवेशियों से टकरा गए। घटना की जानकारी ग्रामीणों से मिली है। हादसे में एक युवक की मौत की खबर है। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया है।

### जेठ ने बहू से की मारपीट

महासमुंद। कोमाखान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुसीर्पार में जेठ ने अपने बहू की पिटाई कर दी। पुलिस के अनुसार ग्राम खुसीर्पार निवासी जमुना पटेल रविवार को घर में सोई थी। दोपहर करीब दो बजे उनका जेठ संतराम पटेल आया, और घर के सामने उसके नाम से गाली-गलौज करने लगा। संतराम ने अपनी पत्नी के भागने का इल्जाम बहू पर लगाते हुए सार्वजनिक रूप से गाली-गलौज करने लगा। जब वह बाहर निकली तो संतराम ने उनसे मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने जमुना की बेटी आई तो आरोपी ने उसे भी ठंडे से पीट कर घायल कर दिया।

# शराब के नशे में विवाद, छोटे भाई ने की बड़े भाई की हत्या

**हत्या कर किया सरेंडर, शराब के नशे में आएदिन परिजनों से करता था विवाद और मारपीट**

अमन पथ न्यूज



महासमुंद। शराब के नशे में आएदिन मां, भाई और परिवार से विवाद तथा मारपीट करने वाले बड़े भाई से प्रताड़ित छोटे भाई ने देर रात उसकी टंगिए मार कर हत्या कर दी।

हत्या के बाद देर रात ही आरोपी ने चौकी पहुंच आत्मसमर्पण कर दिया। घटना रविवार देर रात सिरपुर चौकी क्षेत्र की है। पुलिस ने हत्या के तहत जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और शव को पीएम के लिए भेज दिया है। सिरपुर चौकी प्रभारी बसंत पाणिग्रही ने बताया कि सिरपुर के वार्ड 2 में रविवार रात करीब 11 बजे पीला राम ध्रुव (38) अपने कमरे में सोया था। इस दौरान छोटा भाई पीलू राम ध्रुव (33) अपने कमरे से टंगिया लेकर आया और सो रहे बड़े भाई पर टंगिए से ताबड़तोड़ वार कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। बाद आरोपी पीलूराम चौकी पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। उसने पुलिस को हत्या की वजह पीला राम द्वारा आएदिन शराब के नशे में मां, पत्नी, बच्चों और उनसे विवाद और मारपीट करना बताया। पीला राम की पत्नी दोनों बच्चों को लेकर अपने मायके गई थी, घटना के वक्त घर में मां अपने कमरे में सो रही थी। हत्या के दौरान हुई चीख-पुकार मृतका की माँ ने नहीं सुनीं। श्री पाणिग्रही ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### शराब के नशे में करता था विवाद और मारपीट

पुलिस ने बताया कि पीलाराम ध्रुव, मां सोनारी बाई (75), पत्नी, दो बच्चे और छोटे भाई के साथ एक घर में रहता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी छोटे भाई पीलू राम के अनुसार मृतक आदतन शराबी था। शराब के नशे में कभी मां, पत्नी और बच्चों और कभी मेरे साथ विवाद कर मारपीट करता था। घर के सभी लोग उससे परेशान थे। रविवार रात भी वह शराब के नशे में आया और माँ और मुझसे विवाद, मारपीट कर अपने कमरे में सोने चला गया।

### पुरानी रंजिश पर पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला

वहीं बसना थाना अंतर्गत ग्राम सेमलिया में पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों ने पिता-पुत्र पर टंगिया व डंडा से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर बसना पुलिस धारा 294, 307, 323, 34, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच कर रही है। ग्राम सेमलिया निवासी रमेश साहू ने पुलिस को बताया वह रविवार को पिता उत्तम साहू के साथ खेत की जोताई करने चन्द्रकांत साहू के ट्रेक्टर को लेकर खेत गया था। दोपहर करीब 4 बजे गांव के ही दैतारी साहू व जगन्नाथ साहू टंगिया और डण्डा लेकर आए और मुझे तथा पिता उत्तम साहू को अश्लील गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। दैतारी साहू ने हत्या करने की नीयत से मेरे सिर में टंगिया से वार कर दिया जिससे सिर फट गया और खून निकलने लगा। उसी समय जगन्नाथ ने डण्डे से बांये कंधा तथा पिताजी के बांये हाथ व पीठ में वार किया। दोनों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

### सही जवाब देने वाली छात्रा को दिया गया उपहार

महासमुंद। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा भारतीय सेना के अग्निवीर योजना के संबंध में युवाओं को जानकारी देने तथा सेना में सेवा देने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने नगर के विभिन्न हायर सेकेंडरी स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं से भारतीय सेना के बारे में प्रश्न पूछा। शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद के कक्षा बारहवीं वाणिज्य की छात्रा विनीता सिन्हा ने उनके द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का सही सही उत्तर दिया, जिसके लिए भारतीय सेना के अधिकारियों ने छात्रा को उपहार प्रदान किया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर पर प्राचार्य जीआर सिन्हा, वरिष्ठ व्याख्याता विवेक रहटगांवकर, तोषण गिरि गोस्वामी, संजय मांझी, आशीष देवांगन, देवेंद्र शर्मा, पूजा साहू, तपस्या शर्मा, प्रज्ञा लांजेवार, भारती यादव, दुर्गेश नंदिनी यदु, निधि तिवारी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# आगामी चुनाव में अच्छी रणनीति के साथ काम कर बेहतर परिणाम लाएं : योगेश्वर राजू सिन्हा

अमन पथ न्यूज



महासमुंद। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी व रणनीति के संबंध में जिला भाजपा कार्यालय में बैठक ली। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेतागण, पार्षदगण व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। उन्होंने बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आगामी चुनाव में अच्छी रणनीति के साथ काम कर बेहतर परिणाम प्राप्त करने कहा।

उन्होंने कहा कि बीते 6 माह में विधानसभा व लोकसभा चुनाव हुए हैं। दोनों चुनाव में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने कड़ी मेहनत कर शहर में बेहतर परिणाम लाया है। अब कुछ माह बाद नगरीय निकाय चुनाव होने वाले हैं, जिसके लिए हमे अभी से रणनीति बनाकर कार्य करना है। उन्होंने अलग-अलग वार्डों के पार्षद व कार्यकताओं को चुनाव को लेकर अभी से तैयारी करने निर्देशित किया।

इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेतागण पूनम चंद्राकर, चंद्रहास चंद्राकर सहित प्रदीप चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, सुधा साहू, रमेश साहू, निरंजना चंद्राकर, सतपाल सिंह पाली, पार्षद देवीचंद राठी, महेंद्र जैन, मीना वर्मा, मनीष शर्मा, पवन पटेल, मंगेश टांकसाले, संदीप घोष, बड़े मुन्ना, विनोद रात्रे, दिनेश रुपरेला, सुनीता देवांगन, शुभ्रा शर्मा, हनीश बग्गा, नंदू जलक्षत्री और पार्टी के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव में नामांकन से मतगणना तक 61 लाख रुपए खर्च

- भाजपा प्रत्याशी ने दी व्यय-लेखा की जानकारी



अमन पथ न्यूज

महासमुंद। लोकसभा व्यय प्रेक्षक के समक्ष 30 जून को जिला पंचायत सभागृह में भाजपा प्रत्याशी एवं नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी की ओर से व्यय लेखा का अंतिम मिलान कराया गया।

भारतीय जनता पार्टी की ओर से व्यय लेखा प्रेक्षक नगरीय निकाय प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक व पार्षद देवीचंद राठी ने महासमुंद लोकसभा के अंतर्गत पूरे 8 विधानसभा का व्यय लेखा प्रस्तुत किया। निर्वाचन आयोग की ओर से बसना, सरायपाली, खल्लारी एवं महासमुन्द विधानसभा के लिए व्यय आब्जर्वर मनीष कुमार दबास, सहायक आब्जर्वर मधुरिमा बंजारे, राजिम, गरियाबंद, धमतरी व कुरूद विधानसभा के लिए व्यय आब्जर्वर राम प्रभु उदय, सहायक आब्जर्वर अभिषेक पाठक के समक्ष व्यय लेखा प्रस्तुत करते हुए पार्षद राठी ने बताया कि नामांकन दाखिल से लेकर मतगणना तक कुल चार चरणों में व्यय का हिसाब दिया गया। अंतिम हिसाब तक कुल खर्च 61 लाख 10 हजार 737 रुपए आया। उक्त खर्च में धमतरी में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा का खर्च भी शामिल है। सभा में 3 प्रत्याशी शामिल होने से खर्च 3 भागों में बांटा गया। व्यय लेखा पत्रक के साथ बैंक एकाउंट स्टेटमेंट, बिल, वाऊचर की प्रतियां भी व्यय प्रेक्षक को जमा की गई। व्यय लेखा मिलान के साथ व्यय पंजी संधारण का बारिकी से निरीक्षक लोकसभा व्यय आब्जर्वर ने किया। महासमुंद लोकसभा के अंतर्गत 8 विधानसभा के सभी व्यय अधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक ने किया एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण अभियान का आगाज

अमन पथ न्यूज





महासमुंद। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि सभी नागरिक एक पेड़ मां के नाम में सहभागिता निभाएंगे और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देंगे तो धरती में हरियाली के साथ ही हम सब के जीवन में खुशहाली आएगी। मोदी के मन की बात कार्यक्रम के बाद विधायक श्री सिन्हा ने पौधरोपण कर इस अभियान का आगाज किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब चार महीने के अंतराल के बाद आज एक बार फिर से मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। यह इस कार्यक्रम का 111वां संस्करण था। वहीं लोकसभा चुनाव में तीसरी बार जीत हासिल करने के बाद प्रधानमंत्री ने पहली बार मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने महासमुंद विधानसभा के बूथ क्रमांक 193 बीटीआई शक्ति केंद्र में वरिष्ठ नेताओं, कार्यकताओं व नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी। बाद उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण अभियान का अपने विधानसभा क्षेत्र में शुभारंभ किया। साथ ही विधायक सिन्हा ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि आप भी इस अभियान का हिस्सा बनें और पेड़ लगाएं। इससे हमारा पर्यावरण स्वच्छ और सुंदर बना रहेगा। आज हम पेड़ लगाएंगे तो उसका लाभ वर्तमान के साथ - साथ भविष्य में भी मिलेगा। महासमुंद विधानसभा के बूथ क्रमांक 193 बीटीआई शक्ति केंद्र में आयोजित मन की बात कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के साथ भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, मंगेश टांकसाले, प्रकाश शर्मा, पार्षद मनीष शर्मा, महेंद्र जैन, सुनीता देवांगन, विनोद रात्रे, नंदू जलक्षत्री, गोपी कन्नौजे सहित गणमान्य नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### बाइक से गांजा तस्करी, 2 गिरफ्तार

महासमुंद। कोमाखान पुलिस ने दो लोगों से 3 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट 20(ख) के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार 30 जून को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बाइक क्रमांक सीजी 04 एम एम 7197 को रोक कर पूछताछ की। पूछताछ में बाइक चालक ने चिंडामुरा जिला बलांगीर ओड़िशा हाल मुकाम शहीद राजीव पांडेय नगर रायपुर निवासी टिमोथी जाल व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम-पता चिंडामुरा थाना सिधेकेला पो. भूरसागुड़ा जिला बलांगीर ओड़िशा निवासी सुरेंद्र छुरा (38) बताया। तलाशी के दौरान उनके बैग से साढ़े तीन किलो गांजा बरामद हुआ। जब्त गांजे की कीमत साढ़े 52 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों से एक नग मोबाइल, 450 रुपए नकद और गांजा तस्करी में प्रयुक्त बाइक जब्त की है।

# आज के बदलते समय में कानून व्यवस्था में बदलाव महत्वपूर्ण : कलेक्टर

■ एक जुलाई से प्रभाव में आया भारत का 3 नया कानून

अमन पथ न्यूज



**बेमेतरा।** 01 जुलाई से प्रभावशील होने वाले 03 नवीन आपराधिक विधि अधिनियमों के संबंध में आज सोमवार को बेमेतरा के सिटी कोतवाली पुलिस चौकी परिसर में सुबह 11 बजे से ह्लन्यू क्रिमिनल लॉ एंड एक्टह्ल के तहत आपराधिक विधी अधिनियमों पर नवीन कानून शुभारंभ कर विधि अधिनियमों पर विस्तृत चर्चा कर नये अधिनियमों की जानकारी साझा की गई और कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, जनप्रतिनिधि राजेंद्र शर्मा, विजय सिन्हा, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी जिला न्यायालय की टीम, पुलिस प्रशासन की टीम सहित नागरिक गण, मीडिया एवं स्कूल-कॉलेज के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जो कानून है वह ब्रिटिशो के द्वारा बनाया गया था। उन्होंने अपने सुविधानुसार कानून बनाया और हमारे देश मे राज किया । देश और नागरिक हमारा और कानून ब्रिटिशो का यह ठीक नहीं था। जिसकी वजह से हमारे भारत सरकार को यह बदलाव लाना जरूरी समझा। आज देश के कानून में बदलाव आया है इससे देश की जनता को न्याय मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने जिले में अवैध शराब, जुआ सट्टा, पर प्रशासन को प्रतिबंध लगाने और कार्यवाही करने की अपील की। साजा विधायक ईश्वर साहू ने नवीन क़ानून के बारे में बताते हुये कहा की हमारे देश में जो अपराध हो रहें है और अपराधी बच रहें है, और पीड़िता को न्याय नही मिल पा रहा हैं, जो कि यह ठीक नहीं है, इसलिए हमारे सरकार ने कानून को बदलने का निर्णय लिया और आज 01 जुलाई से नये कानून प्रभावशील भी हो गया। उन्होंने कहा की नये तीनों कानून, न्याय और नागरिक सुरक्षा के लिए लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि नये कानून के साथ हम सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेंगे तो ज्यादा बेहतर काम कर पाएंगे। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कर्यक्रम में तीन नवीन क़ानून की जानकारी देते हुये कहा कि आज की परिवेश में कानून व्यवस्था में बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है।

# नए कानून की जानकारी देने नंदिनी थाना में हुआ जनसवांद कार्यक्रम

अमन पथ न्यूज



**नंदिनी-अहिवारा।** दुर्ग जिले के नंदिनी थाने में नवीन कानून भारतीय न्याय सहिंता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम एक जुलाई से पूरे देश मे लागू हो गई,जिसके उपलक्ष्य नंदिनी थाना में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था,जिसके तहत आम जनता को नई कानून की जानकारी दी गई। सर्वप्रथम नंदिनी थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने लोगो को बताया कि अब न्याय प्रकिया में और भी पारदर्शिता आ जायेगी नई कानून में जो बदलाव हुए हैं,इससे आम जनता को आसानी होगी। नगर पालिका अध्यक्ष नटवर ताम्रकार ने कहाँ की हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है, की कोई पीड़ित अगर थाने आता है तो वह परेशान नही होना चाहिए उसे न्याय मिलना चाइये,अब नए कानून आने से लोगो को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा अपराधियों को सजा मिलेगी। नंदिनी थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने लोगो से नगर में शांति की अपील की है। इस अवसर पर अहिवारा नगर पालिका अध्यक्ष नटवर ताम्रकार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविशंकर सिंह,अहिवारा विधानसभा विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, मंडल अध्यक्ष लीमन साहू,पार्षद अनुज साहू, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दाऊ आनंद ताम्रकार, भाजयुमो प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य अभिषेक, पार्षद अरुण बंजारे,नायाब तहसीलदार कुंदन शर्मा,थाना प्रभारी मनीष शर्मा एवं नंदिनी थाना स्टाफ,स्थानीय जनता उपस्थित थे।

# मोहला क्षेत्र की रीना कोमरे को पीएचडी प्रदान किया गया

अमन पथ न्यूज



**अम्बागढ़ चौकी।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा रीना कोमरे को डॉक्टर ऑफ फिलासफी प्रदान की गई। उन्होनें ₹छत्तीसगढ़ी लोकगीतों का सामाजिक प्रदेय₹ विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया।इस शोध कार्य में उनके निर्देशक सांई महाविद्यालय,भिलाई से डॉ. देशबंधु तिवारी एवं सह शोध निर्देशक डॉ.(श्रीमती) कृष्णा चटर्जी रहे। इनका पीएचडी प्रस्तुतिकरण हेमचंद विश्व विद्यालय के टैगोर हाल में आयोजित किया गया,जिसमें उन्होंने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वेशभूषा में अपना प्रस्तुतिकरण दिया।इस दौरान मध्यप्रदेश से बाह्य परीक्षक डॉ. सुशील व्यवहार , विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरूणा पलटा, उपकुलपति, कुल सचिव, प्राध्यापक गण सहित कई रिसर्च स्कॉलर भी उपस्थित थे।सभी ने उनके कार्य की सराहना की। रीना कोमरे ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरूजनों,परिजनों एवं मित्रगण को दिया ।

# नए आपराधिक कानून लागू होने पर डोंगरगांव थाना में कार्यक्रम आयोजित कर दी गई जानकारी

■ आम जनता के साथ ही व्यापारी, जनप्रतिनिधी और अधिकारियों ने लिया कार्यक्रम में हिस्सा

अमन पथ न्यूज



**डोंगरगांव।** नए कानून की जानकारी देने के लिए सोमवार सुबह12 बजे डोंगरगांव नगर के पुलिस थाना परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में एसडीओपी दिलीप सिंह सिसोदिया, थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह ने इस संबध में उपस्थित लोगों को इस नए लागू कानून की जानकारी दी ' 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता में एक बड़ा बदलाव हो गया है। रात 12 बजे के बाद नया कानून लागू हो गया है। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए इस बदलाव के तहत भारतीय न्याय संहिता में कई धाराएं बदल गई है। इस बदलाव के बाद आमजन को इसकी सही जानकारी उपलब्ध हो इस लिए पुलीस विभाग के द्वारा जिले के सभी थाना परिसर में इसके लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जंहा नगरवासियो व सामाजिक संगठनों,पत्रकार साथियों व कोटवारों व ग्रामीणजनों को इस कानून की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने तीन नए कानून पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ये बदलाव आम जनता को ध्यान में रखते हुए किये गए हैं ' इससे जनता को जल्द ही न्याय मिलेगा और इसके लिए उन्हें इस नए कानून में काफी सुविद्याये दी गई है ' जिसमे ऑनलाइन एफआईआर, वीडियो एवं ऑडियो ग्राफी कर साक्ष्य पेश करना इससे लोगों को पीड़ितों को न्याय मिलने में त्वरित कार्यवाही हो सके।

## हमर हरियर डोंगरगांव में होगा वृहद पौधरोपण कार्यक्रम

डोंगरगांव को हरा भरा करने एसडीएम मनोज मरकाम के मार्गदर्शन में डोंगरगांव वासी इससे बड़ी संख्या में जुड़ कर पौधरोपण करने बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं ' थाना परिसर में कार्यक्रम के दौरान एसडीएम श्री मरकाम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डोंगरगांव को हरा भरा करने आम जनता, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कमर्चारी, सभी समाज के लोगों सहयोग से इस कार्यक्रम को विशाल रूप दिया जाएगा ' इस कड़ी में शासकीय भूमि, निजी भूमि, कालोनी, कार्यालय सभी स्थानों पर पौधरोपण किया जाएगा इसके लिये एक कमेटी का भी गठन किया गया है जिसमे प्रत्येक पौधे को देख रेख करने तथा उसकी सुरक्षा के लिए प्रति पेड़ प्रति व्यक्ति को इसकी जिम्मेदारी दी जाएगी जिससे एक भी पौधा नहीं मरेगा और हमारा डोंगरगांव हराभरा होगा ' कार्यक्रम में एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम, एसडीओपी दिलीप सिंह सिसोदिया, तहसीलदार प्यारेलाल नाग, दिनेश गांधी, रामकुमार गुप्ता, जागृति चुन्नी यदु, इंदुमती साहू, डिकेश साहू, बोधन साहू, सिद्धिक बड़गुजर, प्रियंक जैन, गुलशन हिरवानी, पत्रकारों में बालकृष्ण सिन्हा, प्रेम गोस्वामी, गोविंद गुप्ता, रज्जा राणा, महेन्द्र लेंझारे, दिवाकर सोनी, घनश्याम साव, देवेन्द्र देवांगन सहित नगर के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जिला के सबसे बड़े नगर में लचर ट्रैफिक और सफाई व्यवस्था

अमन पथ न्यूज



**अंबागढ़ चौकी।** मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिला के सबसे बड़ा नगर अंबागढ़ चौकी की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ी हुई है आय दिन मुख्य बाजार क्षेत्र मैं में बड़ी-बड़ी गाड़ियों का जाम लगता है जिससे आम नागरिक को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है विदित होगी राजनांदगांव जिले से विभाजित होकर नो जिला का निर्माण किया गया था जिसमें सभी विभाग की कमर्चारियों का बंटवारा हुआ थाऔर नव जिला को यातायात एवं ट्रैफिक पुलिस भी मिला है लेकिन यातायात विभाग एवं ट्रैफिक पुलिस द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर बड़ी लापरवाही किया जा रहा है जिले के सबसे बड़े शहर में किसी भी चौक चौराहे पर ट्रैफिक विभाग के सिपाही नजर नहीं आते जबकि राजीव गांधी चौक गुप्ता चौक, इमाम चौक,अंबेडकर चौक एवं भारत माता चौक में आवागमन करने वालों की संख्या भारी तादाद में रहता है इन चौक प्रतिदिन ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था होनी चाहिए तभी ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हो सकती है गौर करने की बात यह है कि इन चौक में ट्रैफिक कमर्चारी की व्यवस्था की मांग नगर के जनप्रतिनिधि द्वारा पुलिस विभाग से निवेदन किया जा चुका है लेकिन फिर भी कोई व्यवस्था विभाग द्वारा नहीं कराया गया वही हाल नगरपंचायत का भी है पुरे जिले मे एक ही नगरपंचायत है पर वो कभी सुध नहीं लिये इस व्यवस्था को ले कर नगर की नालिया कचरों से भरी पड़ी है सूत्रों से जानकारी हुई की सफाई कर्मी मोहला मे अपना समय देते है कुछ जन प्रतिनिधि चुवाव सामने देख कर लगे है।

# कुरूद कॉलेज में रासेयो इकाई द्वारा हुआ वृक्षारोपण



अमन पथ न्यूज

**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं पेड़ों की सुरक्षा का संकल्प लिया गया ' प्राचार्य डॉ डी.के राठौर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों नें आम , जाम , नीम एवं पीपल के पौधों का रोपण किया एवं उनकी सुरक्षा का पर्याप्त प्रबंध भी किया 'इस अवसर पर महाविद्यालय के इको क्लब के अध्यक्ष प्रो॰ हितनारायण टण्डन , रासेयो. इकाई के कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार सहित स्वयंसेवक देवव्रत साहू , तुलेश्वरी साहू , रोशनी साहू ,यामिनी कंवर सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

# मंत्री दयाल दास बघेल के व्यवहार ने सबका दिल जीत लिया योगेश तिवारी



**बेमेतरा।** खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल के रायपुर निवास में पहुंच कर सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने जन्मदिन की बधाई एवं स्वास्थ्य जीवन की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर साजा विधयक उपस्थित थे। इस दौरान भाजपा नेता योगेश तिवारी ने कहा कि बलौदा बाजार कांड को लेकर मंत्री ने जन्मदिन नही मनाने का निर्णय लिया। फिर भी मंत्री जी को बधाई देने समथर्को का तांता लगा रहा। मंत्री का सादा और सरल व्यवहार ने क्षेत्रवासियों का दिल जीत लिया है।

# जिले में 01 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान प्रारम्भ

अमन पथ न्यूज



**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान 2024 का आयोजन किया जा रहा है` अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि 0-5 वर्ष आयु के बच्चों में डायरिया से होने वाले मृत्यु दर को कम करते हुए डायरिया की रोकथाम किया जा सके। स्टॉप डायरिया अभियान के तहत जनसामान्य में व्यापक प्रचार-प्रसार हो इसके लिए सोमवार को डॉ. अशोक बसोड, जिला स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। डॉ. बसोड ने जानकारी देते हुए बताया कि स्टॉप डायरिया अभियान 2024 के तहत 0 से 5 वर्ष आयु के कुल 105885 बच्चों का लक्ष्य राज्य स्तर से प्राप्त हुआ है, जिनमें से प्रत्येक बच्चों को 02 ओ.आर.एस. के पैकेट अभियान के दौरान ए.एन.एम., मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा वितरण किया जावेगा इसके साथ ही डायरिया से प्रभावित बच्चों को चिन्हांकित करते हुए ऐसे बच्चों को जिंक टेबलेट एवं ओ.आर.एस. के पैकेट का वितरण किया जावेगा, साथ ही घर में ओ.आर. एस. बनाने व पीने की विधि की जानकारी दी जायेगी। कार्यकर्ताओं के द्वारा बच्चों को आंगनबाड़ी व स्कूलों में व्यक्तिगत स्वच्छता रखने व हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन कर जागरूक करेगें। जिला नोडल अधिकारी (शिशु स्वास्थ्य), डॉ. कोहाड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त अभियान के सफलता के लिए अंतविर्भागीय समन्वय किया गया है, जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय प्रसासन विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं स्वच्छ भारत मिशन के साथ मिलकर डायरिया से बचाव के इस अभियान में कार्य करेगे।

# विधायक इंद्र साव ने भाटापारा आए मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

अमन पथ न्यूज



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रविवार को भाटापारा आगमन के दौरान कॉलेज ग्राउंड स्थित हेलीपेड पर क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव ने उनसे मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र की 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर उनके निराकरण की मांग की,जिस पर मुख्यमंत्री ने जल्द से जल्द सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। विधायक इंद्र साव ने मुख्यमंत्री श्री साय का भाटापारा आगमन पर उनका स्वागत करते हुए उन्हें विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निराकरण करने बाबत एक मांग पत्र सोपा। साव ने अपने ज्ञापन में भाटापारा और सिमगा क्षेत्र के गांव गांव में हो रही शराब बिक्री और मध्यप्रदेश निर्मित शराब की धड़ल्ले से हो रही शराब बिक्री पर अंकुश लगाने और इस कार्य में सहयोग करने वाले आबकारी अधिकारियों को स्थांतरित करने की मांग की। जिले की अधोगिक इकाइयों प्लांटों में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार ना देकर अन्य प्रदेश के युवाओं को नौकरी पर रखने की शिकायत करते हुए स्थानीय लोगो को प्राथमिकता के साथ नौकरी दिलाने की मांग रखी। विधायक इंद्र साव ने क्षेत्र में चिकित्सा सेवा की कमी को देखते हुए सिमगा में सर्व सुविधा युक्त मल्टी स्पेशलिस्ट सह ट्रामा सेंटर के साथ साथ भाटापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सिमगा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग,शिशु रोग, सर्जरी विशेषज्ञ, अस्थि विशेषज्ञ, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग, निश्चेतना विशेषज्ञ, टेक्नीशियन के रिक्त पदों पर भर्ती की मांग करी। विधायक ने नदी किनारे वाले गांव में निवासरत लोगो की सुध लेते हुए बारिश के दिनों में आई बाढ़ से उनके घरों को होने वाले नुकसान से बचाने तटबंध निर्माण कार्य का सर्वे कर उसकी मंजूरी देने की मांग की है ताकि बारिश की बाढ़ से उनके घरों को सुरक्षित रखा जा सके। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधायक इंद्र साव की मांगों पर यथाशीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिलाया। विदित हो कि मुख्यमंत्री आदिवासी समाज के कार्यक्रम में शामिल होने भाटापारा आए थे ।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- 01**
**सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)**
ई-मेल eocghbzone1@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा जनता कॉलोनी तिलक नगर गुढ़ियारी रायपुर में निर्मित जनता भवन योजना में से भवन / भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी-198 बी (1) श्री सुरेश नायर पिता श्री हेम्मस नायर, (2) श्रीमती गिरजा नायर पति श्री सुरेश नायर को भाड़ाक्रय / स्ववित्तीय / एकमुश्त / ऑफर आधार पर आवंटित / नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा दिनांक 13.11.2007 को लीजडीड /सेलडीड /विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी / नामांतरी द्वारा उक्त भवन श्री प्रसन्ना सोनी पिता श्री राजेन्द्र सोनी के पक्ष में दिनांक 03.04.2024 को विक्रय कर दिया।

तद्उपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन / भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन / भूखण्ड क्रेता श्री प्रसन्ना सोनी पिता श्री राजेन्द्र सोनी के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा, प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) भानुप्रतापपुर जिला- स.ब. कांकेर (छ.ग.)**
Fax no- 07850252353
Email- sdmbhanupratappur1991@gmail.com

रा.प्र.क./ 202406140500052/
अ-2 / 2023-24
ग्राम- धनगुडरा, तहसील भानुप्रतापपुर

/ / उदघोषणा //

एतत द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक/ आवेदिका श्री रूपेन्द्र मरकाम पिता स्व. श्री लक्ष्मण सिंह मरकाम,जाति-गोड़, निवासी /ग्राम सलिहापारा, भानुप्रतापपुर, तहसील भानुप्रतापपुर द्वारा ग्राम धनगुड़रा, तहसील भानुप्रतापपुर स्थित खाते की भूमि खसरा नंबर 92/3 रकबा 0. 2900 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन / में व्यपवर्तित करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का दावा / आपत्ति हो, तो स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 04/07/2024 तक दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

उक्त तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 21/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

स्थानः- भानुप्रतापपुर ।
दिनांकः 21/06/20234

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भानुप्रतापपुर
जिला- उ०ब० कांकेर (छ०ग०)



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) भानुप्रतापपुर जिला- स.ब. कांकेर (छ.ग.)**
Fax no- 07850252353
Email- sdmbhanupratappur1991@gmail.com

रा.प्र.क./ 202406140500052/
अ-2 / 2023-24
ग्राम- धनगुडरा, तहसील भानुप्रतापपुर

/ / उदघोषणा //

एतत द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक/ आवेदिका श्री रूपेन्द्र मरकाम पिता स्व. श्री लक्ष्मण सिंह मरकाम,जाति-गोड़, निवासी /ग्राम सलिहापारा, भानुप्रतापपुर, तहसील भानुप्रतापपुर द्वारा ग्राम धनगुड़रा, तहसील भानुप्रतापपुर स्थित खाते की भूमि खसरा नंबर 92/3 रकबा 0. 2900 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन / में व्यपवर्तित करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का दावा / आपत्ति हो, तो स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 04/07/2024 तक दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

उक्त तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 21/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

स्थानः- भानुप्रतापपुर ।
दिनांकः 21/06/20234

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भानुप्रतापपुर
जिला- उ०ब० कांकेर (छ०ग०)



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा० ) कसडोल, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 202406211300076/
अ-2 /2023-24
ग्राम- कसडोल, प.ह.नं.- 09

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक राजेन्द्र कुमार पिता भगवान सिंग जाति कंवर साकिन कसडोल कास्तकार ग्राम कसडोल तहसील कसडोल जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ. ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम कसडोल स्थित भूमि खसरा नम्बर 450/9 रकबा 0.016 हेक्ः भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तन कराने बाबत आवेदन पत्र पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 15/07/2024 को सुनवाई नियत है।

अतः उक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि तक अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है । नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 26/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर सहित जारी किया गया है ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कसडोल



**नाम परिवर्तन सूचना**

मै अजय कुमार जस्त्रसरिया मेरा भारतीय जीवन बीमा निगम में पोलिसी नंबर 381697378 लेते वक्त मे मेरा अजय कुमार जस्त्रसरिया नाम था।

जिसे मैंने बदलकर अब सभी दस्तावेजों में अजय कुमार अग्रवाल कर लिया है

अतः मुझे अजय कुमार अग्रवाल के नाम से समस्त दस्तावेजों में तथा शासकीय व अर्ध शासकीय दस्तावेजों में अजय कुमार अग्रवाल के नाम से पढ़ा लिखा व जाना जावे ।

घोषणाकर्ता
अजय कुमार अग्रवाल
रायपुर (छ.ग.)
9329666050



**न्यायलय नायब तहसीलदार, नया बाराद्वार, जिला सक्ति (छत्तीसगढ़)**

// ईश्तहार//

रा. प्र. क्रमक./ब-131/2023-24
ग्राम, सुंदरेली प.ह.न 03
तहसील- नया बाराद्वार

सर्व साधारण ग्राम सुंदरेली. प. ह. न. तहसील-नया बाराद्वार जिला-सक्ति(छ.ग) को सुचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रदीप कुमार पिता देवी प्रसाद मिरी जाति सतनामी निवासी ग्राम सुंदरेली द्वारा स्वयं श्री प्रदीप कुमार पिता देवी प्रसाद जाति सतनामी निवासी ग्राम सुंदरेली की जन्म दिनांक-10/10/2005 को होने के फलस्वरूप उसके जन्म पंजीयन, जन्म प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र मय दस्तावेज, आधार कार्ड, अंकसूची प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध अभिभाषण के माध्यम से प्रकरण में पेशी तिथि 11/07/2024 तक अपना दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक क 26/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायतीन शील-मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीदार
नया बाराद्वार



**// शपथ-पत्र//**

मैं तिरथ राम वर्मा पिता श्री बनवाली वर्मा, जाति कुर्मी, निवास ग्राम कुरूद, तहसील थान खम्हरिया, जिला बेमेतरा, छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्नकथन शपथपूर्वक करता हूँ कि:-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि यह कि मेरे पुत्र मोक्ष वर्मा का जन्म दिनांक 30/07/2020 का जन्म चन्द्रयान हेल्थ केयर कवर्धा मे हुआ है, जिसका जन्म प्रमाण पत्र मुख्य नगर पालिका परिषद कवर्धा, के द्वारा जारी किया गया था जन्म प्रमाण पत्र जारी दिनांक 17/08/2020 है।
3. यह कि मेरे पुत्र के उपरोक्त जन्म प्रमाण पत्र में योगेन्द्र वर्मा के स्थान पर हमारे द्वारा त्रुटिवश मोक्ष वर्मा दर्ज कराकर जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है।
4. यह कि उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मैं अपने पुत्र के नाम में संशोधन कराना चाहता हूँ, तो मोक्ष वर्मा के स्थान पर मोक्ष वर्मा उर्फ योगेन्द्र वर्मा दर्ज करवाकर नवीन जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता हूँ। नवीन जन्म प्रमाण पत्र जारी हो जाने के बाद पूर्व में जारी जन्म प्रमाण पत्र का उपयोग मेरे द्वारा नहीं किया जावेगा यदि करता हूँ तो उसकी जिम्मेदारी मेरे स्वयं की होगी जो भी कार्यवाही वह मुझे मान्य होगा।
5. यह शपथ पत्र मुख्य नगर पालिका परिषद् कवर्धा को मेरे पुत्र मोक्ष वर्मा के जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटि सुधार कर मोक्ष वर्मा उर्फ योगेन्द्र वर्मा दर्ज कर नवीन जन्म प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ता



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम**

ईश्तहार

अ / 2, वर्ष 2023-24
ई कोर्ट नम्बर..
क्रमांक /2163/अ.वि.द./ प्रवा 2/2024
कवर्धा, दिनांक 25.06:2024

एतद् द्वारा सवर्साधारण एवं ग्रामवासीगढ़ सागोना को सूचित किया जाता है, कमलेश यादव पिता राजकुमार यादव निवास का पताः सागोना तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम कवर्धा प०ह०नं0-13 रा.नि.म. कवर्धा तहसील - कवर्धा स्थित भूमि खसरा नम्बर 69/157 रकबा 0.024 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जानें हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है ।

उक्त आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जानें से जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 09-07-2024 को समय 05:30 बजे तक स्वतः या अपनें अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।
जारी दिनांक -25.06.2024
पेशी दिनांक -09.07.2024.

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
कवर्धा जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ

## फिल्मी सफर

### 500 करोड़ के क्लब में शामिल हुयी कल्कि 2898 एडी

**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी ने चार दिनों में वर्ल्डवाइड 555 करोड़ की कमाई कर ली है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित फिल्म कल्कि 2898 एडी 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। कल्कि 2898 एडी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। इस फिल्म को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। कल्कि 2898 एडी' का डंका देश के साथ विदेश में भी बज रहा है। फिल्म को दुनिया के हर कोने से प्यार मिल रहा है। यह फिल्म ताबड़तोड़ कमाई के साथ हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही है। बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई करते हुए कल्कि 2898 एडी 500 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है। वैजयंती मूवीज ने सोशल मीडिया पर फिल्म कल्कि 2898 एडी के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की ताजा जानकारी दी गई है, जिसके मुताबिक इस फिल्म ने अब तक 555 करोड़ का ग्रॉस कारोबार कर लिया है।




### फिल्म अमर ज्योति में मुख्य भूमिका निभाती नजर आयेंगी भूमिका कलिता

**मुंबई।** असम मूल की अभिनेत्री भूमिका कलिता फिल्म अमर ज्योति में मुख्य भूमिका निभाती नजर आयेंगी। भारत के पूर्वोत्तर हिस्से असम से निकलकर मुम्बई पहुंची असम मूल की युवा अभिनेत्री भूमिका कलिता फिल्म अमर ज्योति में मुख्य भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म आगामी 15 अगस्त 2024 से शूटिंग के लिए फ्लोर पर जाने वाली है । इसके बाद इस फिल्म को एकसाथ वर्ल्डवाइड वेबकास्ट होने की उम्मीद है। अमर ज्योति को भारत के साथ साथ विदेशों में भी एकसाथ रिलीज करने की तैयारी की जा रही है जिससे यह फिल्म हॉलीवुड और बॉलीवुड में एक साथ बड़े पैमाने पर प्रदर्शित हो सके। भारत मे रिलीज होने वाली फिल्म अमर ज्योति के निमार्ता डॉन सिनेमा ओटीटी के संस्थापक महमूद अली हैं। फिल्म अमर ज्योति में भूमिका कलिता के साथ रवि किशन , बहरुल इस्लाम सहित अन्य बड़े कलाकार भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।इस फिल्म का निर्देशन महमूद अली करने वाले हैं। फिल्म की शूटिंग आगामी अगस्त -सितम्बर में असम और कश्मीर में की जाएगी।



### फिल्म 'जट' से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करेंगे सन्नी देओल

**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो सन्नी देओल फिल्म 'जट' से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रहे हैं। सन्नी देओल, साउथ के निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी के साथ एक एक्शन फिल्म में काम कर रहे हैं। इस फिल्म का नाम 'जट' होगा। पहले इसे एसजीडीएम कहा जा रहा था, इसका मतलब सन्नी देओल गोपीचंद मलिनेनी है।इस फिल्म को माइथ्री मूवी मेकर्स प्रोड्यूस कर रहे हैं, जो अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म ' पुष्पा 2' के भी मेकर्स हैं। फिल्म जट को तीन महीने के अंदर रैप किया जाएगा। सन्नी फिल्म जट में मास एक्शन हीरो के अवतार में दिखेंगे। सन्नी देओल के अलावा जट में सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा भी नजर आएंगी।




# भारत-पाक ने साझा की जेलों में बंद एक-दूसरे के नागरिकों की सूची

■ सरकार ने की इतने कैदियों की रिहाई की मांग

नई दिल्ली/एजेंसी।

भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे से अपने नागरिक कैदियों और हिरासत में लिए गए मछुआरों के नामों की सूची साझा की है। भारत के विदेश मंत्रालय का कहना है कि वर्ष 2014 से अब तक पाकिस्तान ने 2,639 भारतीय मछुआरों और 71 नागरिक कैदियों को भारत में वापस भेजा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार नागरिक कैदियों और मछुआरों की स्वदेश वापसी के लिए भारत द्वारा लगातार कोशिशें की गईं हैं।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि वर्ष 2008 में एक द्विपक्षीय समझौते के तहत प्रत्येक वर्ष एक जनवरी और एक जुलाई को दोनों देशों के बीच ऐसी सूचियों का आदान-प्रदान किया जाता है। आज भारत और पाकिस्तान ने नागरिक कैदियों और दोनों देशों की हिरासत में लिए गए मछुआरों की सूची को साझा किया है। भारत ने पाकिस्तान के 366 नागरिक कैदियों और 86 मछुआरों के नामों की सूची को साझा किया है। इसी तरह पाकिस्तान ने भी भारत के 43 नागरिक कैदियों और हिरासत में लिए 211 मछुआरों के नामों की सूची को साझा किया है।



**पाकिस्तान से भारतीय कैदियों को जल्द रिहा करने की मांग**

भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, सरकार ने भारत के नागरिक कैदियों और मछुआरों को उनकी नावों के साथ जल्द से जल्द रिहाई की मांग की है। इसके अलावा पाकिस्तान में हिरासत में लिए गए भारत के लापता सैन्य कर्मियों को भी रिहा करने की मांग की गई है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक बयान में बताया गया है कि पाकिस्तान से उन 185 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों को भी जल्द से जल्द रिहा करने की मांग की गई है, जो अपनी सजा पूरी कर चुके हैं। इसके अलावा भारत ने पाकिस्तान से 47 भारतीय नागरिक कैदियों और हिरासत में लिए गए मछुआरों को राजनयिक पहुंच प्रदान करने को भी कहा है। पाकिस्तान से उन सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया गया है, जो वहां सजा काट रहे हैं।

# केजरीवाल ने सीबीआई की गिरफ्तारी को दिल्ली उच्च न्यायालय में दी चुनौती

नई दिल्ली/एजेंसी।

आबकारी नीति 2021-22 (जो विवाद के बाद रद्द कर दी गई) कथित घोटाला मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दी गई गिरफ्तारी और विशेष अदालत के केंद्रीय जांच एजेंसी को उन्हें हिरासत में देने के आदेश के साथ ही गिरफ्तारी को उचित बताते की टिप्पणी के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल बंद आरोपी श्री केजरीवाल को 26 जून को औपचारिक तौर पर सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। विशेष अदालत ने उसी दिन सीबीआई की गुहार पर उन्हें इस केंद्रीय जांच एजेंसी की तीन दिनों की हिरासत में भेज दिया था।

हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद विशेष अदालत ने सीबीआई के अनुरोध पर शनिवार 29 जून को उन्हें 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने सीबीआई की ओर से श्री केजरीवाल की हिरासत बढ़ाने की मांग नहीं करने और 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का आग्रह के बाद यह आदेश पारित किया था। सीबीआई की ओर से दलील दी गई थी कि केजरीवाल एक प्रभावशाली राजनेता हैं। वह हिरासत में नहीं रहने पर सबूतों से छेड़छाड़ और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत ने 26 जून को श्री केजरीवाल को सीबीआई की तीन दिनों की हिरासत भेजने का आदेश दिया था। हिरासत अवधि 29 जून को समाप्त होने पर सीबीआई ने उन्हें फिर अदालत में पेश किया था।

आबकारी नीति से संबंधित धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद मुख्यमंत्री केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने अदालत की अनुमति पर श्री केजरीवाल से 25 जून को जेल में पूछताछ की थी। पूछताछ के बाद 26 जून को उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था।

## बदलते परिदृश्य में सभी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार है सेना : जनरल द्विवेदी

नयी दिल्ली/एजेंसी।

नव नियुक्त सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को देशवासियों को विश्वास दिलाया कि वे सेना को आधुनिक बनाने और स्वदेशी युद्ध प्रणालियों तथा रणनीतियों से लैस करने की हर संभव कोशिश करेंगे तथा सेना बदलते वैश्विक समीकरणों में हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार है।



रविवार को देश के तीसवें सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने वाले जनरल द्विवेदी ने सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने रक्षा मंत्रालय के कार्यालय साउथ ब्लाक में सलामी गारद का निरीक्षण किया। निरीक्षण से पहले उन्होंने साउथ ब्लाक प्रांगण में सभी धर्मों के गुरूओं से मुलाकात की। बाद में उन्होंने अपनी प्राथमिकता गिनाते हुए कहा कि सेना की गौरवशाली परंपरा जवानों के बलिदान और योगदान पर आधारित है। मैं उन वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि दुनिया में बदलती परिस्थितियों के बीच उनकी प्राथमिकता सेना को स्वदेशी आधुनिक हथियारों और नए जमाने की तकनीक से लैस करके युद्ध प्रणालियों और रणनीतियों में सुधार करना है।

## एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव मिले

अलीराजपुर/एजेंसी।

मध्यप्रदेश के अलीराजपुर जिले के एक गांव में आज एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव मिलने की घटना के बाद सनसनी फैल गयी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार राउड़ी गांव में एक मकान में पांच लोगों के शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव मकान में फांसी के फंदे पर लटके हुए पाए गए। मृतकों की पहचान राकेश, उसकी पत्नी ललिता, पुत्री लक्ष्मी, पुत्र अक्षय और प्रकाश के रूप में हुयी है।



सूत्रों ने प्रारंभिक पड़ताल के हवाले से कहा कि सुबह मकान में किसी व्यक्ति के पहुंचने पर दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद शंका होने पर सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा खुलवाया, तो मकान में पांचों सदस्यों के शव मिले। पुलिस ने मामले को जांच में ले लिया है।

**तेलंगाना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत**

**नागरकुर्नूल।** तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले के वानापतला गांव में सोमवार तड़के एक पुरानी मिट्टी की इमारत गिरने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई जिसमें मां और तीन बच्चे शामिल हैं जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, परिवार में माता, पिता, दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं।

## श्री अमरनाथ यात्रा का चौथा जत्था जम्मू बेस कैंप से रवाना

जम्मू/एजेंसी।

श्री अमरनाथ यात्रा के लिए 6461 तीर्थयात्रियों का चौथा जत्था सोमवार को जम्मू से रवाना हुआ। यात्रा यहां भगवती नगर आधार शिविर से दक्षिण कश्मीर में स्थित पवित्र गुफा के लिए बालटाल और पहलगाम के दो मार्गों के लिए रवाना हुई। 4140 श्रद्धालु पहलगाम के रास्ते से और 2321 तीर्थयात्री बालटाल के रास्ते से रवाना हुए।



## लद्दाख में सैन्य अभ्यास में जान गंवाने वाले सैनिकों को राज्यसभा ने दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली/एजेंसी।

राज्यसभा ने लद्दाख में सैन्य अभ्यास के दौरान जान गंवाने वाले पांच सैनिकों के साथ ही हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मारे गये ईरान के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सैयद इब्राहिम रईसी, ईरान के विदेश मंत्री डॉ. हुसैन मीर अब्दुल्लाहियान, तंजानिया के पूर्व राष्ट्रपति अलहज अली हसन मविनी और मलावी के उप राष्ट्रपति डॉ. सुलोस



कॉल्स चिमिला को सोमवार को श्रद्धांजलि दी।सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन को इस संबंध में जानकारी दी। इसके बाद सदस्यों ने सदन में मौन खड़े होकर इन सभी को श्रद्धांलजि दी। लद्दाख में टैंक को नदी के पार ले जाने के अभ्यास के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण घटना में सेना के पांच बहादुर सैनिकों की मौत हो गयी थी। इससे पहले सदन में सदस्यों अब्दुल वाहब, एलामारम करीम, श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक और वी विजयसाई रेड्डी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गयी।

## बिजनेस

### एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने टाटा क्रोमा रायपुर में लॉन्च किए नेक्स्ट जनरेशन के एलजी ओएलईडीईवो एआई टीवी

**रायपुर (अमन पथ न्यूज)।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स (एलजी), जो एक दशक से अधिक समय से ओएलईडी तकनीक में अग्रणी है, घरेलू मनोरंजन में अपने नवीनतम नवाचार का अनावरण करने पर गर्व महसूस कर रहा हैः एआई टीवी की अगली पीढ़ी 108 सेमी (43) से 246 सेमी (97) तक के आकारों में उपलब्ध है। 2024 लाइनअप में एलजी ओएलईडीईवो एआई और एलजी क्यूएनईडी एआई टीवी की सबसे उन्नत रेंज शामिल है, जिसमें दुनिया का सबसे बड़ा ओएलईडी टीवी एलजी ओएलईडी 97जी4 भी शामिल है, जो पावर पैक्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रदर्शन का दावा करता है जो देखने के अनुभव के हर पहलू यानी पिक्चर क्वालिटी, ऑडियो क्वालिटी और निजीकरण को नई ऊंचाइयों पर ले जाता है। विभिन्न देखने की प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए 55 नए मॉडल पेश किए जाने के साथ, यह




लॉन्च टेलीविजन उद्योग में दृश्य उत्कृष्टता और पर्सनलाइजेशन की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

इस पर टिप्पणी करते हुए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स रायपुर के शाखा प्रबंधक प्रशांत जैन ने कहा, ₹हमें नेक्स्ट जनरेशन के एआई टीवी को पेश करने पर गर्व महसूस हो रहा है, जो ओएलईडी और प्रीमियम एलईडी प्रौद्योगिकियों दोनों में नवाचार के मामले में अग्रणी है। एलजी 2024 एलजी ओएलईडीईवो एआई और एलजी क्यूएनईडी एआई टीवी लाइनअप एक उन्नत प्रोसेसर के साथ देखने के अनुभव को एक नए स्तर पर ले जाता है जो विभिन्न स्क्रीन आकारों में उत्कृष्ट ऑडियो-विजुअल अनुभव सक्षम करता है, साथ ही प्रत्येक व्यक्ति की अनूठी लाइफ स्टाइल और प्राथमिकताओं के अनुरूप पर्सनलाइज्ड यूजर अनुभव भी प्रदान करता है। भारत में बड़े स्क्रीन वाले टीवी की मांग बढ़ रही है और हम लगातार अपने पोर्टफोलियो को बढ़ा रहे हैं, जिसमें दुनिया का सबसे बड़ा 97(246.38 सेमी) टीवी शामिल है, जिसमें शानदार पिक्चर क्वालिटी, उन्नत एआई-संचालित प्रोसेसिंग तकनीकें शामिल हैं। इसके अलावा वेबोस नवीनीकरण कार्यक्रम के साथ, इस नई लाइनअप के साथ हमारा लक्ष्य भारत में फ्लैट पैनल टीवी में अपने मार्केट लीडरशिप को और बढ़ाना है।

### नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल आरई100 में शामिल

**गुरुग्राम (अमन पथ न्यूज)।** भारत की अग्रणी डेटा सेंटर कंपनियों में से एक, नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल, आरई100 पहल में शामिल हो गई है - जो कार्बन डिस्क्लोजर प्रोजेक्ट (सीडीपी) के साथ साझेदारी में क्लाइमेट ग्रुप के नेतृत्व वाली एक प्रमुख वैश्विक पहल है और इसने बिजली की 100% आपूर्ति नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की है। इसके साथ, नेक्स्ट्रा भारत का एकमात्र डेटा सेंटर संगठन बन गया है, जिसने आरई100 के समक्ष पर्यावरणीय सस्टेनिबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और 2031 तक कार्बन उत्सर्जन के मामले में नेट-जीरो बनने का लक्ष्य प्राप्त करने का वचन दिया, और आरई100 को ऐसा वचन देने वाली 14वीं भारतीय कंपनी बनने की उपलब्धि हासिल की है। आशीष अरोड़ा, सीईओ नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल ने कहा, हम पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार ब्रांड हैं और स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों को तेजी से अपना रहे हैं। हम 2031 तक कार्बन उत्सर्जन के मामले में नेट-जीरो बनने के लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में मजबूत कदम उठाते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

### कृषि क्षेत्र की चुनौतियों के निदान के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिपजरूरी : विशेषज्ञ

**रायपुर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और अग्रणी कृषि-इनपुटकंपनी धानुका के विशेषज्ञों ने किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों कासमाधान करने के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को प्रगाढ़ करने केउद्देश्य के साथ एक साथ आकर रायपुर के आईजीकेवी के प्रांगण मेंआईसीएआर और धानुका एग्रीटेक द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित केवीकेकार्यशाला को संबोधित किया। कृषि क्षेत्र की चुनौतियों के समाधान के लिए सरकार पब्लिक-प्राइवेटपार्टनरशिप को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित कर रही है। इस तरह से सहयोग सेसरकारी और निजी संस्थाओं के संसाधन, विशेषज्ञता और नवीन समाधानएक ही जगह लाने में मदद मिलती है, जिसकी कृषि विस्तार सेवाओं कीपहुंच और प्रभावशीलता को बड़े स्तर पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका है, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय (आईजीकेवी) के उपकुलपति डॉ. गिरीशचंदेल ने कहा।

## खेल

### बीसीसीआई ने विश्व विजेता टीम के लिए पुरस्कार का एलान किया



नई दिल्ली/एजेंसी।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टी20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों के लिए पुरस्कार का एलान किया है। भारत ने बारबाडोस में खेले गए फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराया था और दूसरी बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था। भारत ने रोहित शर्मा की कप्तानी में 17 साल बाद टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। भारतीय टीम का यह 11 साल में पहला आईसीसी खिताब है।

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने टी20 विश्व कप की विजेता टीम को 125 करोड़ रुपये का ईनाम देने की घोषणा की है। जय शाह ने एक्स पर लिखा, मुझे आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 की विजेता भारतीय टीम के लिए 125 करोड़ रुपये की इनामी राशि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया है।

### छग पावर लिफ्टिंग टीम आज ट्रेन से उज्जैन जायेंगे

अमन पथ न्यूज

**रायपुर।** वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग इंडिया एसोसिएशन छग के तत्वाधान में आयोजित छग पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप की प्रतियोगिता रायपुर में संपन्न हुई पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित छग पावर लिफ्टिंग की टीम इस प्रकार है पुरुष वर्ग में राहुल सारथी आदिल खान खीलन सिंह मोनू गोस्वामी राजा राजपूत लखपति सिंदूर महेश आजाद शुभम वैष्णव विनय वैष्णव दीपेश नायक जयदीप गुप्ता कैलाश कुर्रे रोहित कुमार चौधरी मुकेश कहार रूपेंद्र सोनकर दिनेश कारवा आयुष शर्मा अनुराग साहू कुंदन साहू दिव्यांश ओझा महिला वर्ग में कमला देवी मंगतानी सकुंतला सिंह संजीदा खातून सलीता पनेडिया सुमन मरकाम जया साहू छग टीम पुरुष वर्ग के मैनेजर प्रदीप क्षत्रिय और महिला वर्ग के कल्याणी महोबिया होंगे।

### भारतीय महिला टीम ने टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराकर सीरीज जीती

चेन्नई/एजेंसी।

भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजों और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम सोमवार को टेस्ट मैच के चौथे दिन दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से करारी शिकस्त देते हुए एकमात्र टेस्ट मैच की सीरीज जीत ली है। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने फॉलोऑन खेल रही दक्षिण अफ्रीका को टेस्ट मैच के चौथे दिन दूसरी पारी में 373 रनों पर समेट दिया है। इसके बाद भारत को जीत लिए 37 रन का लक्ष्य मिला था जिसे सतीश शुभा नाबाद (13) और शेफाली वर्मा नाबाद (24) की मदद से 9.2 ओवर में हासिल कर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया।



# दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना परिसर में वृहद वृक्षारोपण

- अतिथियों ने कहा पर्यावरण को बचाने पौधारोपण जरूरी
- विभिन्न प्रजाति के 400पौधों का रोपण

अमन पथ न्यूज





बालोद। जिले में चलाए जा रहे सघन वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत सोमवार को कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, गणमान्य नागरिक पवन साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने करकाभाट स्थित दंतेश्वरी मैया शक्कर कारखाना में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने सम्पूर्ण जीव जगत के लिए पेड़-पौधों की महत्ता एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि मात्र पौधों का रोपण करना ही पर्याप्त नही है वरन उनका सुरक्षा एवं देखभाल करना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शक्कर कारखाना के अधिकारी-कर्मचारियों को रोपे गए पौधों का समुचित देखभाल सुनिश्चित करने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत संस्था के प्रबंध संचालक राजेन्द्र प्रसाद राठिया, महाप्रबंधक लिलेश्वर देवांगन एवं संस्था के अधिकारी कर्मचारी द्वारा किया गया। अभियान के तहतकारखाना परिसर में कुल 400 पौधों का रोपण किया गया। जिसमें 200 पौधे आम सहित विभिन्न प्रजातियों के 200पौधे जैसे कटहल, जामुन, नीम, नारियल, करंज, नीबू, अमरूद, मुनगा आदि शामिल हैं। इस अभियान में मुख्य रूप से तोमन लाल साहू अध्यक्ष किसान मोर्चा,राकेश यादव (छोटू)जिला भाजपा महामंत्री,बल्दू राम साहू पूर्व अध्यक्ष द.मैं.स.श. कारखाना, त्रिलोकी साहू जिला उपाध्यक्ष भाजपा, छगन देशमुख संरक्षक गन्ना किसान संघ, श्रीमती प्रेमलता साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद,जितेंद्र साहू अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, प्रेम लाल साहू मंडल अध्यक्ष, लीलाराम डड़सेना सरपंच ग्राम पंचायत करहीभदर,लोकेश श्रीवास्तव, देवधर साहू,छगन लाल साहू,कमल पनपालिया, श्रीमती शीतल बंसल एस.डी.एम बालोद, जी.एस.धुर्वे उप संचालक कृषि बालोद, चंद्रजीत सिंह यादव,के पी, सिंह, हाकिम सिंह,नारायण साहू, तुलसी राम देवांगन, भगतराम राणा, हीरा पन्ना मिर्चे सहित कारखाना कर्मचारियों की उपस्थिति रही।इस दौरान कलेक्टर चंद्रवालने उपस्थित जनों को प्रेरित करते हुए कहा पर्यावरण की रक्षा के लिए वृक्षारोपण एवं पेड़ों की रक्षा करना आवश्यक है।कहा प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं।फल- -फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से ही होती है। पेड़-पौधों से हमें ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है जो हमें जीवित रखने के लिए बहुत आवश्यक है।इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कारखाना प्रबंधन की पौधे लगाने की मुहिम कि मैं मुक्त कंठ से सराहना करता हूं। पेड़ पौधे हमारे जीवन रक्षक हैं। पेड़ पौधों से हमारा रिश्ता माता-पिता व बच्चों के समान है।उन्होंने कहा सभी नागरिकों से अपील है कि एक एक पौधा जरूर लगाए।इससे हमें पर्यावरण की सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है।

# आचार्य विद्यासागर के जीवन गाथा और महाप्रयाण पर प्रदर्शनी लगाई गई



अमन पथ न्यूज

बालोद।आचार्य विद्यासागर के जीवन गाथा और महाप्रयाण पर प्रदर्शनी आयोजित की गई।जैनिजम फिलाटेली सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदर्शनी के उदघाटन कर्ता डॉ प्रदीप जैन ने जन समूह की उपस्थिति में फीता काटकर इसका शुभारम्भ किया।उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि यह भारत का पहला अनोखा संग्रह है जिसमे आचार्य श्री के जन उपकारी व्यक्तिव और कृतित्व को डाक विभाग भारत सरकार द्वारा अनुमोदित संपूर्ण 203 विशेष आवरणों के माध्यम से तेजकरण जैन ने प्रस्तुत किया है।

साथ ही इस सफल आयोजन हेतू उन्होंने भिलाई दिगम्बर पंचायत के सक्रिय सदस्यों को भी साधुवाद प्रेषित किया।

रविवार को नेहरू नगर भिलाई में प्रदर्शनी लगाया और गुरु के महत्व के प्रति जागरूक कर चर्चा में आने वाले मोहला के तेजकरण जैन ने जैनाचार्य विद्यासागर के विराट व्यक्तित्व पर विशेष आवरण और महाप्रयाण के अखबारों की विशाल प्रदर्शनी लगाई। आयोजक श्री दिगंबर जैन सभा नेहरू नगर द्वारा आचार्य विद्यासागर जी महाराज के 56 वे संयम वर्ष के अवसर पर यह एक दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित की गईं थी।

# ओड़ारसकरी में शाला प्रवेशात्सव व न्यौता भोज का किया गया आयोजन

अमन पथ न्यूज



बालोद।विकासखंड गुंडरदेही के शास. पूर्व माध्यमिक शाला ओडारसकरी में कक्षा छठवीं के नवप्रवेशी बच्चों का पुष्प वर्षा कर तिलक लगाकर तथा मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम शुभारम्भ आमंत्रित अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के छाया चित्र की पूजा अर्चना किया गया तत्पश्चात अतिथियों द्वारा निःशुल्क पाठ्यपुस्तक व गणवेश का वितरण बच्चों को किया गया।

शाला प्रवेशोत्सव के इस शुभ अवसर पर ओड़ारसकरी के गणमान्य नागरिक डॉ. वी. एस.मरकाम के द्वारा अपने पुत्र के नौकरी लगने के खुशी में न्यौता भोजन का आयोजन शाला प्रांगण में किया गया।कार्यक्रम के अतिथि सांसद प्रतिनिधि चेमन सिन्हा, डॉ.वी. एस. मरकाम ,सरपंच श्रीमती केशर निर्मलकर, प्राचार्य बी आर ठाकुर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, प्रधानपाठक श्रीमती किरण सोनी, शास. उच्चतर माध्य, पूर्व माध्यमिक, प्राथमिक शाला के सभी शिक्षक व पालकगण उपस्थित रहे।

# राज्य खेल अलंकरण पुरस्कार हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि अब 10 जुलाई

अमन पथ न्यूज

बालोद। छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। जिसके अंतर्गत पात्र खिलाड़ी राज्य खेल अंकरण पुरस्कार वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 हेतु अब 10 जुलाई तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी सुश्री प्राची ठाकुर ने बताया कि खिलाड़ियों को अलग-अलग वर्षों के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्रों का प्रारूप विभाग की वेबसाइट स्पोर्ट्सवायडब्ल्यू डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि पूर्व में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून 2024 तक निर्धारित की गई थी। जिसे संशोधित करते हुए अब खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप में 10 जुलाई 2024 तक संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम जी.ई. रोड, रायपुर,या कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बालोद में अपना आवेदन सीधे जमा कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के अंतर्गत राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया है या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो उन्हें शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने विगत 05 वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग राष्ट्रीय चैम्पियनशीप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता है। प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अलंकृत किया जाएगा।

खेल से जुड़े 55 वर्ष से अधिक उम्र के अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल के क्षेत्र में की हो उन्हें शहीद विनोद चौबे सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

इसी प्रकार सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दल को मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जाती है।

**न्यूज विंडों**

## नगर पालिका दल्लीराजहरा एवं नगर पंचायत अर्जुंदा में नवीन कानून के संबंध में दी गई जानकारी

अमन पथ न्यूज

बालोद। देश में 01 जुलाई 2024 से लागू हो रहे तीन महत्वपूर्ण कानून के जागरूकता के संबंध में आज नगर पालिका दल्लीराजहरा एवं नगर पंचायत अर्जुंदा में जागरूकता अभियान कार्यशाला का आयोजन कर नवीन कानून के संबंध में जानकारी दी गई। जिसमें उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों सहित आम नागरिकों को 01 जुलाई 2024 से लागू हो रहे तीन महत्वपूर्ण कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एंव भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध जिले में की जा रही है लगातार कार्रवाई

अमन पथ न्यूज

बालोद। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निदेर्शानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में बालोद जिले में अवैध मदिरा निर्माण, धारण, परिवहन एवं विक्रेताओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि जून माह मे जिले में कुल 127 जगहों में छापामार कार्रवाई की गई, जिसमें आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 87 प्रकरण दर्ज कर कुल 52.86 लीटर मदिरा एवं 01 वाहन जप्त की गई है। जिसमें सार्वजनिक स्थलों में मदिरापान के 67 प्रकरण, गुमटी, होटल, ढाबों में अवैध रूप से मदिरा पिलाने के 12 प्रकरण, मदिरा कोचियों के विरुद्ध कार्रवाई के 08 प्रकरण तथा जेल दाखिल के 01 प्रकरण शामिल है। उन्होंने बताया कि जिले में शराब के अवैध निर्माण, धारण, विक्रय, परिवहन एवं अवैध रुप से मद्यपान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करने वालों पर प्रभावी नियंत्रण करने आबकारी अमले द्वारा सघन गश्त एवं छापे की कार्रवाई की जा रही है। जिले में संचालित मदिरा दुकानों का नियमित रुप से औचक निरीक्षण एवं जांच कर किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## सारंगढ़ के आईटीआई और कालेज में 2 जुलाई को होगा वायुसेना का कैरियर मार्गदर्शन

भटगांव ।वायुसेना में सेवा देने के इच्छुक सारंगढ़ विधानसभा के युवाओं के लिए वायुसेना द्वारा 02 जुलाई 2024 को सुबह 10 बजे से शासकीय आईटीआई चंदाई सारंगढ़ में और दोपहर 1 बजे से शासकीय लोचन प्रसाद पांडेय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सारंगढ़ में कैरियर मार्गदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में इच्छुक युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए वायु सेवा ने अपील किया है ।

# विद्यालय तो खुला है, शिक्षक भी उपस्थित, लेकिन एक भी बच्चे नहीं पहुंचे विद्यालय

अमन पथ न्यूज





छुरा। मामला जिला गरियाबंद के विकास खंड छुरा अंतर्गत ग्राम हीराबतर का है जहां शिक्षकों की कमी के चलते पालकों ने अपने बच्चों को विद्यालय नहीं भेजने का निर्णय लिया है और आज प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुला तो है और शिक्षक भी उपस्थित हैं लेकिन एक भी छात्र छात्राएं विद्यालय नहीं पहुंचे हैं।पालकों की मानें तो प्राथमिक विद्यालय में दो शिक्षक हैं जिसके चलते पढ़ाई सही ढंग से नहीं हो पाता है जिससे बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है वहीं पूर्व माध्यमिक विद्यालय का भवन जर्जर हो जाने के चलते प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय एक ही विद्यालय में संचालित है जिससे बच्चों को काफी दिक्कतें होती है और वहां भी मात्र तीन शिक्षक हैं।

हम पिछले दो वर्षों से इन समस्याओं से जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों को रूबरू कराते हुए इन समस्याओं का समाधान के लिए गुहार लगा चुके हैं लेकिन अब तक इन समस्याओं समाधान अब तक नहीं हो पाया जिसके चलते पालकों ने अपने बच्चों को विद्यालय नहीं भेजने का निर्णय लिया है जिसके चलते आज प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एक भी छात्र छात्राएं नहीं पहुंचे, वहीं दोनों विद्यालय के शिक्षक खाली विद्यालय में ड्यूटी कर रहे हैं। वहीं छुरा ब्लाक शिक्षा अधिकारी का कहना है कि शिक्षकों का चयन मेरे हाथ में नहीं है वहीं प्राथमिक विद्यालय में प्रधान पाठक पिछले सत्र से ज्वाइनिंग तो किया है लेकिन पूर्व पदस्थ विद्यालय में शिक्षक नहीं पहुंचने के चलते वे पूर्व पदस्थ विद्यालय में ही हैं। वहीं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक रिटायर होने के बाद वहां दुसरा प्रधान पाठक अब तक नहीं नहीं पहुंचे हैं।

प्रशासन और सरकार के द्वारा शिक्षा को बेहतर बनाने हेतु कई बड़ी बड़ी बातें तो की जाती है लेकिन धरातल पर अभी भी कहीं शिक्षकों की कमी तो कहीं भवन की कमी है और यह समस्या कब तक दुर हो पायेगी यह एक गंभीर सोचनीय विषय है।

# गायत्री मंदिर में हुआ निशुल्क बॉडी चेकअप शिविर का आयोजन



अमन पथ न्यूज

खरसिया । गायत्री परिवार खरसिया द्वारा निशुल्क बॉडी चैकअप शिविर का आयोजन करवाया गया था जिसमें 51 लोगों ने अपना चेकअप करवाया वही राउरकेला के अनुभवी वेलनेस कोच के द्वारा चेकअप किया गया।यह शिविर वजन घटाने, बढ़ाने व नियंत्रित रखने के लिए, सुबह के स्वास्थ्य वर्धक नास्ते के लिए, रोग प्रतिरोधक छमता को बढ़ाने के लिए, पेट की पाचन क्रिया को बेहतर करने के लिए, एनर्जी लेवल और फिटनेस हृदय, जोड़ो व मस्तिष्क को तंदरुस्त रखने के लिए बच्चों और खिलाड़ियों के लिए पोषण जैसे अनेक प्रकार से अपने शरीर को फिटनेस कैसे रखे उसके लिए आयोजित किया गया था।राउरकेला से आये अनुभवी वेलनेस कोच निकिता बिश्वाल, इशिका गोयल, घनश्याम गोयल मौजूद थे

वही इनके सहयोग के लिए विजय गोयल, नीलेश गोयल और मनीषा अग्रवाल थी।

गायत्री परिवार की और से प्रमुख रूप से सुरेश कबुलपुरिया, विजय गोयल (मिले) जयप्रकाश गर्ग कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी मुख्य भूमिका निभाई। इसके साथ ही अशोक अग्रवाल पत्रकार, प्रहलाद बंसल, विजय गोयल, प्रदीप गोयल ने भी अपना चेकअप करवाकर संतुष्ट जाहिर की।

# नवीन अधिनियम पर उपजेल बेमेतरा में आयोजित हुई कार्यशाला



बेमेतरा। सम्पूर्ण भारत में 01 जुलाई से लागू नवीन अधिनियम के प्रावधानों से अभिरक्षाधीन बंदियों को अवगत कराये जाने हेतु जिला जेल में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि, गुलापन राम यादव, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, श्रीमती अनिता कोशिमा रावटे, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, श्रीमती निधि शर्मा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दिनेश तिवारी, चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल थे। न्यायाधीश गुलापन राम यादव, द्वारा बंदियों को उनके अधिकारो के बारे में बताया गया और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के प्रावधानों के बारे में बताते हुए नवीन कानून के तहत पुलिस अधिकारियों के द्वारा विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन / जप्ती के समय विडियोंग्राफी किये जाने का प्रावधान आवश्यक किया गया है। यह भी बताया कि भारतीय न्याय संहिता में माब लिचींग अर्थात भीड़ के द्वारा हिंसा या अपराध कारित किया जाना भी दण्ड की श्रेणी में रखा गया है। न्यायाधीश श्रीमती अनिता कोशिमा रावटे, द्वारा व्यक्त किया गया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत विवेचना उपरांत अभियोग पत्र प्रस्तुति हेतु 60 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है, जिससें आगामी प्रस्तुत होने वाले प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जा सकेगा। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि नवीन कानून में मृत्युदण्ड से दंडित अपराधियों को राज्यपाल / राष्ट्रपति के समक्ष याचिका प्रस्तुत करने का भी प्रावधान है। सचिव श्रीमती निधि शर्मा, द्वारा नवीन कानून के प्रावधान अनुसार ऑनलाईन एफ.आई.आर. दर्ज किये जाने के बारे में बताया गया, यह भी बताया गया कि भारतीय दण्ड संहिता में उल्लेखित महिलाओं के विरूद्ध अपराधों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अध्याय 5 में संकलित किया गया है। नालसा की योजनाओं से अवगत कराते हुए 13 जुलाई को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के संबंध में बताया गया। अधिवक्ता दिनेश तिवारी, द्वारा विचाराधीन बंदियो को यह भी बताया गया है कि न्यायालय में लंबित उनके मामलों की पैरवी किये जाने हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की सहायता उपलब्ध है। उनके द्वारा नवीन कानून में परिवर्तित हुई धाराओं और उनके प्रावधानों से बंदियों को अवगत कराया गया। उनके द्वारा यह भी व्यक्त किया गया कि अपराधियों के द्वारा क्षणिक आवेश में आकर अपराध कारित कर दिया जाता है। परन्तु उनसे यह अपेक्षा की गई कि वह अपनी सजा भुगतने या मामले की समाप्त होने पर समाज की मुख्य धारा में जुड़ने का भरपूर प्रयास करेंगे।

उक्त कार्यशाला में मोतीलाल वर्मा, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउसिल, अमन दुबे एवं सुश्री गीता दास, सहायक लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल, जेल अधीक्षक दिनेशचन्द्र ध्रुव, मुख्य जेल प्रहरी दीनदयाल ध्रुव, संत पुरैना, मनीराम पैकरा सहित प्राधिकरण के पैरालिगल वॉलिटियर्स चेतन साहू, पंकज घृतलहरे, टुवेन्द्र वर्मा, तरूण आंनद की उपस्थिति रही।

# तीन दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का हुआ समापन

■ डॉ डे के अवसर पर विधायक नीलकंठ टेकाम ने डॉक्टरों का किया सम्मान,साथ ही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मेघावी छात्र छात्राओ को किया सम्मान

अमन पथ न्यूज





केशकाल । तीन दिवसीय मेगा हेल्थ केम्प के समापन पर आज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम की उपस्थिति में आज विभिन्न डॉक्टर को डॉक्टर डे के अवसर पर उन्हे सम्मानित किया , साथ ही ही वर्ष 2023-24 में विधानसभा केशकाल क्षेत्र अंतर्गत मेधावी छात्रों को भी मंच से माननीय विधायक ने सम्मान किया तीन दिवसीय चले इस हेल्थ मेघा केम्प मे 25 से अधिक विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा लगातार तीन दिवस तक अपना सेवा दिया जहां 3000 से अधिक लोगों ने पंजीयन करा कर अपना उपचार कराया इसके साठी आयुर्वेदिक के क्षेत्र में भी काफी लोगों ने अपना विचार कराया ज्ञात हो की इस तीन दिवसीय मेघा हेल्थ केम्प का मुख्य कारण ग्रामीण अंचलों सहित नगरीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूक करना हुआ उन्हें स्वास्थ्य लाभ देने को लेकर विधायक नीलकंठ टेकाम ने यह अभियान चलाया था केशकाल नगर के विभिन्न , समाज के पदाधिकारी व संघटनों के लोगो के सहयोग किया इसके साथ ही विश्व चिकित्सा दिवस के अवसर पर आज केशकाल अंचल के समस्त डॉक्टर को सम्मान मंच में किया ज्ञात हो की 3 दिवसीय इस शिविर मे 3 हजार लोगो का पंजीयन कराया गया साथ ही विकलांग लोगो को चिन्हाकित कर उन्हे आवश्यक उपकरण प्रदान किया गयाइस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीलकण्ठ टेकाम ने बताया की मेरी सोच को आज एक गति मिला है 3 दिवसीय इस महा मेघा हेल्थ केम्प मे विधानसभा अंचल के दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीणों को स्वास्थ्य का लाभ मिला अक्सर ग्रामीण इलाको मे ग्रामीण गभीर बीमारी से ग्रसित होते है जिन्हे उपचार का आभाव बना रहता है इस तरह के अनेक कार्यक्रम आने वाले समय मे आयोजित किया जायगा जिससे जनता को इसका लाभ मिल सकेकार्यक्रम के मुख्य अवसर पर आज विधायक नीलकंठ टेकाम संतोष कटारिया , राजकिशोर राठी, भूपेश चंद्रकार, नवदीप सोनी, रोशन जमीर खान, महेंद्र नेताम्, वीर बघेल, राजेंद्र ठाकुर, गीता ध्रुव, जसराज जैन ,मनोज गोयल, राकेश जैन धर्मेंद्र जैन, पिला बाई जैन, सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए

## अमन पथ खबर का असर

## प्रशासन हुआ अलर्ट अतिक्रमण से किया बेदखल अब नहीं होगा पहाड़ी कोरवाओं का धरना प्रदर्शन

जशपुर ( अमन पथ)। जशपुर जिले के बगीचा से बड़ी खबर सामने आ रहा है मामला ग्राम पंचायत गायबुड़ा की जहां पहाड़ी कोरवा आश्रम के अगल बगल वनभूमि है और उसमें वनविभाग के द्वारा तार का घेराव भी किया गया है जिसमें एक ब्यक्ति के द्वारा घेराव के अंदर अतिक्रमण कर रखा था जिसका शिकायत पूर्व में ग्राम पंचायत व शिक्षकों के ने अधिकारियों को लिखित में अवगत कराया था पर कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण गांव के पहाड़ी कोरवाओं ने एकजुट होकर दिनांक 28 जून को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वन परिक्षेत्र अधिकारी बगीचा को लिखित आवेदन देकर परिक्षेत्र कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने का चेतावनी दिया जिसको अमन पथ ने दो दिन पूर्व खबर को प्रमुखता से उठाया था और आज को वन विभाग राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस के सहयोग से तत्काल अतिक्रमण हटा दिया गया पहाड़ी कोरवा व ग्रामीणों ने शासन प्रशासन को आभार जताया।

## जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम 2 जुलाई को सारंगढ़ में लेंगे समीक्षा बैठक

**भटगांव ।** राजस्व, खेल एवम युवा कल्याण मंत्री तथा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा 02 जुलाई 2024 को सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ के सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे मंत्री श्री वर्मा जिले के सभी विभागों की समीक्षा बैठक लेंगे।

# प्रशासन के लाख कोशिश के बाद भी नहीं रूक रहे फ्लाईएश ओवरलोड ट्रकों के पहिए

■ सर्व आदिवासी सामाज करेंगे 5 जुलाई को चक्का जाम

अमन पथ न्यूज



रायगढ़। धरमजयगढ़ क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटना की खबरें देखने को मिल रहा है, सड़क दुर्घटना को रोकने स्थानीय प्रशासन की लाख कोशिश के बाद भी भारी वाहनों के रफ्तार में किसी प्रकार की कोई बदलाव नहीं हो रहा है। धरमजयगढ़ में चल रहे सड़क निर्माण में उपयोग में लाये जा रहे फ्लाईएश की गाडियां आरटीओ के नियम कानून की धज्जियां उड़ते हुए सड़क पर दौड रही है। जिसका नतीजा है कि आए दिन इनकी गाडिया सड़क दुर्घटना कर रही है। अभी कुछ ही दिन पूर्व फ्लाईएश की गाड़ी से एक निर्दोश युवक को रौंध कर मौत के घाट उतार दिया था। तो वहीं कहा जाये तो हर दिन किसी न किसी प्रकार की छोटी बड़ी दुर्घटना फ्लाईएश परिवाहन कर रहे गाडियां कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन इन पर कार्यवाही भी कर रहे हैं एवं इनको रफ्तार कम करने की हिदायत भी दे रहे हैं लेकिन अधिकारियों के हिदायत को ठेंगा दिखाते हुए शहर के बीचों बीच जोरदार रफ्तार में दौड़ा रहे हैं। ओवरलोड एवं तेज रफ्तार के कारण हो रहे सड़क दुर्घटना को लेकर 26 जून को युवा मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष लीलाम्बर यादव ने रायगढ़ रोड पर चक्का जाम करते हुए फ्लाईएश की कई ट्रक को रोक दिया था, जिसके बाद तहसीलदार अपने दलबल के साथ धरमजयगढ़ पुलिस को लेकर चक्का जाम स्थल पर जाकर ओवरलोड गाडियों पर एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए चलान काटा था, लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा फ्लाईएश परिवाहन कर रहे गाडियों पर किसी प्रकार की कोई ओवरलोड की कार्यवही नहीं किया गया जिससे चक्का जाम किये भाजपा नेताओं ने स्थानीय प्रशासन पर नाराजगी जाहिर करते हुए फ्लाईएश परिवाहन कराने वालों ठेकेदारों के साथ मिली भगत का आरोप लगाया है। स्कूल खुलने के बाद भी शहर से चलने वाली फ्लाईएश की गाडियों की रफ्तार में किसी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। बेधड़क सड़क पर तेज रफ्तार से दौड़ रहे हैं जिससे किसी भी समय स्कूली छात्र-छात्रों के साथ अनहोनी होने की संभावना बना हुआ है। लेकिन स्थानीय प्रशासन की कार्यवाही से ओवरलोड लेकर चलने वाली फ्लाईएश की गाडियों की रफ्तार कम नहीं हो रहा है। अगर देखा जाये तो फ्लाई एश की गाडियों पर जो कार्यवाही की जा रही है वह कार्यवाह मात्र एमव्ही एक्ट की रहता है जिसका चालान मात्र 5 सौ रुपए लिया जाता है जबकि फ्लाईएश की लगभग -लगभग सभी गाडियों ओवर लोड लेकर सड़क पर बेधड़क तेज रफ्तार से दौड़ती है।इन पर ओवर लोड की कार्यवाही करने अतिआवश्यक है ताकि समय रहते बड़ी दुर्घटना होने से रोका जा सके।

### ओवरलोड गाडियों पर हो कार्यवाही नहीं तो 5 को चक्का जाम

शहर से गुजरने वाली ओवरलोड गाडियों से हो रहे सड़क दुर्घटना से नाजार सर्व आदिवासी सामाज 5 जून को चक्का जाम करने की लिखित चेतावनी देते हुए, इन गाडियों पर कार्यवाही की मांग की है। सर्व आदिवासी सामाज के ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र सिदार के लिखित आवेदन पर कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन ने 28 जून को धरमजयगढ़ में यातायत पुलिस द्वारा कार्यवाही भी किया है जिसके बाद भी फ्लाईएश परिवाहन करने वाली गाडि?ों के ना तो ओवरलोड और रफ्तार में किसी प्रकार की कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, शहर के बीचों बीच धड़ल्ले से ओवर लोड लेकर तेज रफ्तार में गाडिय दौड़ रही है। प्रशासन की कार्यवाही के बाद भी फ्लाईएश परिवाहन करने वाले कंपनियों पर प्रशासन का कोई भय नहीं है जिसका कारण है कि आज भी सड़क पर मौत बनकर फ्लाईएश की ओवर लोड गाडिया दौड रही है। जिससे नाराज सर्व आदिवासी सामाज 5 जून को आमापाली में चक्का जाम करेंगे।

## सक्ती जिले के 10 स्काउट्स / गाइड्स ने लिया कुल्लु मनाली में राज्य स्तरीय शिविर में हिस्सा

■ 10 जिले से 124 बच्चे हुए शामिल सभी बच्चो को कुशल वापस आने पर फोन कर केंद्रीय मंत्री तोखन साहू जी ने दी शुभकामनाएं -

अमन पथ न्यूज



सक्ती ! भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ रायपुर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ.सोमनाथ यादव जी एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी करुणा मसीह (एसओसी) के निदेर्शानुसार जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त स्काउट एन के चंद्रा के मार्गदर्शन पर 22 से 26 जून 2024 तक कुल्लू मनाली में राज्य स्तरीय पर्वतारोहण व्यक्तित्व को विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर आयोजित किया गया जिसमे है। जिसमें 10 जिले से 124 बच्चे हुए शामिल।सक्ती जिले के 05 स्काउट,05 गाइड एवं प्रभारी जिला संगठन आयुक्त रंजिता राज तथा जिला सह सचिव खगेश भारद्वाज समिल्लित हुए। जिनके एडवेंचर पश्चात कुशल दिल्ली वापसी पर छत्तीसगढ़ के केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने बच्चो को फोन कर बधाई एवम शुभकामनाए दी गयी। उक्त एडवेंचर में बच्चो ने प्रथम दिवस पंजीयन पश्चात शाम 3 बजे पारसा वाटर फॉल्स 10 किलोमीटर पहाड़ पर चढ़कर ट्रैकिंग किए । द्वितीय दिवस एक्टीविटी में व्यास नदी पर जिपलाइन , वेलिक्रॉसिंग, स्ट्रिम क्रॉसिंग का अभ्यास कर सफलता हासिल किए। शाम प्राचीन गायत्री मंदिर दर्शन के लिए 8' घाटी चढ़कर ट्रैकिंग किए। तृतीय दिवस को प्रातः प्राचीन हिडीम्बा मंदिर जो पूरे लकड़ी से बना उनका दर्शन कर और माल रोड में ट्रेकिंग किए। और शाम को एक्टीविटी में चट्टान क्लाइम्बिंग तथा रेफलींग किया। चौथा दिवस रोहतांग में बर्फ पर चलना ,ट्रेकिंग करना, स्नो फाल ,आइस स्लीपिंग,बर्फ का जमना,पिघलना का अनुभव किए।साथ में वापसी के समय भारत का 9 किलोमीटर लंबा अटल टनल का क्रासिंग कर अवलोकन किए । जो पहाड़ के अंदर खोदकर लंबे रास्तों को छोटा करने के लिए बनाया गया है।पांचवें और अंतिम दिवस सुबह आर्चरी, रायफल शूटिंग का अभ्यास करवाया गया।दूसरे पाली में आई ए एफ द्वारा सभी बच्चों एवम् प्रभारी शिक्षकों को की चैन , कैप ,स्कार्फ प्रदान किया गया.

## न्यूज विंडों

### हीरो ग्रुप के संस्थापक बृजमोहन लाल मुंजाल का आज 100वां जन्मदिन



खरोरा ।Hero Group को फर्श से अर्श पर पहुंचाने वाले बृजमोहन लाल मुंजाल का 100वां जन्मदिन आज, कुछ ऐसा था* अग्रवाल मोटर्स खरोरा का रंग Brijmohan Munjal 100th Birth Anniversary हीरो ग्रुप के संस्थापक बृजमोहन लाल मुंजाल का आज 100वां जन्मदिन था। जिसके उपलक्ष्य मे अग्रवाल मोटर्स खरोरा मे रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा के नन्हे नन्हे बच्चों के द्वारा हीरो ग्रुप के संस्थापक बृजमोहन लाल मुंजाल की चित्रकला प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा गया था जीसमे रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा के नन्हे बच्चों ने अपनी अहम भूमिका निभाई कक्षा १२३ से रेयांश देवांगन त्रिशिका पाल एवं कक्षा 2ल्ला से हशी रॉय, खुशी रॉय, कृतिका सेन, आराध्या साहू, पुलकित साहू, पूर्वी साहू, हर्ष पाल, राशि देवांगन, भव्या जांगड़े, कक्षा 3१ से देवेश नेताम, सिद्धि कुंभकार, हर्षिता गोघरे, कक्षा 4t से श्रेया वंशे, क्लास 5t से भूमिका गिलहरे ने प्रतियोगिता में भाग लिये ईस बिच अग्रवाल मोटर्स खरोरा संस्थापक सचिन कुमार अग्रवाल जी तथा उनके पिता मा. श्री. नरेंद्र कुमार अग्रवाल जी एवं रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा के संचालक राघवेन्द्र गोस्वामी एवं प्राचार्य वैशाली गोस्वामी और अग्रवाल मोटर्स के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे ।

### भाजपा युवा नेता ने प्रभारी मंत्री दयाल बघेल से मुलाकात कर दी जन्मदिन की बधाई



गरियाबंद । प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवम उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा युवा नेता व महाकाल कंस्ट्रक्शन के डायरेक्टर देवेंद्र सिंह ठाकुर देवभोग ने उनके रायपुर स्थित निवास में सौजन्य मुलाकात कर जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर ठाकुर ने प्रभारी मंत्री के दीघार्यु जीवन की कामना की।

## जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बढ़ाए कदम आने वाले कल को बनाएं बेहतर : कलेक्टर

अमन पथ न्यूज




गरियाबंद। वर्षा जल संरक्षण एवं जल के सभी स्त्रोतों के रखरखाव सहित जल के महत्व को आमजनों को बताने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा महत्वकांक्षी कैच द रैन अभियान चलाया जा रहा है।इसी अभियान के तहत जल संरक्षण की दिशा में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान का आयोजन 29 नवम्बर 2024 तक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला मुख्यालय के इंडोर स्टेडियम में नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान 2024 के तहत आज जिला स्तरीय जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर दीपक अग्रवाल शामिल हुए।कार्यक्रम में विविध गतिविधियों का संचालन किया गया।इसके तहत अतिथियों को पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण में सकारात्मक पहल करने को प्रेरित किया गया। साथ ही जल बचाव में भागादारी निभाने जल मितान एवं जल सखी लिखा हुआ रिस्ट बैंड पहनाया गया।साथ ही स्कूली बच्चों,कॉलेज के विद्याथियों एवं कला जत्था के सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित करने मनमोहक एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी। बच्चों ने भाषण के माध्यम से भी जल संरक्षण को भी प्रेरित किया। साथ ही कलेक्टर एवं अन्य अतिथियों ने वृक्षारोपण भी किया। इसके साथ ही स्वसहायता समूह की महिलाओं ने जल संरक्षण के लिए कलश यात्रा निकाल कर लोगों को भी जल बचाव के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने जल बचाव का संकल्प लिया।इस अवसर पर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान की प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर इंडोर स्टेडिमय से रवाना किया। कार्यक्रम में जिले की नवाचारी पहल के तहत पोषण निवेश कार्यक्रम की शुरूआत की गई।इसके तहत चार नवविवाहित महिलाओं को फलदार पौधा भेंटकर उन्हें छोटे बच्चे की तहत उनका देखभाल करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।जिससे आने वाले दिनों उक्त पौधे बड़े होकर पोषण प्रदान करने में सहायक होंगे। इस

## ग्राम पंचायत टेमर के वार्ड नंबर 8 के लोगों ने कलेक्टर से मिल करी नाली एवं सड़क चौड़ीकरण की मांग

अमन पथ न्यूज





सक्ती। ग्राम पंचायत टेमर के वार्ड नंबर 8 के निवासियों ने अपनी मोहल्ले की नाली निर्माण कराने के संदर्भ में एवं संकीर्ण गली को चौड़ी कारण करने की मांग को लेकर सक्ति जिला कलेक्टर अमृत विकाश टोपनो को ज्ञापन सौंपा।बता दें की सरोजनी देवांगन, पद्मिनी देवांगन, सेवती पटेल, नोनी भाई देवांगन, जयंती देवांगन, अंजू लता देवांगन संगीता देवांगन, फूलबाई देवांगन, रुकमणी देवांगन,सुनीता देवांगन, सहित मोहल्ले वासियों ने कहा कि हमारे मोहल्ले में नाली की व्यवस्था न होने के कारण प्रत्येक घर से निस्तारित पानी का बहाव रोड में होने के कारण काई एवं कीचड़ का जमवाड़ा बना हुआ है जिससे कि मच्छरों का एवं डेंगू मलेरिया सहित गंदगी से होने वाली और भी परेशानियां होने की संभावना बढ़ रही है और बरसात के दिनों में पानी का भराव ज्यादा होने के कारण आवागमन में भी बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ रही परेशानी को देखते हुए मोहल्ले के लोगों से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए निवेदन भी किया कि नाली निर्माण से पानी सुनिश्चित हो जाएगी एवं आवा गमन के रास्ते भी संकीर्ण होने के कारण आवागमन में भी बहुत ही ज्यादा तकलीफों का सामना करना पड़ता है, जिसका समाधान करने की कृपया करें। ज्ञात हो की टेमर जनपद पंचायत सदस्य शिवचरण देवांगन भी उसी मोहल्ले का निवासी है परंतु विकास की गति धीमी पड़ चुकी है जिससे कि मोहल्ले वासियों को अपनी परेशानी के लिए अब प्रशासन से गुहार लगानी पड़ रही है।

## माता कौशल्याधाम चंदखुरी में राष्ट्रीय चिकित्साक दिवस के अवसर पर डॉक्टरों ने काटकर मनाया गया

अमन पथ न्यूज




**आरंग** । चिकित्साको के योगदान को मान्यता देने के लिए मनाया जाने वाला दिन है. डॉक्टर्स डे की तारीख अलग-अलग देशों में भिन्न होती हैं. कुछ देशों में इस दिन को छुट्टी होती है. पूरे भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 1 जुलाई को मनाया जाता है. इस दिन भारत के प्रसिद्ध चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की याद किया जाता है. उनका जन्म 1 जुलाई 1882 को हुआ था और इसी तारीख को 1962 में उनका निधन हो गया था पहला डॉक्टर्स दिवस 28 मार्च 1933 को विंडर, जॉर्जिया में मनाया गया था इसी उपलक्ष्य में आरंग विधानसभा क्षेत्र के माता कौशल्याधाम चंदखुरी में राष्ट्रीय चिकित्साक दिवस के अवसर पर डॉक्टरों ने काटकर मनाया गया चिकित्सा दिवस डॉक्टर रॉय ने मानवता की सेवा में जो अभूतपूर्व योगदान दिया उसको मान्यता देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस को मनाने की शुरूआत की थी। आज डॉक्टर डे पर त्रिवेणी डेंटल केयर और माता कौशल्या हॉस्पिटल चंदखुरी रायपुर के द्वारा आस पास के ग्रामीण क्षेत्र में सेवा देने वाले डॉक्टर के साथ आज चिकित्सक दिवस मनाया गया। माता कौशल्याधाम चंदखुरी में सन 2023 से चिकित्सा दिवस मनाने की प्रक्रिया प्रारंभ किया गया है डॉक्टरों की सूझबूझ से उत्सव में प्रमुख रूप से द्वितीय वर्ष में डॉक्टर गौरव साहू, डॉ मीनाक्षी साहू, डॉ पंकज वर्मा, डॉ आरती वर्मा, डॉ सन्तोष वर्मा, डॉ राम जी वर्मा, नन्द साहू भूपेन्द्र साहू और हॉस्पिटल के सभी स्टाफ उपस्थित थे । डॉक्टर ने बताया कि माता कौशल्या धाम चंदखुरी के क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। त्रिवेणी डेंटल केयर 2 वर्षों से लगातार सेवा देते आ रहे है, यहाँ दांतों के सभी इलाज होते है ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधा मिलना अच्छा है। माता कौशल्या हॉस्पिटल 6 वर्षों से कार्य कर रहा है। यहाँ लैब, एक्स रे, सोनोग्राफी, फामेर्सी, ऑपरेशन की सुविधा है। प्रमुख सुविधाओं का आसपास के क्षेत्र ग्रामीणों को प्रमुख स्वास्थ्य मुह्यिया उपलब्ध करया जा रहा है.

# पिता के साथ खेती किसानी कार्य में जुटे विधायक आशाराम नेताम

अमन पथ न्यूज



**कांकेर।** कांकेर जिले में इन दिनों खेती किसानी का काम जोर शोर से चल रहा है। आम मजदूरों से लेकर छोटे किसानों को अपने खेतों में काम करते, हल चलाते व अन्य कार्य करते आप बहुत से लोगों को देखा होगा। पर जब कोई विधायक खेतों में ट्रेक्टर से हल चलाता व अन्य कार्य करता नजर आए तो निगाहे उस पर ठहर जाती हैं। मन में सवाल उठता हं कि हल चलाने की जरूरत क्यों पड़ी।

अब ऐसा ही एक नजारा कांकेर जिले में देखने को मिला है। कांकेर विधायक आशाराम नेताम जब अपने खेतों में ट्रैक्टर से खेत जोताई व खेतों से घास की सफाई करते नजर आए। ग्राम बेवरती के रहने वाले विधायक आशाराम नेताम को बचपन से खेती से लगाव है। विधायक बनने के बाद भी विधानसभा क्षेत्र में व्यस्ततम रूटीन के बाद भी उन्होंने अपने खेत में खेती कार्य करते जैसे बीज बुआई, खेतों की मेड़ की सफाई, हल जोतते हुए नजर आ रहे हैं। क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि मैं राजनीति में आने से पहले से ही खेती कार्य कर रहा हूं। खेती-बाड़ी मेरा पेशा और आय का स्त्रोत है। मैं पिताजी के साथ खेती किसानी कार्य खुद करता हूं।

# लोकसभा चुनाव में कांकेर-बस्तर में हार की कांग्रेस नेताओं ने की समीक्षा

अमन पथ न्यूज



**कांकेर।** लोकसभा चुनाव-2024 के परिणाम के संबंध में बस्तर और कांकेर लोकसभा क्षेत्र के परिणाम पर समीक्षा करने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित समिति ने समीक्षा की। कांकेर जिला मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा दोनों लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस के पदाधिकारी एवं पूर्व विधायकों सहित वरिष्ठजनों से चर्चा किया।

एआईसीसी. वर्किंग कमेटी के सदस्य सह समीक्षा प्रभारी हरिश चौधरी, एआईसीसी सचिव छग. सह प्रभारी विजय जागिड़, नेता प्रतिपक्ष छग. विधानसभा डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू की उपस्थिति में प्रत्यक्ष रूप से पदाधिकारी एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से चुनाव परिणाम के संबंध में समीक्षा की। इस दौरान दोनों लोकसभा के प्रत्याशी, बस्तर एवं कांकेर लोकसभा के आने वाले सभी कांग्रेस विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगरीय निकाय के अध्यक्ष, पीसीसी एवं ब्लाक पदाधिकारियों ने अपना-अपना अभिमत दिया। किसी ने किस्मत का खोट को किसी ने देर से प्रत्याशी घोषित होने की दलील दी। इस संबंध में सह समीक्षा प्रभारी हरिश चौधरी ने कहा कि सभी प्रमुख लोगों से चुनाव परिणाम के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। कांकेर लोकसभा प्रत्याशी रहे बीरेश ठाकुर और बस्तर लोकसभा के प्रत्याशी कवासी लखमा ने भी चुनाव परिणाम पर सभी तथ्यों पर अपनी बात सह प्रभारी समीक्षा समिति के समक्ष रखा। बंद कमरे में पदाधिकारियों और नेताओं की चर्चा किया गया। समिति अपनी रिपोर्ट अखिल भारतीय कमेटी के अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे को सौंपेगी।

### बंद कमरे में की चर्चा, बोले-यह रिपोर्ट गोपनीय, पार्टी अध्यक्ष को मिलेगी

इस दौरान प्रमुख रूप से राजेश तिवारी, मोहन मरकाम, लखेश्वर बघेल, विक्रम मंडावी, चंदन कश्यप, शंकर ध्रुवा, लेखचन्द्र जैन, गंगा पोटाई, अनिला भेड़िया, सावित्री मण्डावी, संगीता सिन्हा, अम्बिका मरकाम, देवती कर्मा, चंदन कश्यप, शरद लोहाना लोहाना, सुभद्रा सलाम, नरेश ठाकुर, रजमन बेजाम, चन्द्रप्रभा सुधाकर, रवि घोस, अमीन मेमन, सरोज ठाकुर, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, जनकनंदन कश्यप, कृष्णा दुबे, बसंत यादव, विजय ठाकुर, हेमंत ध्रुव, तुलिका कर्मा, रीना रावतिया, सुनील पाढ़ी, विकास चौपड़ा, अवधेश सिंह गौतम, कविता साहू, लता निषाद, चम्पा ठाकुर, सुशील मौर्य, नवली मीना मण्डावी, करण देव, विमल खुराना, मेहमुद अली, सुनील गोस्वामी, मनोज जैन, नरेन्द्र यादव, रूपसिंह पोटाई, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद थे।

# कोयलीबेड़ा पुलिस ने दी नए कानून के संबंध में जानकारी



अमन पथ न्यूज

**कोयलीबेड़ा।** थाना कोयलीबेड़ा में वरिष्ठ अधिकारियों पुलिस की पर्यवेक्षण में निरीक्षक मालिक राम थाना प्रभारी कोयलीबेड़ा के नेतृत्व पर एक जुलाई 2024 से लागू हए नवीन कानून संहिताओं के संबंध में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में किए गए बदलाव के बारे में जानकारी दी। संशोधन के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पूर्व के अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानून भादवि के 511 धाराओं में बदलाव किया गया है। नया 1 जुलाई 2024 से लागू हो गया। भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराओं एवं 23 अध्याय के स्थान पर 20 अध्याय का समावेश किया गया है, उसके मुख्य उद्देश्य आम जनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करने के संबंध तथा अपराधियों के लिए नए कानून में गंभीर सजा एवं समाज को अपराध मुक्त बनाने के लिए कड़े प्रावधानो की जानकारी दिया गया। उक्त परिचर्चा में यह भी बताया गया कि किसी भी मामले में अब सभी रिकार्ड ऑनलाईन और कम्प्यूटरीकृत हो रहे हैं। नए कानून में वह सब सुविधा लोगों को उपलब्ध होगी, जिससे आम जनता को उनके अधिकार, न्याय और निर्णय शीघ्र मिलेगा। उक्त कानून में विशेष तौर पर महिला एवं बच्चों के उपर घटित अपराधों एवं अत्याचारों के विषय एवं उनके लिए बनाए गए प्रावधानों एवं कानून के संबंध में जानकारी दिया गया। नवीन कानून पर परिचर्चा दंड प्रक्रिया संहिता से न्याय संहिता पर किया। इस दौरान उदनपुर स्कूल के शिक्षक दिनेश्वर बघेल, जनप्रतिनिधि बसंत ध्रुव, मोहन हुपेंडी, पीलूराम उसेंडी, मनेश दर्रो, पुनारो बघेल, पांडेराम सलाम, जागेश्वर पुजारी, रामकुमार आचला, मुकेश सहारे, अजय साहू एवं पत्रकारगणों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थित थे।

# चारामा क्षेत्र रेत की लूट बढ़ा रही संघर्ष बीती रात भी ग्रामीणों से हो गया विवाद

अमन पथ लगातार

अमन पथ न्यूज


भाजपा सरकार में सरकारी तंत्र
में करोड़ों की रेत की हो रही
भाजपा सरकार में रेत की हो रही
के जनप्रतिनिधि समेत सभी तंत्र
नए कलेक्टर के आते ही महान
पर डाका डालना शुरू किए खन



**कांकेर।** चारामा क्षेत्र रेत की लूट संघर्ष बढ़ा सकती है। बीती रात एक बार फिर रेत खनन माफियाओं और ग्रामीणों के बीच तू-तू मैं-मैं हो गया। एक-दूसरे को देख लेने की चुनौती देने की बात भी सामने आ रही है। समय रहते शासन-प्रशासन चारामा क्षेत्र में रेत की लूट पर विराम नहीं लगाया तो यहां पर बवाल हो सकता है। चारामा क्षेत्र में रेत की लूट के पीछे भाजपा के कुछ नेताओं का हाथ बताया जा रहा है।

प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी चारामा क्षेत्र में रेत की लूट का सभी रिकार्ड टूट गया है। बीती रात चारामा के भिरौद रेत खदान से आधी रात रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन की सूचना पर ग्रामीण सड़क पर आ गए। रात में मीडिया भी पहुंचा तो खनन माफिया गुंडागर्दी पर उतर आए। ग्रामीणों के साथ विवाद करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने कुछ गाड़ियों का पंचनामा बनाया और पुलिस को सौंप दिया। इस तरह रेत की लूट भाजपा सरकार में हो रही है। वैसे देखा जाए तो रेत खनन माफिया नियम कानून को ताक पर रख दिए हैं। चारामा क्षेत्र हर रेत खदान में किसी न किसी भाजपा नेता का सरंक्षण बताया जा रहा है। वैसे एक रेत खदान से एक रात में 10 लाख की लूट के पीछे का तार धमतरी होते हुए ऊपर तक जुड़ा बताया जा रहा है। सबसे अधिक भाजपा युवा मोर्च के पदाधिकारियों की रेत की लूट में संलिप्ता है। रेत की लूट में कांकेर के कुछ भाजपा नेताओं का भी शेयर बंध गया है। इस शेयर का खुलासा नगर पालिका चुनाव में होगा। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा कि क्या रेत की लूट प्रशासन को नहीं दिख रही है। बताया जा रहा कि रेत की लूट जब तत्कालीन कलेक्टर अभिजीत सिंह ने नहीं होने दी तो सफेदपोश खनन माफियाओं ने लोकसभा चुनाव की मतगणना होते ही स्थानांतरण करा दिया। नए कलेक्टर को कांकेर की कमान मिली तो रेत की लूट यहां तेज कर दिया गया। भाजपा के एक नेता से अमन पथ की टीम ने बातचीत में कहा मैं तो इस लूट में शामिल नहीं हूं, लेकिन कुछ साथी चला रहे हैं। क्या साथियों ने संपर्क नहीं किया? अगर नहीं किया तो मैं बोल देता हूं। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा कि क्या भाजपा के कुछ पदाधिकारी रेत की लूट के लिए पार्टी में काम कर रहे हैं और क्या रेत की लूट का पैसा कुछ लोगों को बंट रहा है। ग्रामीणों ने चार हाइवा और एक चैन माउंटेन की चाबी खनिज विभाग के कर्मचारियों को सौंप दी।

### चारामा एसडीएम नहीं लगा रहे रोक

चारामा क्षेत्र रेत की लूट बंद कराने की जिम्मेदारी एसडीएम की है। वैसे भिरौद की रेत खदान की देखरेख भी एसडीएम राहुल कुमार रजक की ही है। कलेक्टर ने रेत के अवैध उत्खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने की जिम्मेदारी एसडीएम को दी है। चारामा एसडीएम रेत के अवैध खनन पर रोक नहीं लगा रहे हैं। वैसे चारामा एसडीएम का विवादों से पुराना नाता रहा है। चारामा एसडीएम का पखांजूर विवाद काफी दिनों तक सुर्खिया में बना रहा तो उसकी जांच हो रही है।

# गढ़चिरौली के प्रोफेसर-शोधार्थियों ने सुलंगी गांव का किया दौरा



अमन पथ न्यूज

**कोयलीबेड़ा।** गोंड़वाना यूनिवर्सिटी गढ़चिरौली के प्रोफेसर व शोधार्थी सुलंगी पहुंचे जहां गोंड़ एवं माड़िया समुदायों के गोटूल संस्थान के मौखिक इतिहास (महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़) विषय पर शोध संचालन विषय रहा। सुलंगी में संचालित आदिम ज्ञान बोध संस्कार शिक्षा केन्द्र गोटूल विद्यालय में उन्होंने विभिन्न जानकारियां हासिल की व अंचल के बुद्धिजीवीयों से चर्चा परिचर्चा कर अपने शोध को आगे बढ़ाने की बात कही। इस दौरान शोध संचालन में सहयोग के लिए गोंडी भाषाचार्य एवं पर्यावरणविद तिरुमाल शेर सिंह आचला शोध एवं अध्ययन संस्था दमकसा, डॉ नरेश मड़ावी परियोजना निदेशक, डॉ संतोष सुरडकर परियोजना सह निर्देशक, महेंद्र उसेण्डी अनुसंधान सहायक, ग्राम सुलंगी के प्रबुद्धजन एवं गोंडी के जानकार उपस्थित थे।

# दुर्गूकोंदल में प्यून बना ठेकेदार

अमन पथ न्यूज



**दुर्गूकोंदल।** ग्राम पंचायत खुटगांव में मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य छः माह से अधूरा है। सरपंच-सचिव ने सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को बालक माध्यमिक शाला दुर्गूकोंदल के प्यून रमेश दुग्गा को ठेके पर दे दिया है।

प्यून रमेश दुग्गा निर्माण कार्य की दूसरी किश्त जारी नहीं करने से अधूरा छोड़ दिया है। इधर पंचायत खुटगांव के सचिव सरपंच अधूरा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को पूरा कराने ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल से 100 मीटर दूरी पर स्थित अधूरे भवन की निरीक्षण करना सीईओ और इंजीनियर उचित नहीं समझ रहे हैं। इस कारण सचिव सरपंच मनमर्जी और ठेकेदार बालक माध्यमिक शाला दुर्गूकोंदल के प्यून रमेश दुग्गा का हौसला बुलंद है। जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल से 100मीटर दूरी पर उन्मुक्त खेल मैदान दुर्गूकोंदल में मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना से 6.50 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन की स्वीकृति दी गई है। लेकिन यह सामुदायिक भवन निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। 100मीटर दूरी में स्थित अधूरे भवन निर्माण कार्य को पूर्ण कराने में भी सीईओ, इंजीनियर सामने नहीं आ रहे हैं। इस कारण भवन निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। न ही बच्चों के लिए कोई काम आ रही है। भवन निर्माण कार्य में गुणवत्ता को दर किनार किया गया है। इंजीनियर सीईओ ध्यान नहीं दे रहे हैं। भवन निर्माण कार्य स्थल पर बोर्ड भी नहीं लगाया गया है।

# नए कानून में शादी का वादा कर धोखा देने के मामले में 10 साल तक की जेल

अमन पथ न्यूज



**दुर्गूकोंदल।** तीन आपराधिक कानून-भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता एक जुलाई यानी सोमवार से देश में हो लागू हो गई। उक्त भारतीय दंड संहिता 1860, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह ले चुके हैं।

उक्त बातें प्रशांत पैकरा एसडीओपी भानुप्रतापपुर, उमाकान्त जायसवाल तहसीलदार, योगेश सोनी टीआई, पार्वती सोरी सरपंच ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल, शकुंतला नरेटी उपाध्यक्ष महिला मोर्चा बीजेपी, रीना नरेटी सरपंच ग्राम पंचायत खुटगांव की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों, व्यवसायियों, शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षकों, विद्यार्थियों की उपस्थिति में दी। एक दिवसीय नवीन आपराधिक विधि संग्रह के संबंध में कार्यक्रम किया गया। पैकरा ने कहा कि नए भारतीय न्याय संहिता में नए धराओं को शामिल किया गया है। जैसे- शादी का वादा कर धोखा देने के मामले में 10 साल तक की जेल। नस्ल, जाति-समुदाय, लिंग के आधार पर मॉब लिंचिंग के मामले में आजीवन कारावास की सजा, छिनैती के लिए तीन साल तक की जेल, यूएपीए जैसे आतंकवाद-रोधी कानूनों को भी इसमें शामिल किया गया है। एफआईआर, जांच और सुनवाई के लिए अनिवार्य समय-सीमा तय की गई है। अब सुनवाई के 45 दिनों के भीतर फैसला देना होगा। शिकायत के तीन दिन के भीतर एफआईआर दर्ज करनी होगी। एफआईआर अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) के माध्यम से दर्ज की जाएगी। ये प्रोग्राम राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के तहत काम करता है। सीसीटीएनएस में एक-एक बेहतर अपग्रेड किया गया है, जिससे लोग बिना पुलिस स्टेशन गए ऑनलाइन ही ई-एफआईआर दर्ज करा सकेंगे। जीरो एफआईआर किसी भी पुलिस स्टेशन में दर्ज हो सकेगी, चाहे अपराध उस थाने के अधिकार क्षेत्र में आता हो या नहीं। पहले केवल 15 दिन की पुलिस रिमांड दी जा सकती थी अब 60 या 90 दिन तक दी जा सकती है। भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाली हरकतों को एक नए अपराध की श्रेणी में डाला गया है। तकनीकी रूप से राजद्रोह को आईपीसी से हटा दिया गया है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने भी रोक लगा दी थी, यह नया प्रावधान जोड़ा गया है।

कानून

# देशभर में तीन नए कानून हो गए लागू, दी जा रही जानकारी

अमन पथ न्यूज



**पखांजूर।** देश में तीन नए कानून आज से लागू हो गए। इस ऐतिहासिक दिन को पखांजूर थाने में उत्साह के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर पखांजूर थाने को फूलों से सजाया गया था। नए कानूनों के संबंध में परिचर्चा का भी आयोजन कर लोगों को इसके प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर लोगों को लागू हुए नए कानूनों के संबंध में जानकारी दी। लोगों के प्रश्नों के जवाव भी दिए गए।

देशभर में तीन नए कानून लागू हो गए। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने वाले आज के एतिहासिक दिन को पखांजूर थाना में उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पखांजूर थाना का फूलों से सजाया गया था। लोगों के साथ नए कानून पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर प्रशांत शुक्ला ने लोगों को नए कानूनों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि देशभर में लागू हुए नए कानून अब दंड संहिता से न्याय संहिता की ओर ले जाएगा। पूर्व के कानूनों को अंग्रेजों द्वारा बनाया गया था और पूरा कानून ही अंग्रेजी मानसिकता पर आधारित था। नया कानून देश के लोगों के अनरूप बना है। इन कानूनों का उद्देश्य लोगों को दंड देना नहीं न्याय देना है। इन कानूनों में सभी वर्ग को एकरूपता मिलेगी। नया कानून नागरिकों को अधिक अधिकार देने के साथ पुलिस और न्यायपालिका को अधिक जवावदेय बना रहा है। इन कानूनों में लोग बिना थाने आए ई-एफआईआर दर्ज करा सकते हैं। कोई भी मामला दर्ज होते ही उस मामले पर न्यायालय का निर्णय आने तक पोर्टल के माध्यम से मोंटरिंग भी कर सकते हैं। महिला अपराध में अब महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। अपराध से अगर महिला को कोई शारीरिक नुकसान होता है।

### सहमती के बिना फोटो खिंचे तो छेड़खानी

पखांजूर एसडीओपी रविकुमार कुजूर ने बताया कि महिला अपराधों में अब महिलाओं पर भी छेड़खानी का मामला दर्ज हो सकता है। पहले किसी महिला की सहमती के बैगैर कोई परुष फोटो खिंचे तो उस पर छेड़खानी का मामला दर्ज हो सकता था, अब नए कानून में कोई महिला भी अगर महिला की सहमती के बगैर फोटों खिंचती है तो उस पर भी छेड़खानी का मामला दर्ज हो सकता है। उन्होंने बताया कि महिला अपराध से जुड़े मामले में न्यायपालिका को भी जवावदेय बनाया गया है। उन्हें समय सीमा के अंदर ही फैसला सुनाना होगा। इस अवसर पर पखांजूर थाना प्रभारी लक्ष्मण केंवट पुलिस स्टॉफ नगर पंचायत अध्यक्ष मोनिका साहा सहित अन्य नगरवासी उपस्थित थे।

# पीडीएस संचालकों ने मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अमन पथ न्यूज



**पखांजूर।** शासकीय उचित मूल्य दुकानों का संचालन करने वाले विक्रेताओं ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर को ज्ञापन सौंपा। पखांजूर स्थित बेयर हाउस से कम मात्रा में राशन दिए जाने की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन देने पहुंचे विक्रेता संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि पखांजूर स्थित बेयर हाउस में लगा धर्मकांटा गत तीन माह से खराब पढ़ा है। इस दौरान बेयर हाउस प्रभारी और पदस्थ चपरासी द्वारा चावल प्रति बोरा 50 किलो चार सौ ग्राम के हिसाब से दुकानों में भेजा जा रहा है। सभी बोरों में एक से दो किलो तक चावल कम आ रहा है। बोरे भी फटे आ रहे हैं। बोरा फटा होने से संदेह हो रहा कि चावल निकाल लिया जाता है। कम मात्रा में राशन मिलने से सभी राशन दुकानों में शार्टेज आ रहा है जिस कारण राशन दुकान संचाकल परेशान हैं। विक्रेता संघ के ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश साहा ने बताया कि बेयर हाउस से दिए जाने वाले खाद्यान शत प्रतिशत तौल कर नहीं दिया जाता है। इस कारण बड़ी मात्रा में दुकानों में शार्टेज आ रहा है। बेयर हाउस में लगा इलेक्ट्रानिक तराजू में खराबी है। इस कारण तौल गलत हो रही है। ब्लाक सचित सुमंत दास, पंकज व्यापारी, सुबीर पाल, गोपाल दास, सांटी वैद्य, निताई सिकदार, प्रवीर साहा, यशोधर सरकार, निर्मल विश्वास, शत्रुघन सिन्हा, ध्रुव दास, विपुल हीरा, सरोजीत सरदार आदि ने इस गड़बड़ी को ठीक करने और बेयर हाउस प्रभारी पर कार्यवाही की मांग की है।

# नए कानूनों के लागू होने पर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जताई खुशी

### कानून भारतीय न्याय प्रणाली में एक नई क्रांति लाएगा: शर्मा

अमन पथ न्यूज

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा में देश में तीन आपराधिक कानूनों के लागू होने पर उत्सव मनाया एवं सहसपुर लोहारा में नवीन पुलिस थाना भवन का लोकार्पण भी किया। नए कानूनों के लागू होने पर उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि कानून भारतीय न्याय प्रणाली में एक नई क्रांति लाएगा। इससे न केवल अपराधों की जांच में तेजी आएगी बल्कि दोषियों को जल्द से जल्द सजा भी मिल सकेगी। नए कानूनों के माध्यम से आम नागरिकों को न्याय पाना और भी आसान होगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा में सुधार लाना है। इसके तहत नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है, जिससे कानून का पालन करना और उसकी रक्षा करना आसान होगा। भारतीय न्याय संहिता का मुख्य उद्देश्य न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना है ताकि नागरिकों को त्वरित न्याय मिल सके। इससे मामलों की सुनवाई में तेजी आएगी और न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या कम होगी। उप मुख्यमंत्री ने इस दौरान आज से लागू होने वाले तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सरल करने के लिए लाया गया है। नये तीनों कानून, न्याय और नागरिक सुरक्षा के लिए लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि नये कानून के साथ हम सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेगे तो ज्यादा बेहतर काम कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यतः पुराने कानून ब्रिटिश काल से चले आ रहे थे। जिसे प्रासंगिक बनाने के लिए एवं निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का समाधान करने के लिए परिवर्तन किया गया है। इस बदलाव से अपराधियों के खिलाफ एफआईआर करने में दिक्कत नहीं होगी तथा गंभीर अपराधियों को प्रक्रिया का पालन कराते हुए कड़ी कार्रवाई की जा सकेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सहसपुर लोहारा का नया थाना भवन क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस भवन से पुलिस बल को अपने कार्यों को और अधिक प्रभावी तरीके से संपन्न करने में सहायता मिलेगी। इस तरह के प्रयास स्थानीय निवासियों के बीच सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देते हैं और सरकार की कानून और व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शातें हैं।



# केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री से मंत्री राजवाड़े ने की सौजन्य मुलाकात



अमन पथ न्यूज

**रायपुर।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी से छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने नई दिल्ली में की सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि अब डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ में महिला एवं बाल विकास के कार्यक्रमों के लिए किसी भी प्रकार की कमी नहीं होगी। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने उन्हें लोकसभा में सांसद के रूप में शपथ लेने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही छत्तीसगढ़ में महिलाओं के और बच्चों के लिए संचालित किए जा रहें कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर चर्चा भी की। इस मौके पर उन्होंने छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही महतारी वंदन योजना की जानकारी दी।

# गायत्रीनगर जगन्नाथ मंदिर में 7 को रथयात्रा, चल रही भव्य तैयारी

### ■ धार्मिक आस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव का प्रतीक है यह पर्व : पुरंदर

अमन पथ न्यूज

**रायपुर।** हमारी धार्मिक आस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव का प्रतीक है रथयात्रा जो कि इस साल आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया अर्थात 7 जुलाई, रविवार को छत्तीसगढ़ में भी मनाया जायेगा। भक्त मक्त और भगवान के सीधे संवाद का दूसरा नाम है रथयात्रा। यह ऐतिहासिक व पारंपरिक पर्व है, जो सीधे भक्त को भगवान से जोड़ता है, जो न केवल छत्तीसगढ़ एवं ओडीशा राज्य की भावनाओं को आपस में जोडती है अपितु इन दोनों राज्यों के बीच आपसी भाईचारा एवं प्रेम बन्धुत्व की भावनाओं को आज के इस आधुनिक युग में भी जीवन्त बनाए हुए हैं। गायत्रीनगर जगन्नाथमंदिर में रथयात्रा की भव्य तैयारी चल रही है। विशिष्टजन इस बार भी शामिल होंगे। उक्ताशय की जानकारी पत्रकारों को देते हुए श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं विधायक पुरन्दर मिश्रा ने बताया कि समूचे



ब्रम्हाण्ड में एकमात्र श्री जगन्नाथ महाप्रभु ही ऐसे भगवान हैं, जो वर्ष में एक बार बाहर आकर अपने भक्तों को दर्शन देते हैं, और प्रसाद के रूप में अपना आशीर्वाद प्रदान करते हैं। केवल पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में जगन्नाथ जी, बलभद्र जी एवं सुभद्रा जी के लिए तीन अलग अलग रथ बनाए जाते हैं, उसके बाद यह गौरव छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी रायपुर को प्राप्त है। छत्तीसगढ़ में आज भी ऐसे लाखों लोग हैं, जो किसी कारणवश पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मन्दिर के दर्शन नहीं कर पा रहे हैं, ऐसे भक्तजनों के लिए स्थयात्रा एक ऐसा स्वर्णिम अवसर रहता है जब भक्त और भगवान के बीच की दूरियां कम हो जाती है। रथयात्रा के दिन श्री जगन्नाथ मन्दिर गायत्री नगर में 11 पन्डितों द्वारा जगन्नाथ जी का विशेष अभिषेक, पूजा एवं हवन करते हुए रक्त चंदन, केसर, गोचरण, कस्तुरी एवं कपूर स्नान के पश्चात भगवान को गजामूंग का भोग लगाया जाता है। श्री जगन्नाथ जी बारह महीने में तेरह यात्रा करते हैं, केवल चार यात्राएं क्रमशः स्नान पूर्णिमा, नेत्रोत्सव या चन्दन यात्रा, रथयात्रा तथा बाहुड़ा यात्रा में श्री मन्दिर से बाहर निकलकर भक्तों के साथ यात्रा करते हैं। गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में रथयात्रा के अवसर पर राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन ,मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ0 रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री द्वय विजय शर्मा एवं अरूण साव समेत और भी विशिष्टजन शामिल होंगे।

# स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार से संस्थागत प्रसव को मिल रहा है बढ़ावा

अमन पथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है। इससे संस्थागत प्रसव को काफी बढ़ावा मिल रहा है। बलौदाबाजार जिले में कसडोल विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटगी तथा पलारी विकासखंड के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर सलोनी संस्थागत प्रसव में जिले भर में अव्वल रहा है। पिछले अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक कटगी ने 120 वार्षिक लक्ष्य की तुलना में 488 प्रसव कराएं हैं वहीं सलोनी में 36 प्रसव सालाना के लक्ष्य की तुलना में एक वर्ष में 178 प्रसव हुए हैं। यह सभी प्रसव सामान्य हैं। संस्थागत प्रसव के नियम अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को 10 प्रसव एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को 3 प्रसव औसतन प्रतिमाह करना होता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी के लिए संस्थागत प्रसव सरकार की प्राथमिकता है। शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गर्भ धारण करने से लेकर प्रसव के पश्चात की सभी सेवाएं महिला को दी जाती हैं। इसमें प्रसव के बाद घर तक छोड ? हेतु परिवहन की व्यवस्था के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में जननी सुरक्षा योजना के जरिये 14 सौ की राशि दी जाती है,आवश्यक दवाई और जाँच भी फ्री रहती है। डॉ शशि जायसवाल नोडल अधिकारी मातृ स्वास्थ्य के अनुसार संस्थागत प्रसव कई प्रकार के संक्रमण जोखिम से बचाता है। कुशल स्टाफ की देखरेख में हुए प्रसव से जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ रहते हैं। कसडोल के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रविशंकर अजगल्ले ने बताया की कटगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 15 से 20 किलोमीटर के दायरे के गांव के लोग प्रसव के लिए आते हैं इसके साथ-साथ सीमावर्ती जिले बिलासपुर,जांजगीर, सारंगढ़ - बिलाईगढ़ के लोग भी सुविधा को देखकर इधर आते हैं।

### प्रदेश में 1 से 3 तक कार्डधारियों को नहीं मिलेगा राशन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जुलाई के पहले सप्ताह में 3 दिन तक कार्डधारियों को उचित मूल्य की राशन दुकानों में खाद्यान्न नहीं मिलेगा. विभागीय डाटाबेस को नए क्लाउड सर्वर पर स्थानांतरित करने का कार्य 1 से 3 जुलाई तक किया जाएगा। इसके कारण तीन दिन तक प्रदेशभर की राशन दुकानों भी बंद रखी जाएंगी। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संरक्षण विभाग के अपर सचिव ने इस संबंध में 28 जून को आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत प्रदेश के सभी कलेक्टरों को विभागीय डाटाबेस को नवीन क्लाउड सर्वर पर स्थानांतरित किए जाने की जानकारी दी गई है।

# मॉडल ब्लड बैंक सेंटर रायपुर और निरंकारी मंडल राजिम के सहयोग से आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

अमन पथ न्यूज

**रायपुर।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं निरंकारी मंडल राजिम द्वारा सिंधी धर्मशाला, गंज रोड, गोबरा नवापारा, राजिम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रक्तदाताओं ने 77 यूनिट रक्तदान किया। निरंकारी मंडल की तरफ से कैंप का कार्यभार गुरबक्श कालरा ने और मॉडल ब्लड बैंक सेंटर की तरफ से डॉ. अविरल मिश्रा ने संभाला। मॉडल ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. विजय कापसे के मार्गदर्शन में यह



कार्यक्रम संपन्न हुआ। मॉडल ब्लड बैंक सेंटर रायपुर के रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. अमित, डॉ. रूपेश, डॉ. रितिक, डॉ. रुद्र, मनोज, झूल सिंह, भूमिका, शोभाराम, राकेश बंजारे, राकेश शर्मा, करिश्मा भावना और मुकेश शामिल थे। सभी के विशेष सहयोग से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन हुआ।

# वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी की पहल पर 17 महाविद्यालयों के लिए 80 करोड़ स्वीकृत

### 17 महाविद्यालयों के लिए 80 करोड़ स्वीकृत

अमन पथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने राज्य के उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने राज्य के 17 महाविद्यालयों के लिए 79 करोड़ 19 लाख की राशि स्वीकृत की है। यह निर्णय शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता और प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, इससे राज्य के महाविद्यालयों में शिक्षा और अनुसंधान क्षमताओं में सुधार करने का अवसर मिलेगा। इस राशि का उपयोग शिक्षा सेवाओं के विस्तार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए किया जायेगा। राज्य के युवाओं को नवीनतम, उन्नत और विशेषज्ञता प्राप्त करने के भी अवसर मिलेंगे। वित्त मंत्री श्री चौधरी के इस कदम से स्पष्ट है कि वे शिक्षा के माध्यम से राज्य के युवाओं के कैरियर में सुधार और प्रगति को बढ़ावा देने के पक्षधर



हैं। उन्होंने शिक्षा में गुणवत्ता, समानता और सुविधाओं के स्तर में सुधार करने का संकल्प लिया है, जो राज्य के युवाओं के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल बस्तर, सरगुजा सहित मैदानी इलाकों के महाविद्यालयों के लिए राशि मंजूर की गई है। इसमें शासकीय महाविद्यालय समोदा (रायपुर), शासकीय महाविद्यालय मोपका-निपनिया (बलौदाबाजार-भाटापारा) शामिल है। इसी प्रकार शासकीय महाविद्यालय पिरदा (महासमुंद), शासकीय महाविद्यालय ठेलकाडीह (राजनांदगांव), शासकीय महाविद्यालय बरमकेला (रायगढ़), शासकीय महाविद्यालय नगरदा (जांजगीर-चांपा), शासकीय महाविद्यालय सकरी (बिलासपुर), शासकीय महाविद्यालय सारागांव (जांजगीर-चांपा), शासकीय महाविद्यालय बासीन (बालोद) सहित अन्य महाविद्यालयों के लिए राशि स्वीकृत की गई शामिल है।

# 30 दिन दिवसीय मेंहदी प्राक्षिक्षण समर कैम्प का समापन

अमन पथ न्यूज

**रायपुर।** पंडरी स्थित NS makeup and academy में कैम्प 30 दिवसीय मेहंदी प्रशिक्षण समर कैम्प रखा गया। जिसमे श्री गणेश मेहंदी आर्ट के द्वारा Basic to Advanced level की मेहंदी डिजाइन और उसकी बारिकियों का प्रशिक्षण दिया गया।

जिसमे रायपुर के काफी मेहंदी आर्टिस्ट ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई और जिसमें छात्रों ने मेहंदी की काफी बारिकियां सिखी जैसे ब्राइडल, पोट्रेट, और



अरेबिक मेहंदी डिजाइन बनाई। स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ-साथ छात्रों को सर्टिफिकेट दिया गया।

# प्रदीप्त कुमार मिश्रा ने क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक का पदभार संभाला

अमन पथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदीप्त कुमार मिश्रा ने 01 जुलाई, 2024 को एनटीपीसी नवा रायपुर के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पश्चिमी क्षेत्र-।। और यूएसएससी) का पदभार संभाला। इससे पहले, मिश्रा एनटीपीसी केन्द्रीय कार्यालय में कार्यकारी निदेशक (ईंधन प्रबंधन) के रूप में पदस्थ थे। वीएसएसयूटी (यूसीई), बुर्ला से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, श्री मिश्रा 1986 में एक कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में एनटीपीसी में शामिल हुए। अपने श्रेय के लिए, श्री मिश्रा ने पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय से मैकेनिकल



इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। उनके पास विद्युत रखरखाव, तकनीकी सेवाओं, रखरखाव, प्रचालन और रखरखाव और ईंधन प्रबंधन के क्षेत्रों में समृद्ध और विविध अनुभव है। उन्होंने लगभग 38 वर्षों के करियर में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया।

# ब्रह्मभट्ट समाज ने नियमित सम्मेलन कराने का लिया निर्णय



अमन पथ न्यूज

**रायपुर।** ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज की बैठक रविवार को पंडरी स्थिति शिवमंदिर में संपन्न हुई। जिसमें समाज को करोना काल के बाद आए गतिरोध को दूर कर पुनः सक्रिय करने और सम्मेलन कराने के लिए आवश्यक तैयारी करने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि समाज के वयोवृद्ध सदस्य तथा छत्तीसगढ़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बंशीलाल शर्मा जी के स्वर्गवास के बाद और करोना काल में आई निष्क्रियता के चलते समाज की नियमित बैठके बंद थी। उसे फिर से नियमित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में ,समाज के वरिष्ठ सदस्य भवानी शंकर शर्मा, अध्यक्ष राजकिशोर भट्ट, नितिन शर्मा, राजेश शर्मा, अशोक भट्ट धमतरी, रमेशचंद्र शर्मा, एचएल ब्रह्मभट्ट, विनोद कुमार शर्मा, डॉ. ज्योति भट्ट, अमित शर्मा, संतोष कुमार शर्मा, रविकांत शर्मा व प्रमोद ब्रह्मभट्ट उपस्थित रहे।

### खाना बनाते महिला झुलसी, मौत

**रायपुर।** दो थाना क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। भिलाई-3 थाना क्षेत्र में गोबर के उपलों को जलाते समय महिला बुरी तरह झुलस गई। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं सुपेला थाना क्षेत्र में बीती रात शॉर्ट सर्किट से ऑटो पार्ट्स की दुकान में आग लगने से पूरा सामान जलकर राख हो गया।

# मानव उत्थान सेवा समिति निर्धन बच्चों के लिए जुटा रही स्टेशनरी

अमन पथ न्यूज

**रायपुर।** मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा मिशन एजुकेशन सेवा का कार्य पूरे भारत सहित विश्व के कई देशों में किया जाता है। संस्था द्वारा जरूरत मद गरीब बच्चों के लिए स्टेशनरी सामाग्री जैसे पेन कापी, पुस्तक काफी, रबर पेंसिल, सहित अन्य सामग्री इकठ्ठा कर सरकारी स्कूलों में जरूरत मद गरीब बच्चों को



वितरित किया जाता है । शाश्वत नगर बोरियां खुर्द में संस्था की स्टेट कार्डिनेटर श्रीमती सीमा गंजीर एवम् उनके टीम के द्वारा डोनेशन पेटी लगाया गया, कालोनी वासियों ने जरूरत मद गरीब बच्चों के लिए यथा संभव सहयोग किया सेवा कार्य में शाश्वत नगर विकास समिति के अध्यक्ष छोटेलाल साहू, सचिव अजित सिंह, उपाध्यक्ष राम विशाल साहू, एल. पी. दुबे, कल्याण दुबे, शरद गंजीर, येमलाल साहू, श्रीमती विजय लक्ष्मी साहू, सरिता साहू, धनेश्वरी रेंगे, सावित्री शुक्ला, विद्या चंद्राकार, शशि यादव, मालती चौहान, रमा साहू, ममता स्वर्णकार, पुष्पा ठाकरे, सुमन गुप्ता, माला साहू, सीमा साहू, रानी राजपूत, मंजूलता साहू, रामेश्वरी यादव, ममिता चौहान, रेणु दुबे, पूजा तिवारी, हेमलता सक्सेना, मीना चौहान, हर्षा साहू, उर्वशी गुप्ता, आदि दानदाताओं ने दान कर पुण्य के सहभागी बनें। कार्यक्रम के अंत में मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा शाश्वत नगर विकास समिति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया।

हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
संपर्क- शेखर गुप्ता मो. 93007-55544, 8878655544
D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर

स्वामी असमा पब्लिशर्स इंडिया प्रा. लि. रायपुर के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक राशिद जाफरी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्रा. लि. पी.एन.बी. के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492001 से मुद्रित कर प्रकाशित, * स्थानीय संपादक रमेश पाण्डेय। फोनः 0771-4017883, email: amanpathraipur@gmail.com